# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : सोमवार, 6 अप्रैल, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-50 ■ पृष्ठ -14 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व प्रधानमंत्री ओली और गृहमंत्री लेखक की पुलिस रिमांड 5 दिनों के लिए बढ़ी

**काठमांडू।** काठमांडू जिला अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और गृहमंत्री रमेश लेखक की पुलिस रिमांड पांच दिनों के लिए बढ़ा दी है। ये चौथी बार है, जब दोनों नेताओं की रिमांड बढ़ाई गई है। पिछले साल 8 और 9 सितंबर को हुए ह्यजेन-जीह्ल आंदोलन की जांच के सिलसिले में दोनों को 28 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। पहली बार 29 मार्च को पांच दिनों की रिमांड दी गई थी। उसके बाद दो बार दो-दो दिनों के लिए पुलिस हिरासत में भेजा गया था। इन गिरफ्तारियों का आधार मंत्रिपरिषद का वह निर्णय था, जिसमें पूर्व न्यायाधीश गौरीबहादुर कार्की के नेतृत्व में गठित आयोग की सिफारिशों को लागू करने का फैसला लिया गया था।

### धनबाद : ट्रैक्टर दुकान में घुसा, 5 को कुचला

**धनबाद।** जिले के पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र के फतेहपुर मोड़ पर रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे ने इलाके में सनसनी फैला दी। तेज रफ्तार और अनियंत्रित बालू लदे ट्रैक्टर ने सड़क किनारे स्थित एक दुकान में घुसकर वहां बैठे ०५ लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में सभी पांचों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनका इलाज नजदीकी निजी अस्पताल में जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों ग्रामीण अकबर के अनुसार, ट्रैक्टर पोखरिया की ओर से तेज रफ्तार में आ रहा था।

### कारों की हुई आमने-सामने टक्कर में दो की मौत, एक गंभीर

**बिजनौर।** जनपद बिजनौर के किरतपुर मार्ग पर गांव झालरा के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर देर रात दो कारों की आमने-सामने की हुई जोरदार टक्कर में दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी तथा घायलों को कार से बाहर निकलने का प्रयास भी किया। मृतकों की पहचान हर्ष चौधरी 32 वर्ष निवासी ग्राम फरीदपुर भोगी थाना थाना बिजनौर तथा मोहित 35 वर्ष के रूप में हुई है ।

### मुंबई से जैश के 2 आतंकी पकड़े गए

**मुंबई।** दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल और महाराष्ट्र ATSX ने मुंबई से जैश-ए-मोहम्मद के दो आतंकियों गिरफ्तार किया है। दोनों पर दिल्ली में आतंकी हमले की साजिश रचने का आरोप है। महाराष्ट्र ATSX ने रविवार को बताया कि दोनों आतंकी मोस्साब अहदम और मोहम्मद हमद कोल्लारा को शुक्रवार को अरेस्ट किया था। अब उन्हें दिल्ली पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। दोनों जैश के साथ इस्लामिक स्टेट से भी जुड़े थे।

## वाल्मीकिनगर ईको पर्यटक स्थल के रूप में विकसित होगा : नीतीश

### सीएम ने पश्चिम चम्पारण में विभिन्न योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास



**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को पश्चिम चम्पारण जिले के वाल्मीकिनगर में विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। साथ ही कई विकास कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया।

सीएम ने वाल्मीकिनगर के दोन नहर शाखा सेवा पथ के पुनर्स्थापन कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि दोन नहर शाखा सेवा पथ के पुनर्स्थापन का कार्य लगभग 80 प्रतिशत पूरा हो गया है। नहर के तटबंध पर बने सड़क का पक्कीकरण कराया गया है। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि इसे जल्द पूर्ण करें। सिंचाई हेतु यह नहर काफी उपयोगी है। इस नहर से बड़ी संख्या में किसानों को लाभ होगा। सरकार किसानों के हित में लगातार काम कर रही है। वहीं सीएम ने गंडक बांध जलाशय के सामने लव-कुश ईको टुरिज्म पार्क के निर्माण कार्य का जायजा लिया और वहां उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। साइट प्लान के माध्यम से अधिकारियों ने लव-कुश ईको टुरिज्म पार्क में निर्माण कराये जा रहे विभिन्न भागों के संबंध में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने जल संसाधन विभाग के अतिथि भवन तथा वाल्मीकिनगर ईको पार्क का भी भ्रमण किया। मुख्यमंत्री ने गंडक बराज पहुंचकर वहां की स्थिति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने वाल्मीकि सभागार परिसर से ईको पर्यटन केन्द्र-वाल्मीकिनगर, प्रमण्डल-2, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने गिद्ध संरक्षण केन्द्र, गोनौली एवं चिउटाहां का उद्घाटन किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने जंगल सफारी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे यहां आने वाले पर्यटकों को जंगल भ्रमण में काफी सुविधा होगी। वाल्मीकिनगर को ईको पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री विजय कुमार चौधरी, सांसद सुनील कुमार, विधायक नंदकिशोर राम, श्रीराम सिंह, विनय बिहारी, सिमृद्ध वर्मा, विधान पार्षद भीष्म सहनी, पूर्व विधायक धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर, जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## आज से सरकारी स्कूलों में 6.30 से 12.30 बजे तक चलेगी कक्षा

### भीषण गर्मी को देखते हुए शिक्षा विभाग ने जारी किया फरमान



**पटना (एनएसबी)।** बिहार में गर्मी दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। तेज धूप के कारण तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच चुका है। लगातार बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। शिक्षा विभाग के मुताबिक, राज्य के सभी सरकारी स्कूल सुबह 6:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक संचालित होगी।

**मौसम विभाग ने पूरे राज्य में 6 अप्रैल से आंधी-बारिश का यलो अलर्ट जारी किया**

लया समय 31 मई तक गर्मी की छुट्टियों से पहले तक लागू रहेगी। इधर, मौसम विभाग ने 6 अप्रैल से 12 जिलों में आंधी-बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में बिजली गिरने की आशंका है। साथ ही 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। नई समय-सारणी के तहत सुबह 6:30 बजे स्कूल खुलेगा। पहले आधे घंटे प्रार्थना और अन्य गतिविधियां होंगी। इसके बाद 7 बजे से क्लास शुरू हो जाएगी। कुल सात पीरियड चलेंगे। हर पीरियड 40 मिनट का होगा। दोपहर 12:20 बजे तक बच्चों की छुट्टी हो जाएगी। इसके बाद 10 मिनट तक शिक्षकों की समीक्षा बैठक होगी। मिड-डे मिल को लेकर भी विभाग ने लचीलापन दिया है। जिन स्कूलों में बच्चों की संख्या ज्यादा है। वहां एक साथ भोजन कराना जरूरी नहीं है। ऐसे स्कूलों में दो चरणों में मिड-डे मील कराया जा सकेगा। आधे बच्चे मध्यांतर में खाना खाएंगे, जबकि बाकी को तीसरी या चौथी घंटी में भोजन मिलेगा। इस दौरान बाकी बच्चों की पढ़ाई जारी रहेगी।

## दानापुर में कस्टम अधिकारी बनकर 17 किलो सोना लूटे



**पटना/दानापुर (एनएसबी)।** राजधानी के खगौल थाना क्षेत्र में शनिवार को कस्टम अधिकारी बनकर अपराधियों ने गुजरात के कारोबारी के स्टाफ से 17 किलो सोने की लूट की वारदात को अंजाम दिया। गुजरात के कारोबारी के स्टाफ और राजकोट के रहने वाले महेश को पटना में बंधक बना लिया गया। उससे सोने से भरा बैग बदमाशों ने लूट लिया और इसके बाद महेश को छोड़कर फरार हो गए। लूटे गए 17 किलोग्राम सोने की कीमत आज के हिसाब से करीब 25 करोड़ से ज्यादा की होगी। पटना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार, गुजरात के राजकोट निवासी महेश मामतोरा और प्रिंस रामपरिया नामक दो व्यापारी अहमदाबाद से सहरसा एक्सप्रेस के जरिए दानापुर पहुंचे थे। वे केबीएस एंड संस के मालिक सुनील भाई का लगभग 17 किलो सोने का जेवर लेकर राजधानी के बाकरगंज जा रहे थे। दानापुर रेलवे स्टेशन से बाकरगंज जाने के लिए दोनों ने एक ऑटो बुक की। जैसे ही उनका ऑटो खगौल ओवरब्रिज के बीच पहुंचा, पुलिस का स्टीकर लगी एक कार और दो मोटरसाइकिल पर सवार 5 से 7 बदमाशों ने दोनों को घेर लिया।

**ब्रिज से कार बरामद :** घटना की सूचना मिलते ही खगौल थाना पुलिस हरकत में आई और कार्रवाई करते हुए नौबतपुर रोड से संदिग्ध कार को बरामद कर लिया। मामले में डीआईयू और एसटीएफ को भी लगाया गया है। दानापुर स्टेशन, खगौल रोड और आसपास के सीसीटीवी कैमरे को खंगाला जा रहा है।

### हाव-भाव से लग रहे थे असली कस्टम अधिकारी

गुजरात कारोबारी के स्टाफ प्रिंस ने बताया कि हमारी ऑटो रुकवाकर उन्होंने कहा कि हम कस्टम अधिकारी है, अपना बैग दे दो। पहले तो हम घबरा गए। बातचीत से वो असली अधिकारी लग रहे थे। फिर मैंने अपने सेठ जी को फोन किया, पहले तो उन्होंने रूम पर जाने को कहा, फिर दोबारा फोन कर कहा कि थाने में शिकायत करो, तो मैं यहां आ गया। वहीं दूसरे स्टाफ महेश मामतोरा ने बताया कि ब्रिज पर एक कार और 2 बाइक पर सवार कुछ लोगों ने हमें घेर लिया। मुझे बंधक बना लिया। बदमाशों की बातचीत और हाव-भाव से वे पूरी तरह असली कस्टम अधिकारी लग रहे थे। कार में मेरे अलावे तीन लोग थे। कुछ देर बाद मुझे एहसास हुआ कि कार में कोई हलचल नहीं है। गाड़ी नहीं चल रही थी, फिर मैंने किसी तरह से अपने हाथ खोले, नाकाब हटाया, तो खुद को सुनसान जगह में कार के साथ अकेला पाया।

खगौल थाना प्रभारी रंजन कुमार ने बताया कि घटना में इस्तेमाल कार जब्त कर ली गई है। गुजरात स्थित व्यापारी के मालिक सुनील भाई को सूचना दे दी गई है।

**बलेनो पर ब्रेजा कार का नंबर मिला :** पुलिस ने बलेनो को जब्त कर ली है। उस पर रजिस्ट्रेशन नंबर ब्रेजा का मिला। अब बलेनो के चेचिस नंबर से उसके मालिक के बारे में पता लगाया जा रहा है। आशंका है कि बदमाशों ने चोरी की कार से घटना को अंजाम दिया है।

## सूबे में जमाबंदी सुधार अब ऑनलाइन

## बिहारभूमि पोर्टल पर 'परिमार्जन प्लस' सुविधा शुरू



**पटना (एनएसबी)।** बिहार में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने भूमि अभिलेखों में पारदर्शिता और सुधार के लिए बड़ी पहल शुरू की है। अब राज्य के नागरिक अपनी जमीन की डिजिटाइज्ड जमाबंदी में त्रुटियों को सुधारने या छूटी हुई जमाबंदी को ऑनलाइन दर्ज कराने के लिए बिहार भूमि पोर्टल पर उपलब्ध परिमार्जन प्लस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। यह पहल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा के निर्देशन में शुरू की गई है।

सरकार ने इसे जनहित में एक अहम कदम बताते हुए लोगों से अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील की है। विभाग के अनुसार, अब लोग घर बैठे ही अपनी जमीन से जुड़े रिकॉर्ड को दुरुस्त कर सकते हैं। इसके लिए आवेदक को बिहारभूमि पोर्टल पर जाकर ह्यपरिमार्जन प्लसह्ल विकल्प पर क्लिक करना होगा। पहले से पंजीकृत उपयोगकर्ता अपने मोबाइल नंबर से लॉगिन कर सकते हैं, जबकि नए उपयोगकताओं को रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य होगा। लॉगिन के बाद आवेदकों को दो प्रमुख विकल्प मिलेंगे। पहला, डिजिटल जमाबंदी में सुधार और दूसरा, कंप्यूटराइजेशन के लिए छूटी हुई जमाबंदी का डिजिटलीकरण। इन सुविधाओं के माध्यम से भूमि अभिलेखों की अशुद्धियों को दूर करने की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया गया है। इसके अलावा, नागरिक जमीन से जुड़ी शिकायत या सुझाव दर्ज कराने के लिए जन शिकायत पोर्टल का भी उपयोग कर सकते हैं। विभाग का मानना है कि इस पहल से न केवल आम लोगों को राहत मिलेगी, बल्कि भूमि प्रबंधन व्यवस्था में पारदर्शिता और सुशासन को भी मजबूती मिलेगी

**मोतिहारी जहरीली शराब कांड**

### अबतक मरने वाले की संख्या बढ़कर पहुंची नौ

**मोतिहारी (एनएसबी)।** पूर्वी जिले में तुरकौलिया व रघुनाथपुर थाना क्षेत्र में हुई जहरीली शराब कांड में मरने वालों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। इस कांड में अब दो अन्य लोगों की भी मौत हो गई है। शराब कांड में मरने वालों की संख्या अब 9 हो गई है।जानकारी के मुताबिक, रघुनाथपुर थाने के हरदिया के विनोद साह की पटना में इलाज के दौरान मौत हो गई है। वही तुरकौलिया थाने में शंकर सरैया के योद्धा मांझी की भी मौत हो गई है। इसके अलावा लड्डू साह नाम के एक शख्स की गंभीर स्थिति में वेंटिलेटर पर इलाज चल रहा है। लड्डू की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। वह रघुनाथपुर थाने के बालगंगा मुसहरी टोला का निवासी है।

## हमारा बंगाल 'शक्ति पूजा' की धरती है : मोदी

### बोले-बंगाल में वर्षों से लूटी जा रही लोगों की कमाई, 4 मई के बाद कानून करेगा अपना काम



**कूच बिहार/गुवाहाटी (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के कूच बिहार में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारा बंगाल 'शक्ति पूजा' की धरती है। मैं यहां आए सभी बहनों-बेटियों को, बंगाल की हर बहन-बेटियों से कहूंगा कि भाजपा आपके सम्मान और आपकी समृद्धि के लिए मैदान में है। अगर सत्ता में भाजपा आएगी तो महिलाओं के सच्चे सशक्तीकरण का रास्ता खोलेगी और यह हमारा ट्रैक रिकॉर्ड है।

उन्होंने कहा कि 4 मई के बाद कानून अपना काम करेगा। अपराधी चाहे कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, इस बार न्याय की जीत होगी। उन्होंने कहा कि वर्षों से बंगाल के लोगों की मेहनत की कमाई लूटी जा रही है। हर भ्रष्ट व्यक्ति को जवाबदेह ठहराया जाएगा और उसे जनता को लूटी गई संपत्ति लौटानी होगी। उन्होंने कहा कि देश की 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाया, लेकिन ये बहुत आवश्यक है कि देश के लिए होने वाले फैसलों में भी महिलाओं की भूमिका और अधिक बढ़े, इसलिए हमारी सरकार ने लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का कानून बनाया। पश्चिम बंगाल सहित देशभर की बहनों को 2029 के लोकसभा चुनाव से ही इसका फायदा मिले, अब ये सुनिश्चित करने का प्रयास है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां की दमनकारी सरकार बंगाल की पवित्र भूमि पर प्रतिदिन लोकतंत्र को कमजोर कर रही है। यह प्रशासन संवैधानिक संस्थाओं का कोई सम्मान नहीं करता और खुद को सर्वोपरि मानता है। कुछ ही दिन पहले पूरे देश ने मालदा में न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाए जाने का मंजर देखा। यह कैसी सरकार है, जहां न्यायाधीश और संवैधानिक प्रक्रियाएं ही सुरक्षित नहीं हैं? हम उनसे बंगाल की जनता की सुरक्षा की उम्मीद नहीं कर सकते। यहां हालात इतने खराब हैं कि सुप्रीम कोर्ट को दखल देना पड़ा। बंगाल में टीएमसी कानून-व्यवस्था को जड़ से उखाड़ फेंकने पर तुली हुई है। उन्होंने कहा कि मैं कूच बिहार से देश के सभी राज्यों को मैं फिर याद दिलाता हूं कि जिन भी राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण में अच्छा काम किया है, उनको सीटों के विषय में कोई नुकसान नहीं होगा। सभी का फायदा ही होगा। सभी राज्यों की भागीदारी और सबके अधिकार सुरक्षित रहेंगे। हम संसद में इस पर पक्का ठप्पा लगाना चाहते हैं कि महिलाओं के लिए अतिरिक्त सीटें बढ़ें, ताकि राज्यों को इसका बड़ा फायदा मिले। टीएमसी बंगाल में कानून-व्यवस्था का जनाजा निकालने पर तुली है। टीएमसी ने बंगाल को पीछे धकेल दिया है। पहले बंगाल में लोग रोजगार के लिए आते थे। निर्मम सरकार ने उसी बंगाल को पलायन का केंद्र बन दिया है। एक समय था, जब बंगाल देश के सबसे विकसित राज्यों में से एक था। व्यापार, उद्योग और समग्र विकास-हर क्षेत्र में बंगाल अग्रणी था, हालांकि प्रतिकूल नेतृत्व के बाद राज्य की स्थिति बिगड़ने लगी। पहले कांग्रेस, फिर वामपंथी और अब टीएमसी के नेतृत्व में। उन्होंने कहा कि बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में जनसांख्यिकी में खतरनाक बदलाव आया है। इन घुसपैठियों को टीएमसी का सीधा संरक्षण मिलता है। टीएमसी ने सीधे अपने सिंडिकेट में भर्ती करती है।

## पटना में भैंस बांधने के विवाद में युवक की हत्या



**पटना (एजेंसी)।** पटना जिले में धनरुआ थाना क्षेत्र में भैंस बांधने के विवाद में एक युवक की गोली मारकर हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के सामने आने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है।

दरअसल, यह पूरा मामला पटना जिले के धनरुआ थाना क्षेत्र के निजामत गांव का है, जहां दो पक्षों के विवाद में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के मुताबिक, निजामत गांव के रहने वाले बिजेंद्र प्रसाद (70) और गांव के ही सोनू कुमार के परिवार के बीच पुराना विवाद चल रहा है। इसी बीच, बिजेंद्र प्रसाद रविवार को सोनू कुमार के दरवाजे पर गए और वहां बांधे गए एक भैंस को ले आकर अपने घर के दरवाजे पर लाकर बांध दिया। बताया जाता है कि पीछे से सोनू कुमार भी वहां पहुंच गए। आरोप है कि सोनू अभी कुछ कह पाते तब तक बिजेंद्र प्रसाद ने गोली चला दी, जो सोनू को जा लगी। गोली की आवाज सुनकर ग्रामीण भी पहुंचे और आनन-फानन में घायल अवस्था में उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

## खबरें : एक नजर में

### चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ विशेष शाखा पीएमसीएच पटना का सम्मेलन आयोजित

**पटना / एनएसबी।** रविवार को पी एम सी एनाटमी व्याख्यान कक्ष में चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ विशेष शाखा पी एम सी एच पटना का सम्मेलन



आहुत किया गया।जिसका प्रवेक्षक अमित कुमार मिश्रा महामंत्री एवं दिनेश कुमार कोषाध्यक्ष के देख देख में सम्पन्न हुआ। शिवेंद्र प्रसाद अध्यक्ष विशेष शाखा पी एम सी एच एवं प्रमिला कुमारी शाखा मंत्री द्वारा विशेष कमिटी के लिए नाम प्रस्तावित किया। ऋचा कुमारी मंत्री, राकेश कुमार अध्यक्ष , सन्नी कुमार कोषाध्यक्ष, जिला प्रतिनिधि मनोज कुमार , रोहित कुमार एवं राज्य प्रतिनिधि कौशलेंद्र कुमार निर्वाचित घोषित किए गए।

### आनंदपुरी में गैस कालाबाजारी करने वाले की दुकान में पुलिस की छापेमारी, 9 सिलेंडर सहित रिफिलिंग के सामान बरामद

**पटना / एनएसबी।** श्रीकृष्णापुरी थाना क्षेत्र में आनंदपुरी में पुलिस ने गैस रिफिलिंग के अवैध कारोबार का भंडाफोड़ किया है। आनंदपुरी में नाला के पास स्थित सर्वेश्वरी इलेक्ट्रिक रिपेयरिंग सेंटर में छापेमारी करने पुलिस ने 8 घरेलू और 1 कमर्शियल गैस सिलेंडर बरामद किया हैं। बताया गया है कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की है। रविवार को अवर निरीक्षक रणधीर कुमार सिंह ग्राहक बनकर दुकान पर पहुंचे और सिलेंडर की मांग की। दुकानदार ने ब्लैक में सिलेंडर देने की बात बताई।
श्रीष्णापुरी के थानेदार बल के साथ छापेमारी कर दुकान से 8 खाली घरेलू और 1 कमर्शियल सिलेंडर के साथ रिफिलिंग के उपकरण भी बरामद किए गए। पूछताछ में दुकानदार इन सिलेंडरों के बारे में संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। दुकानदार अनिल कुमार राजापुल का रहने वाला है। वह गैस चूल्हा, कुकर, मिक्सी, हीटर, आयरन और पंखा रिपेयरिंग की आड़ में गैस रिफिलिंग और ब्लैक मार्केटिंग का काम कर रहा था।
आपूर्ति निरीक्षक प्रिंस कुमार के मुताबिक सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। दुकान से एक कमर्शियल, पांच इंडियन और तीन एचपी कंपनी के डोमेस्टिक यूज वाले सिलेंडर मिले हैं। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।
दुकानदार ने बताया है कि गैस की कीमत की वजह से सिलेंडर नहीं मिल पा रहा था। 1 महीने पहले तक इन्होंने रिफलिंग की है और काफी समय से रीफलिंग के धंधे में शामिल है। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ श्री कृष्णा पुरी थाने में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### इंगेजमेंट से पहले ब्वॉय फ्रेंड से बनाए संबंध, ब्लीडिंग होने पर स्थिति बिगड़ी थी, पुलिस ने दर्ज किया मामला

**पटना / एनएसबी।** अगमकुआं थाना क्षेत्र में एक युवती इंगेजमेंट से पहले अपने बयफ्रेंड से मिलने पहुंची थी। वहां युवती और उसके बयफ्रेंड ने शारीरिक संबंध बनाए। इसी दौरान प्राइवेट पार्ट से अधिक ब्लीडिंग होने लगी। दोनों डर गए, जिसके बाद बयफ्रेंड उसे लेकर इलाज कराने चित्रगुप्त नगर इलाके के एक निजी नर्सिंग होम में ले गया।युवती की स्थिति को नर्सिंग होम ने सूचना चित्रगुप्त नगर पुलिस को दे दी। इसके बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने छानबीन शुरू की।
बयफ्रेंड जिम ट्रेनर है। इसी जिम में युवती भी ट्रेनिंग लेने जाती थी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक 18 अप्रैल को इंगेजमेंट है। नवंबर महीने में युवती की शादी होने वाली है। परिजनों को डर है कि शादी न टूट जाए। युवती फिलहाल निजी नर्सिंग होम में एडमिट है।
पुलिस के सामने उसने साफ कर दिया है कि उसे केस नहीं करना है। युवती का कहना है कि संबंध सहमति से बने थे। परिजन ने भी पुलिस को कुछ भी ज्यादा जानकारी देने और निजी मामला कहकर सब टाल दिया है।
सिटी एसपी पूर्वी एसपी परिचय कुमार के मुताबिक युवती से इस संबंध में पूछताछ की गई तो उन्होंने अपने बयान में बताया की मर्जी से सब कुछ हुआ है।
मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, इसलिए पुलिस के बयान पर ही केस दर्ज कर रहे हैं। जिस व्यक्ति के साथ युवती संबंध बनाई थी, उसे नामजद आरोपी बनाया जा रहा है। जांच के क्रम में जो निकल कर आयेगा, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### हथियार के साथ सोशल मीडिया पर हथियार लहराने वाला गिरफ्तार

**पटना / एनएसबी।** हथियार के साथ सोशल मीडिया पर वीडियो डालने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिटी एसपी पूर्वी परिचय कुमार ने बताया कि खाजेकलों थाना को पूर्व से प्राप्त वीडियों के आधार पर रंजीत कुमार उर्फ गबगब घाट, थाना-खाजेकलां जिला पटना को पूछताछ हेतू खाजेकल थाना लाया गया।
उक्त व्यक्ति रंजीत कुमार उर्फ गबगब से कड़ाई से पूछताछ करने पर प्राप्त विडियों के संबंध में बताया कि वीडियों मेरा ही है। अवैध हथियार के संबंध में पूछने पर बताया कि हथियार मैं अपने घर के पहले तल्ला पर एक कमरे के छज्जे पर रखा हूँ। उक्त व्यक्ति के निशानदेही पर इनके घर से छापामारी कर देशी कट्टा-02, देशी पिस्टल-01, मैगजीन-01, जिंदा कारतूस-15 पीस बरामद किया गया। रंजीत को गिरफ्तार कर लिया गया है।इनमें शामिल अन्य के संबंध में पूछताछ किया जा रहा है।

# भारत का इतिहास कायस्थ सपूतों की चर्चा के बगैर अधूरा : राजीव रंजन प्रसाद

## महादेवी वर्मा सम्मान समारोह में 26 कायस्थ विभूतियों का हुआ सम्मान, पूरे देश से हजार सक्षम कायस्थ महिला लीडर चुनकर तैयार करेगा जीकेसी : रागिनी रंजन

दैनिक नव संदेश ब्यूरो

**पटना।** ग्लोबल कायस्थ कान्फ्रेंस के द्वारा पटना स्थित बापू टावर, गर्दनीबाग, पटना में महादेवी वर्मा स्मृति सम्मान समारोह-2026 संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना एवं चित्रगुप्त भगवान को पुष्पांजलि से हुई। उसके बाद राष्ट्रगान एवं जीकेसी एन्थम की सुमधुर प्रस्तुति हुई।

इस अवसर पर अमेरिका, नेपाल समेत भारत के अनेक प्रदेशों की 26 विभूतियों को महादेवी वर्मा स्मृति सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया, जिनमें श्री गिरीश चन्द्र लाल, कानून (नेपाल), मेजर जनरल अनुज माथुर, राष्ट्रीय सुरक्षा (जयपुर), श्री विजय प्रकाश, अ0 प्रा0 भाप्रसे, प्रशासन ( पटना), श्री श्याम जी सहाय, अप्रा (भाप्रसे), साहित्य ( पटना) को महादेवी वर्मा शिखर सम्मान से सम्मानित किया गया है।

अन्य 22 अवर्ड लेने वालों में : श्रीमति कुमकुम गौड़, कला संस्कृति (रांची), श्री श्वेतांक शैलकवाल, कानून (उत्तर प्रदेश), डा. सरिता श्रीवास्तव, कला संस्कृति (रायपुर), डा. सुनील कुमार चम्पारणी, साहित्य ( चम्पारण), श्री उदय श्रीवास्तव, सिनेमा (मुंबई), श्री अरविन्द कुमार, अप्रवासी उधमी ( यूएसए), श्री गौतम आजाद, ज्योतिष विज्ञान ( मुंबई) , श्री रंजीत कर्ण, राजनीति ( नेपाल), श्री रंजन राज श्रीवास्तव, उधमी (नेपाल), श्री अवनीश श्रीवास्तव, कानून ( दिल्ली) डा. प्रो. रणविजय सिन्हा, शिक्षा (पटना), श्री सुशील भारती, पत्रकारिता ( झारखंड), श्री संतोष सुमन, पत्रकारिता (पटना), श्रीमति रीना सोपम, पत्रकारिता (पटना), डा रीता दास, कला संस्कृति (पटना), डा उर्मिला श्रीवास्तव , कला संस्कृति (उत्तर प्रदेश), डा उर्वशी श्रीवास्तव, साहित्य ( कोलकाता), डा निशा पराशर, कला संस्कृति ( पटना), श्रीमति सुभाषिनी स्वरूप, साहित्य (बंगलुरू), डा शिखा भटनागर, शिक्षा ( हैदराबाद), डा मुकेश कुमार सिंह, वैश्विक विधिक सम्मान (नेपाल), डा भवानी शारदे, कला संस्कृति (पटना) आदि थे।



मेजर जनरल अनुज माथुर को महादेवी वर्मा स्मृति सम्मान-2026 से सम्मानित करते विधानसभाध्यक्ष डा. प्रेम कुमार , उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, कृषि मंत्री श्री रामकृपाल यादव, ग्लोबल कायस्थ के ग्लोबल अध्यक्ष एवं जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री राजीव रंजन प्रसाद , पूर्व मंत्री श्याम रजक व अन्य।

समारोह का उद्घाटन विधानसभाध्यक्ष डा. प्रेम कुमार , उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, पटना के सांसद श्री रवि शंकर प्रसाद , बिहार सरकार के कृषि मंत्री श्री रामकृपाल यादव, बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री श्री संजय सिंह टाइगर, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं फुलवारी विधायक श्री श्याम रजक, विधान पार्षद श्री संजय गांधी एवं ग्लोबल कायस्थ के ग्लोबल अध्यक्ष एवं जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री राजीव रंजन प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इनके अतिरिक्त महिला आयोग की अध्यक्ष अप्सरा मिश्र, अतिपिछड़ा आयोग के अध्यक्ष डा नवीन आर्या, बाल संरक्षण आयोग के डा अमरदीप, चंदन कुमार सिंह भी अतिथि के तौर पर मौजूद थे।

आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए जीकेसी की प्रबंध न्यासी श्रीमति रागिनी रंजन ने कहा कि जीकेसी के द्वारा पूरे देश से लगभग एक हजार सक्षम महिलाओं को चुनकर लीडरशिप के लिए तैयार किया जाएगा।

अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि डा. प्रेम कुमार ने राजीव रंजन प्रसाद कि भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि जीकेसी के माध्यम से महादेवी वर्मा जैसे व्यक्तित्व के बहाने वे नई पीढ़ी को जोड़ने और उन्हे प्रेरित करने काम कर रहे हैं, जो सराहनीय एवं प्रसंशनीय है।

उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि कायस्थ हर क्षेत्र में अपने बलबूते अपनी मेरिट के बल पर महत्वपूर्ण स्थान पाते रहें हैं और अपनी योग्यता के बल पर कायस्थों ने अपनी अलग छवि एवं पहचान बनाई है।

पटना साहिब के सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री रवि शंकर प्रसाद ने समारोह को संबोधित करते हुए कायस्थ समाज के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में सक्रिय राजनीति से जुडने का आह्वान किया। साथ हीं कहा कि राजीव रंजन जी लगातार इस मकसद से काम कर रहे हैं इसीलिए वे बधाई के पात्र हैं।

बिहार सरकार के कृषि मंत्री श्री राम कृपाल यादव ने कहा कि राजीव रंजन जी का प्रयास सराहनीय है। कायस्थ शब्द सुनते ही इंटेलेकचुअलिटी का एहसास होता है और यह अपनी बौद्धिकता से आज भी हर क्षेत्र में अपना प्रभाव बनाए हुए हैं।

पूर्व मंत्री श्याम रजक ने कहा कि कायस्थ समाज हर क्षेत्र में अग्रणी रहा है। इस समाज को एकजुट करने का काम ग्लोबल कायस्थ कन्फ्रेंस कर रहा है जो सराहने योग्य है।

बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने अपने सम्बोधन में कायस्थ विभूतियों को नमन किया एवं कहा कि कायस्थों की एक अनुपम विरासत रही है जिसे मिटाया नहीं जा सकता है।

अपने सम्बोधन में जीकेसी के ग्लोबल अध्यक्ष एवं जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री राजीव रंजन प्रसाद ने सभी आगत अतिथियों का विनम्र स्वागत किया एवं समारोह में उनके शरीक होने के लिए उनका आभार व्यक्त किया तथा अपने समाज के अमिट विरासत की विस्तृत चर्चा करते हुए उन्होंने राजनीति में कायस्थ समाज कि घटती भागीदारी पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भारत का इतिहास कायस्थ सपूतों की चर्चा के बगैर अधूरा है।

इस अवसर पर पटना के सभी चित्रगुप्त पूजा समितियों का सम्मान जीकेसी की प्रबंध न्यासी श्रीमती रागिनी रंजन एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों के द्वारा किया गया।

स्वागत सम्बोधन जीकेसी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक कुमार अभिषेक एवं जीकेसी के सदस्यता अभियान प्रभारी निलेश रंजन ने किया।

धन्यवाद ज्ञापन जीकेसी के राष्ट्रीय महासचिव नवीन कुमार , डा नम्रता आनंद एवं धनंजय प्रसाद ने संयुक्त रूप से की।

समारोह में सर्व श्री नवीन कुमार, डा आदित्य नाथ, गिरीश माथुर, श्रीमती सपना वर्मा, द्वीपेश भटनागर, श्वेतांक शैलकवाल, अवनीश श्रीवास्तव, दीपक अभिषेक, धन्जय प्रसाद, डा नम्रता आनन्द, राजेश कुमार डब्लू, कुमार किशोर, मुकेश महान, नवीन श्रीवास्तव, मुकेश श्रीवास्तव, शिवानी गौड़, बलिराम श्रीवास्तव, रवि सहाय, रवि शंकर प्रसाद सिन्हा, संजय कुमार सिन्हा, हरि पाल, प्रियरंजन ,अमित प्रकाश श्रीवास्तव शारदा श्रीवास्तव, प्रभाकर मनीष, कृष्ण पाल सिन्हा, मनीष कुमार, दिवाकर कुमार वर्मा, दीप श्रेष्ठ , आलोक अविरल , रजनी श्रीवास्तव, कुमार मानवेन्द्र, राष्ट्रीय प्रवक्ता अतुल आनन्द सन्नू उपस्थित थे।

समारोह के अवसर पर भव्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। सांस्कृतिक सत्र का संचालन सोनिका श्रीवास्तव, दिवाकर कुमार वर्मा एवं मृणालिनी अखोरी ने संयुक्त रूप से किया। मौजूद कलाकारों ने अद्भूत प्रस्तुति देकर माहौल को संगीतमय बना दिया।

उक्त आशय की जानकारी जीकेसी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अतुल आनन्द सन्नू एवं मुकेश महान ने संयुक्त रूप से दी।

# नवादा के रोह में सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली घटना में स्थानीय प्रशासन की विफलता उजागर : राजद

## जांच समिति ने राज्य सरकार से मांग की है कि लूट और आगजनी के शिकार गरीब दुकानदारों और फल एवं सब्जी विक्रेताओं को तत्काल क्षतिपूर्ति का आकलन कर मुआवजा दिया जाए

**पटना / एनएसबी।** बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के द्वारा नवादा जिला के रोह में सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले अप्रत्याशित घटना की जांच हेतु नौ सदस्यीय जांच समिति ने जांच समिति के अध्यक्ष पूर्व मंत्री इसराइल मंसूरी के नेतृत्व में घटना स्थल के निरीक्षण के बाद जांच समिति के सदस्य प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, मधु मंजरी और युवा राजद के प्रदेश महासचिव विमल कुमार राय की उपस्थिति में प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल को जांच रिपोर्ट समर्पित किया।

जांच समिति के सदस्यों में विधान पार्षद डा उर्मिला ठाकुर, पूर्व विधान पार्षद सलमान रागीब, पूर्व विधायक श्री सतीश दास,बबलू मालाकार एवं नवादा जिला अध्यक्ष उदय यादव भी स्थल निरीक्षण में साथ थे।

प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि पूर्व मंत्री इसराइल मंसूरी के साथ सभी सदस्यों ने दोनों पक्षों से बात तथा सारे मामलों और घटनाओं की जानकारी प्राप्त की। जांच समिति ने यह पाया कि जो घटना घटित हुई है,वो प्रशासनिक विफलता का परिणाम है। यदि पहले से ही नवादा जिला प्रशासन और रोह थाना डीजे को जप्त कर लिया होता और जुलूस के समय सीमा का पालन सुनिश्चित कराया होता तो इस तरह की घटना को टाला जा सकता था।



प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल को जांच रिपोर्ट समर्पित किया।

समिति का यह स्पष्ट मानना है कि लोगों में भय को समाप्त करने के लिए निर्दोषों को फंसाने वाली कार्रवाई चल रही है। इसपे तत्काल रोक लगे और जो वास्तविक दोषी है उन पर ही कार्रवाई हो । साथ ही निर्दोषों के उत्पीड़न को तत्काल बंद किया जाए।

जांच समिति ने राज्य सरकार से मांग की है कि लूट और आगजनी के शिकार गरीब दुकानदारों और फल एवं सब्जी विक्रेताओं को तत्काल क्षतिपूर्ति का आकलन कर मुआवजा दिया जाए तथा शांति और सद्भाव की बहाली के लिए गंभीर कार्रवाई की जाए।

साथ ही राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं और कार्यकर्ता को लालू प्रसाद और तेजस्वी के सांप्रदायिक सद्भाव के विचारों को पूरी तत्परता के साथ सर जमीन पर उतारने और भाईचारा कायम करने में अपनी महती भूमिका निभाएं जिससे कि गंगा जमुना संस्कृति को मजबूती मिल सके।

## राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने पूर्व उप प्रधानमंत्री स्व. जगजीवन राम को उनकी जयंती के अवसर पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की



**पटना (एनएसबी)।** पूर्व उप प्रधानमंत्री स्व जगजीवन राम जी की जयंती के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) श्री सैयद अता हसनैन एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने सर्कुलर रोड, अणे मार्ग एवं कौटिल्य मार्ग के चौराहे पर अवस्थित स्व जगजीवन राम जी की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री अशोक चौधरी, सांसद श्री कौशलेन्द्र कुमार, विधायक श्री श्याम रजक, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधान पार्षद श्रीमती कुमुद वर्मा, विधान पार्षद श्री रवीन्द्र प्रसाद सिंह, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के महासचिव श्री अरविंद कुमार, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य श्री शिवशंकर निषाद सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य व्यक्ति एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी स्व जगजीवन राम जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन कीर्तन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

# संगीत, संस्कृति और कला के संगम का प्रतीक सुरीले परिवार का चतुर्थ वार्षिकोत्सव मनाया गया

**पटना (एनएसबी)।** संगीत, संस्कृति और कला के संगम का प्रतीक सुरीले परिवार का चतुर्थ वार्षिकोत्सव रविवार को मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कला संस्कृति सह सचिव गृह विभाग के सचिव प्रणव कुमार, विशिष्ट अतिथि जिला प्रोबेशन पदाधिकारी, पटना अवनीश कुमार, तथा इंदु प्रसाद ने किया ।

कार्यक्रम की शुरुआत डा. नन्दन कुमार सिन्हा द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना एवं सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद आशी कंठ ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। सांगीतिक प्रस्तुतियों की कड़ी में नीलम रानी ने सत्यम शिवम सुंदरम गीत प्रस्तुत किया, जबकि प्रमोद कुमार सिन्हा ने मेरा जूता है जापानी गीत प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। इसके अलावा प्रमोद कुमार सिन्हा, अशोक कुमार एवं डा. नन्दन कुमार सिन्हा द्वारा समूह गीत भी प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागी कलाकारों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने अंगवस्त्र एवं सुरमयी प्रतिभा सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि प्रणव कुमार ने महाकवि भर्तृहरि के श्लोक साहित्य संगीत कला विहीनः साक्षात् पशुः पुच्छ विषाणहीनः का उल्लेख करते हुए कहा कि संगीत मानव जीवन का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कलाकारों के लिए चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं, जैसे वरिष्ठ कलाकार पेंशन योजना एवं कलाकारों के ऑनलाइन पंजीकरण की जानकारी भी दी।

वहीं विशिष्ट अतिथि अवनीश कुमार ने कहा कि गीत, संगीत और नृत्य न केवल मनोरंजन के साधन हैं, बल्कि आज के समय में संगीत के माध्यम से चिकित्सा (म्यूजिक थेरेपी) भी की जा रही है। ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं।

इस अवसर पर संस्था के मुख्य संरक्षक रंजन कुमार श्रीवास्तव एवं पुष्पलता श्रीवास्तव, मुख्य संचालक प्रमोद कुमार सिन्हा, सह संचालिका नीलम रानी तथा सह संचालक राजन कुमार सिन्हा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

कार्यक्रम में आलोक रंजन, दयानंद, अचल, राजेश, राजीव कंठ, प्रवीण, विद्यानंद, विनीत, मनीष, प्रिंस, रविंद्र, सोनी प्रिया कंठ, बबली, पुष्पलता श्रीवास्तव, संध्या, रजनी, दीपाली, अभिलाषा, आकांक्षा, डा. नन्दन कुमार सिन्हा, नीलम रानी, प्रमोद कुमार सिन्हा, रंजन श्रीवास्तव, राजन कुमार सिन्हा एवं अन्य कलाकारों ने एकल एवं युगल गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन सम्मान समारोह एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## भाजपा ने देश की राजनीति को दी सकारात्मक दिशा : प्रभाकर मिश्र

**भाजपा पर भारतीयों को भरोसा**

**जन-जन की पार्टी है भाजपा**

**भाजपा के स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यकर्ताओं और देश-प्रदेश के लोगों को दी बधाई**

**पटना (एनएसबी)।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने भाजपा के स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यकर्ताओं और देश-प्रदेश के लोगों को हार्दिक बधाई दी और कहा कि भारतवासियों को भाजपा पर भरोसा है। यह भरोसा ही भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनाया है। भाजपा की ओर से भी जनता के इस अटूट भरोसे को कायम रखने में कोई कमी नहीं की गयी। भाजपा और जनता के बीच विश्वास और भरोसे का अटूट संबंध है।

श्री मिश्र ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भाजपा आज 46वां स्थापना दिवस मना रही है। भाजपा आज 45 वर्ष की हो गयी। इस स्वर्णिम दिवस पर बिहार सहित पूरे देश में उत्सवी माहौल है। शहर से लेकर कस्बों और गांवों में भी भाजपा कार्यकर्ता के साथ-साथ आमजन भी उत्साहित हैं। यह बताता है भाजपा जन-जन की पार्टी बन चुकी है। श्री मिश्र ने कहा कि अपनी स्थापना के 45 वर्षो में भाजपा ने कई कीर्तिमान स्थापित किये। भाजपा ने सरकार बनाकर देश और अनेक प्रदेशों की दशा ही नहीं बदली, अपितु देश की राजनीति की दिशा भी बदली दी है। बिहार में लाठी में तेल पिलाकर राजनीति करनेवालों के दिन लद गये। विकास की बात किये बगैर कोई भी दल सत्ता की कुर्सी पर टिक ही नहीं सकता, यह भाजपा और सहयोगी दलों की देन है। बिहार के लोगों में विकास के प्रति एक नयी चेतना जागृत हुई है। इसमें भी भाजपा और एनडीए के घटक दलों की बड़ी भूमिका है। भाजपा को आज सभी वर्गो का समर्थन प्राप्त है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक कमल खिले दिखते हैं, यह बताता है, आज भाजपा सिर्फ राजनीतिक पार्टी नहीं, बल्कि जन सरोकार की पार्टी के रूप में अपनी पहचान बना चुकी है।

श्री मिश्र ने कहा कि भाजपा ने देश को माननीय नरेन्द्र मोदी जी जैसा प्रधानमंत्री दिया। जिनकी लोकप्रियता का नेतृत्व क्षमता का परचम वैश्विक फलक पर लहरा रहा है और सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास मंत्र के संकल्प के साथ देश आगे बढ़ रहा है।

# आईजीआईसी में 23 बच्चों का बिना चीर-फाड़ के विधि ऑपरेशन

**पटना / एनएसबी।** इंदिरा गांधी हृदय रोग संस्थान आईजीआईसी में 23 बच्चों का बिना चीर-फाड़ के विधि ऑपरेशन किया गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एंव बाल हृदय योजना मुख्यमंत्री बिहार के महत्वाकाँक्षी कार्यक्रमों में से एक है। इंदिरा गाँधी हृदय रोग संस्थान, पटना को इस योजनान्तर्गत समर्पित अस्पताल के रूप में चिन्हित किया गया है। बिहार के विभिन्न जिलों से गरीब परिवार के वैसे बच्चे जो जन्मजात हृदय रोग से पिड़ित हैं, उन सभी बच्चों का ईलाज आरबीएसके कार्यक्रम एवं बीएच वाई के तहत इन्दिरा गाँधी हृदय रोग संस्थान पटना में होता रहा है। आईजीआई सी के निदेशक डा सुनील कुमार के मार्गदर्षन में एस्कर्ट नई दिल्ली के शिशु हृदय रोग विशेषज्ञ डा नीरज अवस्थ तथा आईजीआई सी के पुजा कुमारी के द्वारा सम्पन्न किया गया।डा विरेन्द्र कुमार सिंह नोडल अधिकारी डा स्मिता सिंह, डा एन के अग्रवाल, डा अम्बिका नन्दन भरतवासी, डा सन्तोष पाण्डेय, डा वीरवर झा तथा निष्चेतक डा पंकज, डा अविनाष, डा अमरनाथ केषरी हस्पिटल कर्डिनेटर, ईको डिपार्टमेंट की इन्चार्ज मधु रंजन व एन्जियो इन्चार्ज हीरा कुमारी का पूर्णतः सहयोग मिला। अब तक कुल 438 बाल हृदय रोगियों का बिना चिड़-फाड़ विधि से किया गया है।



### हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार

**पटना/ एनएसबी।** घर में हथियार रखने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिटी एसपी पूर्वी परिचय कुमार के मुताबिक आलमगंज थाना को गुप्त सूचना मिली कि मो आदिल पे मो इम्तियाज छुपाकर अवैध हथियार ६ कारतूस रखा है। प्राप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी टीम का गठन कर मो आदिल पे मो इम्तियाज के काली घाट इमामबाड़ा पथरी घाट स्थित किराये के मकान पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान मो आदिल के किराये के कमरा से एक देशी कट्टा, एक देशी पिस्टल, मैगजीन-02 पीस, कारतूस-17 पीस एवं एक मोबाईल बरामद हुआ। आदिल को गिरफ्तार कर लिया गया है।इस संबंध में आलमगंज थाना कांड अंकित कर कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिस मुठभेड़ में एक लुटेरा घायल, छह गिरफ्तार

## दरभंगा के स्वर्ण व्यवसायी के यहां हुए लूटकांड का खुलासा, हथियार व चांदी के आभूषण बरामद



गिरफ्तार अपराधी ।

**नव संदेश ब्यूरो**

**दरभंगा।** दरभंगा में 2 दिन पूर्व हुए स्वर्ण व्यवसायी के यहां लूटपाट के मामले का एसटीएफ ने खुलासा कर दिया है। मंसूरचक थाना अन्तर्गत ग्राम दशरथपुर में बेगूसराय पुलिस, दरभंगा पुलिस एवं एसटीएफ के संयुक्त कार्रवाई में दरभंगा जिला के नगर थाना में प्रेम ज्वैलर्स में लूट कांड के अपराधियों से मुठभेड़ 01 अपराधी जख्मी सहित 06 गिरफ्तार हुआ. वहीँ 01 देशी पिस्टल, 01 देशी कट्टा, 09 गोली, 03 मोटरसाईकिल, एवं 04 मोबाईल एवं चांदी के आभूषण बरामद हुआ।

**हसनपुर एक्सिस बैंक लूट कांड में भी शामिल थे यही अपराधी**

दरभंगा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि दरभंगा नगर थाना कांड सं0-72/26 (लूट कांड) कांड के अपराधी ग्राम दशरथपुर में एकत्रित होकर लूटे गए माल को ठिकाने लगाने का काम करने वाले है। दरभंगा पुलिस द्वारा, प्राप्त सुचना बेगूसराय पुलिस को दिया गया। तत्पश्चात बेगूसराय पुलिस, दरभंगा पुलिस एवं एसटीएफ की एक टीम गठित की गयी। गठित पुलिस टीम के द्वारा छापामारी के क्रम में ग्राम दशरथपुर पहुंच कर अपराधियों के संभावित ठिकाने की घेराबंदी की गयी। अपने-आप को पुलिस टीम से घिरता देखकर सभी अपराधी पास के मकई के खेत में घुस कर पुलिस टीम पर फायरिंग करने लगा।

पुलिस टीम की ओर से घेराबंदी करते हुए चेतावनी देने के बावजुद भी अपराधियों द्वारा लगातार फायरिंग करने पर आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम की ओर से फायरिंग की गई। जिसमें अपराधी मंगल कुमार घायल हो गया और उसके साथ अविनाश कुमार आर्यन कुमार पवन झा. गौतम कुमार एवं विक्की कुमार को गिरफ्तार किया गया। पुछताछ में सभी अपराधियों ने ज्वैलर्स लूट कांड में अपनी-अपनी संलिप्तता स्वीकार किया। पुछताछ में घायल मंगल सिंह के द्वारा बताया गया कि दिनांक-24.03.26 को बेगूसराय जिला के तेघड़ा थाना अन्तर्गत हसनपुर स्थित एक्सिस बैंक से अपने इन्ही साथियों के साथ 02 लाख की लूट कियें थे। मुठभेड़ में घायल गिरफ्तार अपराधी मंगल कुमार का पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल में ईलाज कराया जा रहा है। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस अधीक्षक बेगूसराय घटना स्थल पर पहुंच कर कैम्प कर रहें है, तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तेघड़ा एवं अन्य पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे है। एफ एस एल टीम के द्वारा घटनास्थल पर पहुंच कर आवश्यक छान-बीन की जा रही है। पिस्टल 01, गोली 09, देशी कटटा 01, मोटरसाईकिल 03,मोबाईल :- 04, चांदी का आभूषण बरामद हुआ है।



सर्च ऑपरेशन चलाती पुलिस।

गिरफ्तारी मे मंगल कुमार पे०- अखिलेश कुमार, सा०-गोखलेनगर थाना-बलिया (मुठभेड़ में घायल), अविनाश कुमार पे०- संजय सहनी, सा मंसुरचक किसान टोला, गौतम कुमार पे०- बिजली सहनी सा०- मंसूरचक, थाना- मंसूरचक, विक्की कुमार पे०-उपेन्द्र पासवान सा०- भवानीपुर थाना- मंसूरचक, आर्यन कुमार पे०- विजय ईश्वर सा०-मरांची थाना बछ्वाड़ा सभी जिला-बेगूसराय, पवन झा पे०-विश्वनाथ झा सा०-रूपौली थाना-भैरोस्थान जिला-मधुबनी शामिल है। हालांकि 2 करोड़ क्या आभूषण एवं लाखों रुपए बरामद नहीं किय जा सके हैं।

### आग लगने से दर्जनो आवास जल कर राख

**तारडीह (एनएसबी)।** सकतपुर थाना क्षेत्र के राजा खरवार पंचायत के वार्ड नंबर दस और कुर्सो -मछैता पंचायत के वार्ड नंबर एक में रविवार दोपहर करीब तीन बजे अज्ञात कारणों से आग लगने से दर्जनों आवासीय घर सहित लाखों रुपये का उपयोगी सामान दस्तावेज, कपड़ा, अनाज, नगद, फर्नीचर, आभूषण खाक हो गया। हालांकि समय रहते परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित बाहर निकल गए। आग की लपटे इतनी तेज थी कि देखते ही देखते आग ने दर्जनों आवश्यक घर को अपने आगोश में ले लिया। पुलिस बल एवं फायर ब्रिगेड के कर्मियों घटना स्थल पर पहूचे और काफी परिश्रम के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। बीडीओ प्रीति कुमारी ने पंचायत सचिव अनुराग सिंह को अग्नि पीड़ितो को खाना उपलब्ध करायी है। अग्नि पीड़ित परिवार राजाखड़वार पंचायत के नवटोलिया टोल वार्ड न०- 10 में चंदन राम , दुगार्नंद राम, इनरजीत राम रामदेव राम, शंकर राम , रंजीत राम,लोचन राम , प्रभु राम, भोला राम, लोचन राम, चौठी राम, जुगती राम, किशन राम के घर में लाखो की संपत्ति राख हो गयी।

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस नेता गजेंद्र झा 'गज्जू बाबू' के निधन पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**बेनीपुर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के हाबीभौआड़ निवासी कांग्रेस नेता गजेंद्र झा 'गज्जू बाबू' के निधन पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। दरभंगा जिलाध्यक्ष ग्रामीण मिथिलेश कुमार चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष सीताराम चौधरी, प्रखंड अध्यक्ष देवकीनंदन ठाकुर, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष शिवकुमार ठाकुर, रामेंद्रमोहन झा समेत अन्य कांग्रेस नेताओं ने कांग्रेस झंडा व पुष्प अर्पित कर नम आंखों से वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रत्याशी गजेंद्र झा 'गज्जू बाबु' को श्रद्धांजलि दी।हाबीभौआड़ निवासी गज्जू बाबू एक समर्पित समाजसेवी थे, खासकर चिकित्सा क्षेत्र में उनके योगदान लोगों के दिलों में हमेशा जीवित रहेंगे। उनके स्नेहपूर्ण मार्गदर्शन को कांग्रेसजन सदा याद रखेंगे। सार्वजनिक जीवन में उनका लंबा अनुभव और योगदान अविस्मरणीय है। उनका निधन राजनीतिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर पुण्यात्मा को चरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। वहीं पूर्व प्रत्याशी अवधेश कुमार झा ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा किह्वगज्जू जी ने जनसेवा, सामाजिक सरोकार और मानवीय संवेदनाओं को प्राथमिकता दी। वे गरीबों, गुरवो एवं वंचित वर्ग की सशक्त आवाज थे। स्वास्थ्य क्षेत्र में उनके योगदान बेनीपुर के सामाजिक जीवन में सदा स्मरणीय रहेंगे।ह्व उन्होंने दिवंगत आत्मा को चिर शांति एवं परिवार को धैर्य की प्रार्थना की।

### बलभद्रपूर स्थित शेखर क्लासेज में सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**दरभंगा (एनएसबी)।** बलभद्रपूर स्थित शेखर क्लासेज में आर आर बी बैंक एवं बिहार बोर्ड के बारहवीं पास बच्चों के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में बतौर अतिथि भारतीय नौसेना के कैप्टन श्री राहुल कुमार पधारे। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बिहार बोर्ड की बारे में परीक्षा में संस्थान के




छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते अतिथि साथ में निखिल गौरव ।

लगभग दो दर्जन बच्चों ने डिस्टिंक्शन हासिल किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रोफेसर मुरारी शरण वर्मा में विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा व तकनीक सीखने की सलाह दी। वही कैप्टन राहुल ने आज के वैश्विक युग में अपने आप को व्यक्त करना एक्सप्रेस करने के लिए अंग्रेजी भाषा बोलने पर जोर दिया। तकनीक की भाषा अंग्रेजी है इसलिये कोई भी तकनीकी कोर्स करने के लिए अंग्रेजी भाषा की महत्वता पर जोर दिया जाता है। वहीं संस्थान के आजीवन संरक्षक डॉ॰ आशीष शेखर ने विद्यार्थियों को अपने गुरु के मार्गदर्शन में रहने की बातें की। आर आर बी बैंक में चयनित दीपक चौधरी ने अपने इस सफलता के लिए शेखर क्लासेज के शिक्षा व्यवस्था को ज़िम्मेदार बताया। उधार संस्था के निदेशक डॉ॰ निखिल गौरव ने जेनरल इंग्लिश की महत्वता और जोड़ दिया जा रहा है। एसएससी सीजी एल की परीक्षा में इंग्लिश की महत्वता काफी बढ़ा दी गई है। सूरभि गौरव ने साधुवाद दिया। ज्ञात हो या संस्था स्मृति शेष प्रोफेसर शशि नारायण सिन्हा का ब्रेन चाइल्ड है जिसकी स्थापना उन्होने सन 2000 में की थी तब से ये आज तक सैकड़ों विद्यार्थियों को सरकारी नौकरियों में चयनित हुए हैं।

### वृद्धजनों के लिए विशेष निशुल्क विधिक सेवा शिविर का आयोजन

**बेनीपुर (एनएसबी)।** प्रखंड के पोहद्दी पश्चिमी पंचायत के ग्राम कचहरी भवन में बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने वृद्धजनों के लिए विशेष निःशुल्क विधिक सेवा शिविर का आयोजन किया। शिविर में तीन हेल्प डेस्क स्थापित कर बुजुर्गों को मुफ्त कानूनी सलाह, सरकारी योजनाओं की जानकारी, शिकायत निवारण, प्राथमिक स्वास्थ्य जांच और दवा वितरण की सुविधा दी गई। पैनल अधिवक्ता राममोहन झा, विनय कुमार झा व विनोद कुमार मिश्र ने माता-पिता व वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम-2007 और नालसा योजना-2016 की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि भरण-पोषण से इनकार करने वाले वयस्क पुत्र-पुत्री के खिलाफ अनुमंडल पदाधिकारी या न्यायालय में शिकायत की जा सकती है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सीएचओ अभिषेक मोहन झा, ईएमटी विरेंद्र कुमार दास व एहसान आलम ने जांच व दवा उपलब्ध कराई। पारा-विधिक स्वयंसेवकों नितीश कुमार राम, अर्जुन राम, इंद्र देव सहनी व शत्रुघन दास ने वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड, आधार व आयुष्मान कार्ड जैसी योजनाओं पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में प्राधिकार सहायक कुमार गौरव, सरपंच रामवती देवी, रामकुमार साहू, कचहरी सचिव रिंकू देवी, मुखिया प्रतिनिधि ध्रुव स्वामी, छेदी पासवान, कैलाश सहनी, संगीता देवी व राजो देवी उपस्थित रहीं।

### परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र- छात्राओं को पुरस्कृत किया गया

**बेनीपुर (एनएसबी)।** प्रखंड के शिवराम पंचायत के ब्रह्मबाबा स्थान शिवराम चौक पर ब्रह्मबाबा मंदिर समिति के द्वारा 10 वीं 12 वीं बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण गांव के सभी छात्र -छात्राओं को समारोह आयोजित कर पुरस्कृत किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए समाज सेवी अमित कुमार बिट्टू ने बताया कि 12 वीं की परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए स्वाति कुमारी, प्रतिभा प्रियदर्शनी,अंशु कुमारी,और दसवीं परीक्षा में उत्तीर्ण नीलू भगत, विष्णु कुमार, गोलू साहु को पुरस्कृत किया गया।इस दौरान डॉ चौधरी अभयनाथ राय, चौधरी अमिर कांत राय, सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# दरभंगा एयरपोर्ट से बेंगलुरु के लिए सीधी उड़ान सेवा शुरू

## सांसद ने कहा-यह मिथिला क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा हवाई अड्डे से बेंगलुरु के बीच अकाशा विमान कंपनी के द्वारा सीधी उड़ान सेवा का शुभारम्भ होना न केवल दरभंगा वल्कि संपूर्ण मिथिला क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। मां जानकी की धरती मिथिला क्षेत्र से देश में आईटी हब के लिए चर्चित बेंगलुरु के बीच इस उड़ान सेवा पर्यटन तथा रोजगार का विस्तार होगा।

**डॉ गोपाल जी ठाकुर ने रविवार को दरभंगा से बेंगलुरु जाने वाले यात्रियों को टिकट तथा बोर्डिंग पास देकर विदा किया**

स्थानीय सांसद सह दरभंगा एयरपोर्ट सलाहकार समिति के चेयरमैन डॉ गोपाल जी ठाकुर ने रविवार को दरभंगा से बेंगलुरु जाने वाले यात्रियों को टिकट तथा बोर्डिंग पास देकर विदा करने के बाद उपरोक्त बातें कही।



शुभारंभ करते सांसद डॉक्टर गोपाल जी ठाकुर।

दरभंगा से बेंगलुरु के लिए यात्रा करने वाले यात्रीयो को विदा करने के क्रम में आकाश कंपनी के मैनेजर रवि शुक्ला के द्वारा सांसद डा ठाकुर का पाग अंगवस्त्र तथा बुके देकर सम्मानित भी किया गया।सांसद डा ठाकुर ने कहा कि दरभंगा एयरपोर्ट की शुरूआत 8 नवंबर 2020 को उड़ान योजना के तहत की गई थी तथा उस समय स्पाइसजेट कंपनी के द्वारा बेंगलुरु के बीच उड़ान सेवा शुरू की गई थी जो लेकिन कालांतर में उस सेवा के बंद होने के बाद यहां के लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था जिसके आलोक में हमने केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू से भेंट कर इसके लिए पहल करने के लिए उनका ध्यान आकृष्ट कराया था जिसका सकारात्मक परिणाम आज साकार हुआ है तथा अकाशा कंपनी के विमान में बेंगलुरु जाने वाले यात्रियों की संख्या इस बात का परिचायक कि दरभंगा बेंगलुरु के बीच विमान सेवा शुरू होना आवश्यक था।

सांसद डा ठाकुर दरभंगा एयरपोर्ट की लगातार बढ़ रही उपयोगिता को देश स्तर पर एक उदाहरण बताते हुए कहा कि एक वर्ष के भीतर यात्रियों की संख्या में 57 प्रतिशत का इजाफा इस बात के प्रमाण है कि यह एयरपोर्ट अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की सभी मानकों को पूरा करता है।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दरभंगा से बेंगलुरु के लिए सीधी हवाई सेवा का किया स्वागत

**दरभंगा (एनएसबी)।** बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और दरभंगा विधायक संजय सरावगी ने दरभंगा से बेंगलुरु के लिए सीधी हवाई सेवा शुरू होने का स्वागत किया है। उन्होंने इसे मिथिलांचल के विकास, व्यापार और शिक्षा के लिए बड़ी सौगात बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि इससे लोगों के लिए बेंगलुरु की यात्रा अब आसान हो गई। उन्होंने कहा कि दरभंगा से सीधे बेंगलुरु के लिए हवाई सेवा शुरू होना पूरे मिथिलांचल और बिहार के लिए अत्यंत हर्ष एवं गर्व का विषय है। इससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी तथा व्यापार, शिक्षा और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि मिथिला के लिए आज प्रसन्नता का दिन है।

उन्होंने कहा कि दरभंगा से सीधे बेंगलुरु के लिए आकासा एयरलाइंस ने सेवा प्रारंभ की है। पूरे मिथिला क्षेत्र में बेंगलुरु के लिए सीधी हवाई सेवा का लगातार आग्रह भी किया जा रहा था। पूर्व में सीधी सेवा थी लेकिन पिछले छह महीने से स्पाइस जेट ने यह सेवा बंद कर दी थी, जिससे लोगों को तकलीफ हो रही थी।

## शिवदत्त ठाकुर ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से दिल्ली में की शिष्टाचार मुलाकात

**नवसंदेश ब्यूरो**

**सिंहवाड़ा।** भाजपा राष्ट्रीय कार्यालय दिल्ली मे अमित शाह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय महामंत्री एवं बिहार प्रदेश अध्यक्ष शिवदत्त ठाकुर ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान संगठन के विस्तार, युवाओं की भागीदारी और आगामी रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा हुई।

इस संबंध में शिवदत्त ठाकुर ने बताया कि यह मुलाकात संगठन को मजबूत करने और युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने के उद्देश्य से अत्यंत महत्वपूर्ण रही। वहीं नितिन नवीन ने संगठन के कार्यों की सराहना करते हुए हर संभव सहयोग और मार्गदर्शन का आश्वासन दिया।



भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ शिवदत्त ठाकुर एवं अन्य ।

## बहेड़ी प्रखंड के खंगरैठा ग्राम में निर्मित नई सड़क का उद्घाटन

# ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना का विकास मेरी प्राथमिकता : डॉ. रामचन्द्र

**नवसंदेश ब्यूरो**

**हायाघाट।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बहेड़ी प्रखंड के खंगरैठा ग्राम में स्थानीय विधायक डॉ. रामचन्द्र प्रसाद ने अपने ऐच्छिक कोष से 12,70,900 की लागत से निर्मित नई सड़क का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक डॉ. रामचन्द्र प्रसाद ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना का विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**ग्रामीणों ने सड़क निर्माण के लिए विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सड़क के बनने से वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हुआ**

उन्होंने बताया कि इस सड़क के निर्माण से खंगरैठा सहित आसपास के गांवों के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी, साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य एवं व्यापार से जुड़े कार्यों में भी तेजी आएगी।विधायक ने आगे कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं और आने वाले समय में भी इसी तरह विकास कार्यों को गति दी जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि हायाघाट विधानसभा क्षेत्र के हर गांव तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना उनका संकल्प है।



उद्घाटन करते विधायक डॉ. रामचंद्र प्रसाद ।

ग्रामीणों ने सड़क निर्माण के लिए विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सड़क के बनने से वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हुआ है। मौके पर राधारमण मंडल, विष्णुदेव मंडल ,नवीन सिंह, आशाराम चौधरी, अनिल मंडल, प्रदीप मंडल,जितेंद्र मांझी, दिलीप साह,दिनेश सिंह, बीरबल मंडल, जगन्नाथ साह, उपेन्द्र सिंह, ललन सिंह,हेमचंद्र सिंह, संजय मंडल सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाना ही भाजपा का मूल उद्देश्य : पप्पू सिंह

# ऐतिहासिक एवं भव्य होगा भाजपा का स्थापना दिवस समारोह

**अलीनगर (एनएसबी)।** दरभंगा पूर्वी सांगठनिक जिला अंतर्गत अलीनगर विधानसभा के अलीनगर पूर्वी मंडल में भारतीय जनता पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन नरमा स्थित जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह के आवासीय कार्यालय पर किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष लाल मुखिया ने की।

बैठक में आगामी 6 अप्रैल को होने वाले भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस को भव्य एवं ऐतिहासिक रूप से मनाने को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान संगठन की मजबूती, कार्यक्रम की व्यापक तैयारी तथा कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ स्थापना दिवस को सफल एवं यादगार बनाने का संकल्प लिया। जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का इतिहास संघर्ष, समर्पण और राष्ट्रसेवा की अद्भुत गाथा है। एक समय ऐसा था जब पार्टी के केवल 2 सांसद हुआ करते थे, लेकिन कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, मजबूत संगठन और विचारधारा की दृढ़ता के बल पर आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है और देश में सशक्त सरकार का नेतृत्व कर रही है।



बैठक में भाजपा के महामंत्री पप्पू सिंह एवं अन्य ।

**6 अप्रैल को होने वाले स्थापना दिवस समारोह को लेकर की गयी बैठक**

उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाना ही भाजपा का मूल उद्देश्य रहा है। इसी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए आज नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने संगठन को मजबूत करते हुए गरीब कल्याण, आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया, जनधन योजना, उज्ज्वला योजना जैसी अनेक जनहितकारी योजनाओं के माध्यम से देश के हर वर्ग को सशक्त करने का कार्य किया है। वहीं मंडल अध्यक्ष लाल मुखिया, गंगा राम सहनी, युवा मोर्चा जिला महामंत्री प्रकाश सहनी, पंचायत अध्यक्ष श्रवण झा,ललित मोहन मिश्र,बैजू चौधरी, जगरनाथ यादव, अनिल ठाकुर, संजय मंडल,अमित कुमार सिंह, बूथ अध्यक्ष मुकेश सिंह, त्रिवेणी सदा,निखत प्रवीण आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### आईएमए का 68 वां सन्डे ऑन साइकिल संपन्न

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. डी.के. मिश्रा एवं प्रेसिडेंट आईएमए समस्तीपुर डॉ. जी.सी. कर्ण के नेतृत्व में रविवार को आईएमए भवन से आर.पी. मिश्रा रोड तक ह्यसन्डे ऑन साइकिलह्ण अभियान के तहत एक साइकिल मार्च का आयोजन किया गया। इस मार्च में शहर के विभिन्न वर्गों के गणमान्य लोग, आईएमए के सदस्य एवं कई स्वास्थ्यकर्मी शामिल हुए। इस बाबत प्रेसिडेंट आईएमए डॉ. कर्ण ने बताया कि, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024 में आयोजित ह्लसंडे ऑन साइकिलह्ण कार्यक्रम हमारे हीरो एवं जीवन रक्षकों को समर्पित है। उन्होंने कहा कि, इन दिनों एक बड़ी आबादी मोटापा, मधुमेह और इससे उत्पन्न बीमारियों से पीड़ित है। इनके दुष्परिणामों से बचाव के लिए शारीरिक व्यायाम अत्यंत आवश्यक है। साइकिल चलाना अपने आप में एक संपूर्ण व्यायाम है। इसलिए सिर्फ कुछ देर साइकिल चला कर कई बीमारियों से छुटकारा और राहत पा कर स्वस्थ जीवन का आनंद लिया जा सकता है। उन्होंने बताया कि, फिट इंडिया -खेलो इंडिया अभियान के आह्वान पर आईएमए समस्तीपुर के तत्वावधान में 68 वें ह्लसंडे ऑन साइकिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ कर्ण ने कहा कि, यह एक प्रकार का रोग निवारक प्राकृतिक चिकित्सा है जो मधुमेह, मोटापा और हृदय रोगों की रोकथाम और नियंत्रण में बेहद कारगर है।

### अष्टयाम महायज्ञ को लेकर निकली कलश शोभा यात्रा

**मोरवा (एनएसबी)।** प्रखंड के ऐतिहासिक भाग्य रानी स्थान माता काली स्थान मोरवा में अष्टयाम महायज्ञ को लेकर भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। गाजे बाजे एवं भगवान के जयकारों के बीच 251 कन्याओं से सजी कलश यात्रा तालाब किनारे पावन गंगा जल धारण कर नगर भ्रमण करते हुए भाग्य रानी स्थान माता काली स्थान पहुंची। इस दौरान माता काली, माता दुर्गा,भगवान शंकर, हनुमान जी, गणेश जी और भगवान विष्णु का जय कारों से संपूर्ण क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। कलश यात्रा का नेतृत्व अष्टयाम महायज्ञ समिति के अध्यक्ष आनंद कुमार राय, विरिया देवी,



पिंकेश कुमार,सतीश कुमार, बेचन राय धीरेंद्र कुमार, प्रभाकर कुमार, चितरंजन कुमार, मनोरंजन कुमार, विनोद राय, मुन्ना पांडे, सोनू कुमार, गनौर राय, मुकेश कुमार, विनोद कुमार, आनंद राज ठाकुर, राम दिनेश गुप्ता आदि कर रहे थे। कलश शोभायात्रा में संपूर्ण पंचायत के हजारों श्रद्धालु एवं ग्रामीण मौजूद थे।

### जनवादी लेखक संघ की बैठक संपन्न

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जनवादी लेखक संघ की समस्तीपुर जिला इकाई की बैठक रविवार को स्टेशन रोड स्थित शहीद उदय शंकर भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के जिला अध्यक्ष शाह जफर इमाम ने की। बैठक की शुरूआत हिंदी के चर्चित कहानीकार एवं जनवादी लेखक संघ के वरिष्ठ सदस्य अनंत कुमार सिंह, सुप्रसिद्ध इतिहासकार डॉ. के. एन. पण्णिकर तथा इजरायल-अमेरिका-ईरान युद्ध में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। उपस्थित सदस्यों ने उनकी स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया। बैठक में संगठन की सदस्यता नवीकरण प्रक्रिया तेज करने, आगामी 3 मई को हिंदी के सुप्रसिद्ध कथाकार अमरकांत की जन्मशती के अवसर पर परिचर्चा आयोजित करने तथा उर्दू के नामवर शायर मरहूम रजा अश्क की जयंती पर मई के तीसरे सप्ताह में कवि सम्मेलन-मुशायरा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सचिव डॉ. अरुण अभिषेक के अलावा कासिम सबा, डॉ. बीडी सिंह, शंभू शरण यादव, डॉ. श्याम कांत महतो, सुरेन्द्र कुमार, मो. अयूब अंसार, अरविंद कुमार दास तथा मीना कुमारी सहित अन्य सदस्यों ने भाग लेकर अपने विचार रखे।

### चोरी मामले का नामजद आरोपी गिरफ्तार

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** स्थानीय थाना पुलिस ने वर्ष 2023 में दर्ज चोरी के एक मामले में नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना कांड संख्या 131/23, धारा 461/379 एवं 411 के तहत दर्ज मामले के नामजद अभियुक्त अंकित कुमार पिता मुन्ना भगत निवासी मड़वा गोपालपुर को पुलिस ने गांव से गिरफ्तार किया। उक्त आरोपी वर्ष 2023 में दर्ज चोरी के मामले में नामजद था और लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस को उसकी तलाश थी। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे उसके गांव मड़वा गोपालपुर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और ऐसे मामलों में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

### पुलिस ने चिपकाया दो फरार आरोपियों के घर इश्तेहार

**विद्यापतिनगर/एनएसबी।** कोर्ट से आदेश प्राप्त कर विद्यापतिनगर थाना की पुलिस ढोल-नगाड़े बजाते हुए थाना क्षेत्र के बालकृष्णपुर मड़वा गांव पहुंची। इसी गांव के जानलेवा हमला करने, आर्म्स एक्ट समेत अन्य अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के आरोप में लंबे समय से फरार धर्मेंद्र महतो की गिरफ्तारी के लिए ताबड़तोड़ छापेमारी की, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। इसके बाद पुलिस टीम ने फरार आरोपियों के घर में थानाध्यक्ष सूरज कुमार के नेतृत्व में



इश्तेहार चिपकाया। साथ ही साहिट गांव के आर्म्स एक्ट समेत अन्य अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के आरोप में लंबे समय से फरार आरोपी दिव्यांशु कुमार के घर पे अपर थानाध्यक्ष आराधना कुमारी के नेतृत्व में इस्तेहार चिपकाया। यह जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि इसके बाद भी अगर फरार दोनों आरोपी शीघ्र सरेंडर नहीं करेगा तो नियमानुसार 15 दिन बाद पुनः कोर्ट से आदेश प्राप्त कर दोनों के खिलाफ कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। मौके पर एएसआई राकेश कुमार पीटीसी रविन्द्र कुमार सहित पुलिस बल मौजूद थे।

### झोला काटकर सेवानिवृत्त डाककर्मी के 44 हजार उड़ाए

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** शहर में भीड़भाड़ के बावजूद उचक्कों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला प्रधान डाकघर के सामने का है, जहां दिनदहाड़े उचक्कों ने झोला काटकर एक सेवानिवृत्त डाककर्मी के 44 हजार रुपये उड़ा लिए। जानकारी के अनुसार, कपूरीग्राम थाना क्षेत्र के माधोपुर रानीटोल निवासी सचिन्द्र प्रसाद वर्मा अपनी पत्नी मंजूला देवी के साथ पेंशन की राशि निकालने प्रधान डाकघर पहुंचे थे। उन्होंने डाकघर से 45 हजार रुपये निकाले, जिसमें से 44 हजार रुपये बैग में तथा एक हजार रुपये अलग रखे थे।राशि निकालने के बाद दोनों बस स्टैंड की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सड़क किनारे एक ठेला पर रुककर सामान खरीदने लगे, जहां पहले से कुछ लोग मौजूद थे। खरीदारी के बाद जब उन्होंने बैग



खोलकर पैसे निकालने की कोशिश की तो देखा कि झोला कटा हुआ है और उसमें रखे 44 हजार रुपये गायब हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र का जायजा लिया। पुलिस ने डाकघर और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है। गौरतलब है कि इस घटना से एक दिन पूर्व ही शहर के मगरदही घाट के पास बाइक सवार बदमाश कपड़ों से भरा झोला लेकर फरार हो गए थे। वहीं कुछ दिन पहले कचहरी कैंपस के पास एक सेवानिवृत्त दारोगा का बैग काटकर एक लाख रुपये उड़ा लिए गए थे। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से शहरवासियों में दहशत का माहौल है।

# भाजपा पूसा मंडल दक्षिणी मंडल प्रशिक्षण संपन्न

**ओईनी (एनएसबी)।** भाजपा पूसा मंडल दक्षिणी स्थित जिला खादी ग्रामोद्योग परिसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल प्रशिक्षण महाअभियान के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष मधु पासवान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष सह जिला प्रवक्ता अशोक पासवान ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष विमल कुमार गोलू ने किया। इस प्रशिक्षण में समस्तीपुर दक्षिण जिलाध्यक्ष नीलम सहनी ने मंडल प्रशिक्षण महाभियान, मन की बात और भाजपा स्थापना दिवस के बारे में बिस्तार से जानकारी दी। जिला के सभी पदाधिकारीयों ने भारत सरकार के विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए तथा, मंडल स्तर पर किए जाने वाले संगठनात्मक कार्यों पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर जिला महामंत्री सुनील कुमार गुप्ता, विधानसभा




कार्यक्रम में शामिल पदाधिकारी व अन्य।

संयोजक विजय कुमार शर्मा, जिला प्रवक्ता कृष्ण गोपाल शर्मा, जिला आईटी सेल जिला कार्यसमिति सदस्य नीरज कुमार चौधरी, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख कृष्ण कुमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष ध्रुव पाठक, पूसा दक्षिणी मंडल प्रभारी राकेश कुमार मुन्ना, युवा मोर्चा शुभम जायसवाल, मंडल उपाध्यक्ष इंद्रभूषण कुमार एवं फूलिया देवी, राकेश कुमार गिरी, मंडल प्रवक्ता सच्चिदानंद झा, शक्तिकेंद्र प्रमुख विनोद कुमार सिंह, जयशंकर सिंह, बबलू कुमार गुप्ता, देवेंद्र पासवान, एस.सी मोर्चा अध्यक्ष पवन कुमार, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ सुरज राम, देवन पासवान, खुशबु देवी, गांगुली प्रसाद सिंह, अभिराम ठाकुर, नितेश कुमार, सकलदीप पासवान, सीता देवी, चूलिया देवी, कृष्णा देवी, शांति देवी, कपिलेश्वर पासवान, राज किशोर पासवान, उमेश पांडे, हरिराम मिश्रा, विभा देवी, रामसिंगारी देवी, सुमित्रा देवी, सुमन देवी, फुलेश्वरी देवी, सुनीता देवी, सूर्यकुमार पासवान, अमित कुमार, सोनू कुमार, आयुष राज, आदित्य कुमार, अंशु कुमार, चंपा देवी, मिंता देवी, संता कुमारी, शत्रुघन कुमार, संतोष दास, संतोष महतो, विशाल कुमार, अनुष्का कुमारी, करण कुमार, कार्तिक कुमार, नीतीश कुमार, लक्ष्मी देवी, शिवानी कुमारी, शिवम कुमार, मुकुल कुमार, इंद्रजीत कुमार, सुमित कुमार, आमिर नाथ पासवान आदि मौजूद थे।

## अगलगी में दर्जनाधिक घर जल कर खाक, एक मासूम और मवेशी की झुलसने से मौत

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** रविवार को विशनपुर पंचायत के अंतर्गत वार्ड संख्या-06 में अचानक आग लगने से अशोक सदा के 04 वर्षीय पुत्र मनोज सदा तथा एक बकरी की मौत हो गई। इस घटना में दर्जनों घर अनाज, वस्त्र, पैसा, साइकिल आदि सहित जल कर पूर्णतः नष्ट हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने पीड़ित परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढाढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि, घटना बेहद दुखद है, मैं हमेशा पीड़ित परिवार के साथ खड़ा हूं। इसी क्रम में उन्होंने प्रखंड सह अंचल कार्यालय में फोन करके पीड़ित परिजनों को सहायता राशि जल्द से जल्द मुहैया कराने की मांग की और पीड़ित परिजनों को अपने स्तर से भी सहयोग प्रदान किया। इस घटना में अशोक सदा,मनोज सदा, मोहन सदा, शिवचंद्र सदा, विकास सदा, सुधीर सदा, महेंद्र सदा, बैजनाथ सदा, प्रकाश सदा तथा राजेन्द्र सदा के घर पूर्णतः जल गए है। मौके पर पूर्व विधायक के साथ जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर, पंचायत समिति जनार्दन राम, राजद नेता मोङ्क आसिफ इकबाल, विनोद महतो, अखिलेश दास, जयलाल राय आदि भी मौजूद थे।



घटनास्थल पर पूर्व विधायक व अन्य।

## दलसिंहसराय डीएसपी का नंबर हैक, पुलिस महकमे में हड़कंप, उक्त नंबर से पैसे मांगे जाने की शिकायत पर हरकत में आई पुलिस

**समस्तीपुर/एनएसबी।** जिले में साइबर अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। अब बदमाशों ने पुलिस अधिकारियों को ही निशाना बनाना शुरू कर दिया है। ताजा मामला दलसिंहसराय अनुमंडल का है, जहां अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (डीएसपी) विवेक कुमार शर्मा के सरकारी मोबाइल नंबर को हैक कर अपराधियों द्वारा लोगों से व्हाट्सएप के माध्यम से रुपए की मांग की जा रही है। इस घटना के सामने आने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है।

इस बाबत मिली जानकारी के मुताबिक साइबर अपराधी हैक किए गए नंबर से डीएसपी के परिचितों, स्थानीय व्यवसायियों और अन्य लोगों को मैसेज भेजकर इमरजेंसी का बहाना बना रहे हैं और ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर करने का दबाव बना रहे हैं। कुछ लोगों को क्यूआर कोड (स्कैनर) भी भेजा गया है, ताकि वे पैसे भेज सकें। हालांकि कई लोगों ने समझदारी दिखाते हुए पैसे भेजने से इनकार कर दिया और तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई और साइबर सेल को मामले की जांच में लगा दिया गया है। नंबर की तकनीकी जांच की जा रही है। शुरूआती जांच में सिम क्लोनिंग या सोशल इंजीनियरिंग के जरिए नंबर के दुरुपयोग की आशंका जताई जा रही है। उधर, डीएसपी विवेक कुमार शर्मा ने लोगों से अपील की है कि, किसी भी कॉल या मैसेज के आधार पर पैसे ट्रांसफर न करें, चाहे मैसेज करने वाला खुद को कोई अधिकारी ही क्यों न बताए।



विवेक कुमार शर्मा, डीएसपी।

यदि इस तरह का कोई मैसेज मिले तो संबंधित व्यक्ति से सीधे संपर्क कर उसकी पुष्टि अवश्य करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कोई भी सरकारी अधिकारी व्यक्तिगत रूप से इस तरह पैसे की मांग नहीं करता है। किसी भी संदिग्ध कॉल या मैसेज की सूचना तुरंत नजदीकी थाना या साइबर हेल्पलाइन को दें। लगातार बढ़ रहे साइबर अपराधों को देखते हुए पुलिस ने लोगों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के तहत ताजपुर पूर्वी मंडल का प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

**ताजपुर (एनएसबी)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के तहत रविवार को ताजपुर पूर्वी मंडल का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। नगर क्षेत्र के श्यामगाछी भरोखरा स्थित अध्ययन मंत्रा में मंडल अध्यक्ष सुशील कुमार चौबे की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रशिक्षण वर्ग का संचालन वर्ग प्रमुख कृष्णमोहन प्रसाद गुप्ता ने किया। इस दौरान बिहार विधान परिषद डॉ. तरुण कुमार चौधरी, जिला प्रभारी संजय सिंह, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव, धीरेंद्र कुमार धीरज, राकेश राज, राजीव सूर्यवंशी, तथा सोशल मीडिया के जिला संयोजक अमृतांश कुमार, भाजपा ताजपुर दक्षिणी मंडल अध्यक्ष दिलीप सिंह कुशवाहा, व दीपक कुमार सत्यार्थी ने संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती प्रदान करने एवं आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया। इस क्रम में उन्होंने भारत सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने के साथ साथ बूथ सशक्तिकरण, वैचारिक अधिष्ठान, कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि, सरकार की उपलब्धि एवं क्रियान्वयन अनुशासनात्मक विचार, आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। मौके पर अरविंद पोद्दार, अखिलेश शर्मा, अर्जुन भंडारी, अरुण भंडारी, धर्मेंद्र चौबे, राजाराम चौबे, सत्येंद्र प्रसाद सिंह, प्रमोद कुमार राय, कपिल देव राय, सुनील कुमार सेठ, रामप्रवेश शर्मा, जितेंद्र दास, रामप्रकाश दास, पिंकी देवी, श्याम सुंदर पोद्दार, नंदलाल भगत, सत्य प्रकाश सुमित, टुनटुन कुमार सिंह, नंद लाल भंडारी, रविकर उपाध्याय, अभिनव कुमार, शिव कुमार यादव, विनोद शाह, अमरनाथ शर्मा, विजय कुमार, सरयुग साह रेशमा देवी, कौशल्या देवी, अमित पासवान, मोहम्मद नदीम आरजू, आदि सहित मंडल के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने कार्यकताओं को संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।



## उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय रसलपुर में मेधा सम्मान समारोह आयोजित

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के सरायरंजन प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, रसलपुर में शनिवार को मेधा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर विद्यार्थियों की सफलता, संघर्ष और सपनों का जीवंत साक्षी बन गया। समारोह में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा तथा कक्षा 9वीं एवं 11वीं की वार्षिक परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम तीन स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय स्तर पर मैट्रिक परीक्षा में 467 अंक प्राप्त करने वाले योगेश कुमार को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अलावा 439 अंक प्राप्त करने वाले अंशु कुमार, 426 अंक प्राप्त करने वाले अमन कुमार, तथा 414 अंक प्राप्त करने वाली प्रिया कुमारी को भी सम्मानित किया गया। वहीं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में 447 अंक प्राप्त करने वाली प्रीति कुमारी को उनके अभिभावकों के साथ विशेष सम्मान दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनीष चन्द्र प्रसाद ने की, जबकि संचालन शिक्षक महेश कुमार राम ने किया। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरदेव राय, सदस्य राम सागर राय एवं अक्षेवर राय की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी गरिमामय बना दिया।

## सरकारी एवं निजी विद्यालयों में हो एनसीईआरटी बुक से पढ़ाई : सुरेंद्र प्रसाद सिंह

### निजी विद्यालयों की कमीशनखोरी के खिलाफ समस्तीपुर में विरोध मार्च, सभा आयोजित

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** निजी विद्यालयों द्वारा किताब, कॉपी, यूनिफॉर्म, टाई, बेल्ट, डायरी, टेस्ट, एडमिशन, री-एडमिशन आदि में कमीशनखोरी के विरोध में नागरिक समाज के बैनर तले रविवार को शहर में विरोध मार्च निकाला गया तथा सभा का आयोजन किया गया। इस क्रम में स्कूल द्वारा छात्र-अविभावकों के शोषण व लूट के खिलाफ रविवार को नागरिक समाज से जुड़े लोगों ने शहर के स्टेडियम गोलंबर के पास इकट्ठा होकर अपने-अपने हाथों में बैनर मांगों से संबंधित तख्तियां लेकर विरोध मार्च निकाला। मांगों के समर्थन में विभिन्न नारे लगता विरोध मार्च शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए समाहरणालय पर पहुंचा जहां जोरदार नारेबाजी के बाद सभा में बदल गया। सभा की अध्यक्षता नागरिक समाज के संयोजक सेवानिवृत्त सैनिक रामबली सिंह ने किया। सभा को संबोधित करते हुए समाजसेवी सह मानवाधिकार कार्यकर्ता सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि, निजी स्कूल प्रबंधन छात्रों और अभिभावकों पर अनावश्यक दबाव बनाकर या तो स्कूल से किताब, कापी, यूनिफॉर्म, टाई, बेल्ट, डायरी देते हैं या फिर बाजार में निर्धारित दुकान से ही खरीदने को मजबूर करते हैं जिससे छात्र- अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है। वहीं विद्यालय प्रबंधन टेस्ट, एडमिशन, री-एडमिशन, प्रमोशन आदि के नाम पर मोटी रकम वसूलती है। श्री सिंह ने कहा कि, जब देश में एक शिक्षा नीति हो सकती है तो सरकारी एवं निजी विद्यालयों में एक समान किताब क्यों नहीं? सभा को संबोधित करते हुए राजद नेता राकेश ठाकुर ने कहा कि शिक्षा के नाम पर इस तरह की वसूली पूरी तरह गलत है और इसे तत्काल बंद किया जाना चाहिए।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस पर शीघ्र रोक नहीं लगी तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।




## 'युवा वर्ग और रोजगार की संभावना' विषयक संगोष्ठी संपन्न

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** विभूतिपुर प्रखंड क्षेत्र के कौशल विकास केंद्र, खदियाही के सभागार में जवाहर ज्योति बाल विकास केंद्र, समस्तीपुर व दूर देहात संस्था, माना राय टोल, विभूतिपुर के संयुक्त तत्वाधान में "युवा वर्ग और रोजगार की संभावना" विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता दिनेश कुमार दिनकर व संचालन दूर देहात सचिव आचार्य प्रभु नारायण झा नें की। अंजना भारती व रत्न प्रिया की सुरीली आवाज में स्वागत गीत के पश्चात प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी, जिला पार्षद जितेंद्र राम, समाजसेवी श्याम किशोर कुशवाहा, दूर देहात के अध्यक्ष दिनेश कुमार दिनकर, जवाहर ज्योति बाल विकास केंद्र, समस्तीपुर के सचिव सुरेंद्र कुमार व जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. दीप्ति कुमारी व सेवानिवृत्त शिक्षक रामशंकर प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर संगोष्ठी का विधिवत उद्घाटन किया। तत्पश्चात मिथिला परंपरा के अनुसार चादर, पाग व फूल-माला भेंट कर आगंतुक अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजसेवी श्याम किशोर कुशवाहा नें कहा कि जरूरी नहीं है कि हर एक युवक-युवतियों सरकारी नौकरी से ही बेहतर भविष्य और पहचान बना सकते है, वे रोजगार की दिशा में भी कड़ी मेहनत कर उच्च स्थान प्राप्त कर सकते है। लेकिन उसके लिए सर्वप्रथम शिक्षा जरूरी है। अपने संबोधन के दौरान कौशल विकास केंद्र के निदेशक सह दूर देहात के संस्थापक सचिव श्री झा ने कहा कि मौजूदा दौर में जब बात डिजिटल इंडिया की हो रही है ऐसे में कंप्यूटर शिक्षा अत्यंत हीं आवश्यक है। सरकार द्वारा कुशल युवा कार्यक्रम के माध्यम से 3 माह की निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण मुहैया कराई जा रही है, जिसे छात्र सिर्फ डिग्री समझ कर नहीं बल्कि भविष्य की नींव समझकर अगर ग्रहण करते हैं तो, उन्हें सफलता निश्चित रूप से मिलेगी। संगोष्ठी के दौरान अन्य वक्ताओं ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त कर युवाओं को प्रोत्साहित किया। साथ ही सेवानिवृत शिक्षक रामशंकर प्रसाद, कौशल विकास केंद्र के समन्वयक पिंटू कुमार, समाजसेवी चंद्रदेव प्रसाद सिंह, शिक्षक सुजीत कुमार, संजीत कुमार, मुकेश कुमार, दीनबंधु कुमार, अजय आनंद, बीके शर्मा, आदेश कुमार, कुंदन कुमार, नरेंद्र पंडित, अनिल कुमार सहित कई अन्य निजी शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों को भी सम्मानित कर शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की गई। मौके पर केवाईपी के प्रशिक्षक सुबोध सोनू, श्रवण कुमार दास, नीतीश कुमार, रचना राही, सोनम कुमारी आदि उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के बीच जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र द्वारा डाबर ग्लूकोज सी का वितरण किया गया।




प्रखण्ड प्रमुख को सम्मानित करती समाजसेवी व अन्य।

## संक्षिप्त खबरें

### सफल छात्र छात्राओं को लेकर एक सम्मान समारोह का आयोजन

**खजौली (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के खजौली बाजार स्थित संतु चौक से से पूरब लचक्का के पास संचालित मार्गदर्शन एकेडमी के सीटेट 2026 में सफल छात्र छात्राओं को लेकर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।आयोजित कार्यक्रम को विधिवत रूप से शिक्षक सज्जन पासवान सेवानिवृत्त शिक्षक शिव कुमार सिंह,कामेश्वर सिंह संस्था के डायरेक्टर संतोष कुमार सहित अन्य आगंतुक अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस दौरान उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि खजौली जैसे ग्रामीण परिवेश में संचालित हो रही मार्गदर्शन एकेडमी के द्वारा महानगरों के शिक्षा संस्था के जैसे सीमित संसाधन रहने के बाबजूद बच्चों को कुशल शिक्षकों के द्वारा छात्र छात्राओं को बेहतरीन तैयारी की ही नतीजा हैं। कि यहां के बच्चों लगातार सफलता प्राप्त कर रहे हैं।वहीं संस्था के डायरेक्टर संतोष कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि सीटेट 2026 में इस संस्था से कुल 75 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया था ।जिसमें से 63 बच्चों ने सफलता हासिल किया है।इस दौरान संस्था के ओर से टॉप फाइव में स्थान पाने वाले अमीषा कुमारी ,प्रथम , अनुजा कुमारी द्वितीय,लिविसा कुमारी तृतीय,कल्पना कुमारी,जूही कुमारी,किरण कुमारी,पूनम कुमारी चतुर्थ,वहीं मधु कुमारी सहित अन्य छात्र पंचम स्थान पाने वाले को संस्था की ओर से मोमेंटो और मेडल देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर जगरनाथ शर्मा,सुनील कुमार ,पवन कुमार,विंदेश्वर सिंह,सुशील सिंह ,संजीत कुमार,श्रवण कुमार,राजेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे ।



### प्राथमिक विद्यालय चंद्रबाना में हुआ ईको क्लब का गठन

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय चंद्रबाना में विद्यालय प्रधानाध्यापक कामोद साफी की अध्यक्षता में यूथ एव ईको क्लब का गठन किया गया. ईको क्लब में विद्यालय में अध्ययन अध्यनरत बीस छात्र छात्रों को यूथ एवं ईको क्लब का सदस्य बनाया गया. विद्यालय के प्रधानाध्यापक कामोद साफी ने बताया कि शिक्षकों को सहायक नोडल बनाया गया है. जल जीवन हरियाली तभी होगी खुशहाली पानी को हम बचाएंगे देश को खुशहाल बनाएंगे नारो के साथ यूथ एवं इको क्लब के सदस्यों ने साफ-सफाई अभियान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम भी चलाया. क्लब के सदस्यों ने बताया कि स्वस्थ जीवन शैली अपनाने, ऊर्जा की बचत करने, एवं अपशिष्ट को कम करने,ई कचरा कम करने को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा.



### विदाई सह सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय गेनौर के परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम कि अध्यक्षता विद्यालय प्रधान सुशील साहू ने किया. जबकि कार्यक्रम का संचालन मो जाकिर हुसैन की. इस मौके पर छात्र-छात्राओं को भावपूर्ण विदाई कि गई. वहीं उत्कृष्ट अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित भी किए गए. वक्ताओं ने उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें नई दिशा के लिए प्रेरित किया. कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर माहौल को भावुक और उल्लासपूर्ण बना दिया. कई विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया. कई छात्र ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया.अभिभावकों ने भी शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों का मनोबल बढ़ता है.इस मौके पर शाहजहां दिलगीर,सीमा झा, संगीता कुमारी,रेणु कुमारी महतो सहीत कई लोग उपस्थित थे.



### एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का किया गया आयोजन

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्र सिमरी के परिसर में रविवार को पंडित दीन दयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान कार्यक्रम का आयोजन भाजपा कार्यकताओं के द्वारा किया गया. प्रशिक्षण शिविर में मंडल के सभी पदाधिकारी, पूर्व मंडल पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता,,बूथ अध्यक्ष, आई टी सेल टीम, युवा मोर्चा के सभी सदस्य, सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारिय उपस्थित रहे. कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य देवेंद्र प्रसाद यादव , कुशेश्वर प्रसाद कुशवाहा, सुनील मिश्र, विनोद कुमार,मंडल अध्यक्ष सुभाषचंद्र क्षा, मंडल महामंत्री श्रवण यादव, सत्यनारायण यादव, सुजीत यादव, श्रीचंन पासवान, डॉ रामाशंकर मेहता, अखिलेश कुमार झा सहित कई लोगों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर पुष्प अर्पण कर किया.एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में मुख्य रूप से कार्यकताओं को प्रशिक्षित की गई.प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत पार्टी की विचारधारा पर आधारित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई.



### राष्ट्रीय खोज प्रतिभा प्रतियोगिता परीक्षा में 70 प्रतिशत अंक प्राप्त किया अनुराधा कुमारी

**लदनियां(एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत खाजेडीह में अवस्थित आदर्श शिक्षण संस्थान में पढ़ाई करने वाली एवं विधालय के संचालक रंजीत कुमार के देख रेख में अनुभव और शिक्षा ग्रहण कर खाजेडीह गांव के निवासी राजेश कामत के पुत्री अनुराधा कुमारी ने राष्ट्रीय खोज प्रतिभा प्रतियोगिता परीक्षा में 70 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लदनियां प्रखंड एवं जिला का नाम रोशन किया है।वे आठ वीं कक्षा की छात्रा है। उनके इस सफलता पर विधालय शिक्षक एवं आदर्श शिक्षण संस्थान के संचालक रंजीत कुमार यादव, पूर्व प्रमुख मंगल बिहारी कामत, प्रमुख प्रमिला देवी के प्रतिनिधि सत्य नारायण साफी, गंगा सागर यादव, राम कुमार यादव, पूर्व मुखिया राम सागर साह, मुखिया अजय कुमार साह, खोजा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रलाह्द राय, मनोज कुमार यादव, पंचायत समिति प्रतिनिधि नागेन्द्र यादव, राम अशीष पासवान सहित अन्य लोगों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।



### धर्मशाला की जमीन बिक्री पर विवाद, भाकपा-माले ने एसडीओ से की कार्रवाई की मांग

**जयनगर (एनएसबी)।** सार्वजनिक और सरकारी भूमि की कथित अवैध खरीद-बिक्री को लेकर एक बार फिर मामला गरमा गया है। भाकपा-माले के प्रखंड सचिव भूषण सिंह ने अनुमंडल पदाधिकारी दीपक कुमार से मिलकर बुबना चैरिटी ट्रस्ट धर्मशाला की जमीन को अवैध तरीके से बेचने की शिकायत करते हुए जांच और कार्रवाई की मांग की है। दिए गए आवेदन में आरोप लगाया गया है कि नगर पंचायत जयनगर के महावीर चौक स्थित वार्ड संख्या-7 में बुबना चैरिटी ट्रस्ट के नाम दर्ज धर्मशाला की जमीन, जो सार्वजनिक उपयोग के लिए थी, उसे कथित रूप से कोलकाता निवासी अशोक कुमार बुबना ने अवैध रूप से श्याम प्रसाद मुरारका को करीब 1 करोड़ 44 लाख 50 हजार रुपये में बेच दिया। बताया गया है कि इस जमीन की जमाबंदी संख्या 27मे, खाता संख्या 563 और खेसरा संख्या 311 है, जिसका रकबा करीब 1 कठा 9 धूर है। भूषण सिंह के अनुसार, उक्त भूमि गैर-मजरूआ एवं सार्वजनिक श्रेणी की है, जिस पर वर्षों पहले आम लोगों के ठहरने के लिए धर्मशाला का निर्माण कराया गया था। समय के साथ भवन जर्जर हो गया, लेकिन भूमि पर भू-माफियाओं की नजर बनी रही। आरोप है कि पावर ऑफ अटॉर्नी के माध्यम से जमीन का हस्तांतरण कर इसकी रजिस्ट्री करा लिया गया है संगठन का कहना है कि श्याम प्रसाद मुरारका द्वारा जयनगर सहित कई शहरों में परिवार के विभिन्न सदस्यों के नाम पर करोड़ों रुपये की संपत्ति अर्जित की गई है, जिसकी जांच आवश्यक है।

# परिवर्तन की दहलीज पर नेपाल: शिक्षा व्यवस्था में चुनौतियाँ और संभावनाएं

**जयनगर (एनएसबी)।** पड़ोसी राष्ट्र नेपाल की शैक्षिक व्यवस्था इन दिनों बदलाव के महत्वपूर्ण दौर से गुजर रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि देश के समग्र विकास के लिए शिक्षा प्रणाली को समयानुकूल, समावेशी और व्यावहारिक बनाना बेहद जरूरी है। शिक्षा केवल ज्ञान का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन का आधार भी बन चुकी है।इतिहास पर नजर डालें तो राणा शासनकाल में शिक्षा सीमित वर्ग तक ही सिमटी हुई थी। प्रजातंत्र की स्थापना के बाद शिक्षा का विस्तार हुआ और आज देशभर में हजारों विद्यालय और कॉलेज संचालित हो रहे हैं। हालांकि, शिक्षा संस्थानों की संख्या में वृद्धि के बावजूद गुणवत्ता एक बड़ी चुनौती बनी हुई है।प्राथमिक स्तर पर नामांकन दर में सुधार हुआ है, लेकिन ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों में अब भी बुनियादी सुविधाओं की कमी, शिक्षकों की अनुपस्थिति और कमजोर शिक्षण व्यवस्था जैसी समस्याएँ मौजूद हैं। इसका सीधा असर विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता पर पड़ रहा है।



विशेषज्ञ डॉ. शैलेश

शिक्षा में असमानता भी एक गंभीर मुद्दा है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चे पढ़ाई जारी नहीं रख पाते और कई बार बाल श्रम की ओर मुड़ जाते हैं। वहीं, लड़कियों की शिक्षा में सुधार के बावजूद उच्च शिक्षा में उनकी भागीदारी अभी सीमित है।भाषाई विविधता भी शिक्षा के मार्ग में बाधा बनती है। बहुभाषी समाज होने के कारण एक ही माध्यम से पढ़ाई कराना कठिन हो जाता है, जिससे शुरूआती स्तर पर बच्चों को दिक्कत होती है।उच्च शिक्षा की बात करें तो त्रिभुवन विश्वविद्यालय सहित अन्य संस्थान बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को शिक्षा दे रहे हैं, लेकिन पाठ्यक्रम का अद्यतन न होना और शोध की कमी प्रमुख समस्याएँ हैं। इसके कारण छात्रों में विदेश जाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है, जिससे 'ब्रेन ड्रेन' की समस्या भी सामने आ रही है।

विशेषज्ञों के अनुसार, तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देना समय की मांग है। साथ ही, डिजिटल शिक्षा के विस्तार के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट और संसाधनों की कमी बड़ी बाधा बनी हुई है।सरकार की नीतियाँ सकारात्मक हैं, लेकिन उनके प्रभावी क्रियान्वयन की जरूरत है। शिक्षा सुधार के लिए सरकार के साथ-साथ समाज की भागीदारी भी अनिवार्य है।विशेषज्ञ डॉ. शैलेश का कहना है कि यदि शिक्षा प्रणाली में सुधार को प्राथमिकता दी जाए, तो नेपाल विकास की नई ऊंचाइयों को छू सकता है।

# आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रही जीविका दीदियां : बीपीएम

**लदनिया (एनएसबी)।** जीविका दीदियां समूह क्रांति से जुड़कर अब काफी तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रही है। महिलाएं अब स्वरोजगार से जुड़कर परिवार में आर्थिक मदद दे रही है। उक्त बातें जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधक डॉ० धनंजय कुमार ने समेकित बाल विकास परियोजना (आंगनवाड़ी) के बच्चों के लिए पोशाक निर्माण केंद्र का निरीक्षण के दौरान कहीं। उन्होंने जीविका दीदियों से कहा की स्वरोजगार से जोड़ने का यह छोटा सा प्रयास है। आगे इसे और अधिक विस्तार दिया जाएगा। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया की प्रखंड में अभी कुल सात हजार छह सौ नब्बे बच्चे विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर नामांकित है। जिनमें तीन हजार नौ सौ नब्बे लड़के तथा सैंतीस सौ लड़कियां है। प्रति बच्चे दो सेट पोशाक देने का प्रावधान है। इस प्रकार कुल पंद्रह हजार तीन सौ अस्सी सेट पोशाक की आवश्यकता होगी। अभी प्रखंड में दो केंद्रो पर जीविका दीदियों द्वारा सिलाई का कार्य किया जा रहा है। एक सिलाई सेंटर प्रखंड परिसर स्थित विश्वास जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के कार्यालय में चल रहा है। वहीं दूसरा सिलाई सेंटर कामेपट्टी स्थित हिंदुस्तान जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के कार्यालय में चल रहा है। बच्चों के ड्रेस सिलाई के लिए पूर्व में ही लदनियां में एक सौ जीविका दीदियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रखंड परिसर स्थित सिलाई केंद्र का प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार ठाकुर ने निरीक्षण किया। उन्होंने जीविका दीदियों द्वारा किए जा रहे सिलाई कार्यों की सराहना करते हुए काफी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने जीविका दीदियों को और अधिक आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित भी किया।



कामगार महिला।

# 48 हजार 835 प्राकृतिक गैस, एल.पी.जी. का स्टॉक उपलब्ध

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिले में 5 मार्च को 48 हजार 835 प्राकृतिक गैस,एल.पी.जी. सिलिन्डर का स्टॉक उपलब्ध है। अब तक कुल बुकिंग 4 लाख 82 हजार 170 है।विभिन्न कंपनियों से गैस सिलिंडर प्राप्ति की संख्या-12 हजार 961 है। जिले के सभी एजेंसी के द्वारा उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी के माध्यम से एल.पी.जी. गैस की आपूर्ति की जा रही है। जिसके कारण एल.पी.जी. गैस वितरण सामान्य ढ़ंग से हो रहा है।पेट्रोल,मोटर स्पिरिट, तथा डीजल (हाई स्पीड डीजल,का 5 मार्च को जिले के सभी कंपनियों के पेट्रॉल पम्पो को मिलाकर 533.2 हजार लीटर पेट्रोल तथा डीजल,हाई स्पीड डीजल,724.3 हजार लीटर का स्टॉक उपलब्ध है। जबकि औसतन जिले के सभी कंपनियों के पेट्रॉल पम्पो को मिलाकर 95.19 हजार लीटर पेट्रॉल तथा डीजल (हाई स्पीड डीजल) 161.47 हजार लीटर का मात्र खपत है।जिले के विभिन्न कंपनियों के सभी एलपीजी वितरकों के द्वारा होम डिलीवरी के द्वारा होम डिलीवरी की सुविधा दी जा रही है। उपभोक्ताओं को गैस एजेंसी एवं गोदाम पर अनावश्यक भीड़ लगाने से बचने की आवश्यकता है।प्रशासन द्वारा गैस उपभोक्ताओं को सुगमतापूर्वक गैस की आपूर्ति करने के लिए कई प्रयास किए जा रहे है। साथ ही उपभोक्ताओं की समस्याओं का भी त्वरित गति से निराकरण किया जा रहा है। समय-समय पर आम जनता के विभिन्न माध्यम से प्राप्त शिकायतों की जांच जिलास्तरीय टीम के द्वारा कराकर आवश्यक कारवाई भी की जा रही है।जिला आपूर्ति पदाधिकारी, दीपक कुमार ने बताया कि सभी कंपनियों को मिलाकर आज गैस सिलिंडर का स्टॉक 48 हजार 835 है।सभी उपभोक्ताओं को अफवाह पर ध्यान देने की आवश्यकता नही है। अनावश्यक गैस एजेंसियों पर भीड़ नही लगाए एवं अपनी बारी का प्रतीक्षा करते हुए होम डिलीवरी से गैस प्राप्त करें। व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को जिला द्वारा उपलब्ध कराये गए लिंक पर अपने आवश्यकतानुसार डिमांड करने का निदेश दिया गया है, ताकि वस्तुस्थिति का आकलन करते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनको व्यवसायिक गैस सिलिंडर उपलब्ध कराने हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है।



गैस उपलब्ध करते।

# अर्धनिर्मित घर से एक युवक की लाश बरामद

**खजौली (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के सुक्की पंचायत की सुक्की गांव के वार्ड 13 से रविवार की दोपहर एक अर्धनिर्मित घर से एक युवक की लाश बरामद की गई। पुलिश ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मधुबनी भेज दिया है। मृतक युवक की पहचान सुक्की गांव के वार्ड 13 निवासी रामावतार राम के पुत्र रंजीत राम (35) के रुप में हुई है। परिवार लोगों के अनुसार मृतक युवक तीन दिन पहले से अपने घर से गायब था। स्वजन ने प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या की आशंका जताई है। शव से आ रही दुर्गन्ध से ऐसा प्रतीत होता है कि दो-तीन दिन पूर्व ही उनकी कहीं हत्या कर शनिवार की रात उनके शव को उनके अर्धनिर्मित घर में रख दिया गया है। जो भी हो स्थानीय थाना पुलिस सभी विन्दुओं पर जांच कर रही है। जांच हेतु मधुबनी से एफएसएल की टीम बुलाई गई है। एसडीपीओ सदर दो मनोज राम ने भी घटनास्थल का जायजा लिया। उन्होने प्रथम दृष्ट्या हत्या की आशंका जताई। कहा कि संभवतः युवक की कहीं हत्या कर उनके शव को उनके घर के पीछे उनके ही अर्धनिर्मित घर में फेक दिया गया है। हालांकि इस घटना के संबंध में परिवार के लोगों की ओर से स्थानीय थाना को समाचार लिखे जाने तक कोई आवेदन नहीं दिया गया था। परिवार लोगों का रोरोकर बुरा हालइधर घटना के बाद से स्वजन का रोरोकर बुरा है। मृतक पांच भाइयों में सबसे बड़ा था। तकरीबन 15 वर्ष पूर्व उनकी शादी हुई थी। उन्हें 14 वर्ष का एक पुत्र है। मृतक की पत्नी रीना देवी खुद कहती हैं कि उनके पति का गांव के ही किसी महिला से अवैध संबंध था। जिस कारण पिछले करीब छह माह से उनका पति सही से उनका देखभाल नहीं करता था। तीन दिन से उनके पति गायब थे। इस बीच उनलोगों ने उनकी काफी खोजबीन की, किन्तु कुछ पता नहीं चला। रविवार को घर के पीछे उनके ही अर्धनिर्मित घर से आसपास के लोगों ने दुर्गन्ध महशूस की। खोजबीन करने पर उनके पति का दुर्घन्ध युक्त शव बरामद किया गया।



घटना स्तर पर पुलिस बल।

### छात्र जीवन से लेकर अंतिम सांस तक जनता से जुड़े रहे पूर्व विधायक सियाराम यादव : विष्णदेव

**मधुबनी (एनएसबी)।** आपातकाल के दौरान दो वर्षो तक जेल में रहने वाले एवं 1977 में पंडौल विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहें सियाराम यादव के निधन पर सांसद ( राज्यसभा) प्रतिनिधि सह राजद बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विष्णुदेव सिंह यादव ने गहरी शोक संवेदना प्रकट किया हैं। सांसद प्रतिनिधि श्री यादव ने कहा कि दिवंगत पूर्व विधायक सियाराम यादव का जनता से ऐसा जुड़ाव था कि वे छात्र जीवन से लेकर अंतिम सांस तक जनता के बीच ही रह गए। इस दौरान उन्होंने विवाह जैसे बंधनों से भी स्वयं को दूर रखें।

# मधुबनी में 24 वर्ष के बाद ज्योतिष महाकुंभ के महासम्मेलन के सूत्रधार बने डॉ सुनील श्रीवास्तव

**मधुबनी (एनएसबी)।** अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष महासम्मेलन के दूसरे दिन रविवार को समापन सत्र के अवसर पर विशिष्ट विद्वानों ने अपना मंतव्य व्यक्त किया कहा।कहा कि चंद्रग्रहण सूर्य ग्रहण सहित पीतर तर्पण व सामान्य जीवन के दिन चर्या सहित पूजा पाठ जप तप ध्यान योग का निर्णय ज्योतिषाचार्य द्वारा ही किया जाता है। मिथिलांचल परिक्षेत्र के मधुबनी में 24 वर्ष के बाद हो रहे ज्योतिष महाकुंभ के महासम्मेलन के सूत्रधार डॉ सुनील श्रीवास्तव धन्यवाद के पात्र हैं।डा सुनील श्रीवास्तव के अथक परिश्रम के कारण ही आज चौबीस बर्ष बाद देश भर के जाने-माने ज्योतिषाचार्य, पंडित आचार्य व वास्तुविदों अंक गणित ज्योतिषाचार्यों की समागम महासम्मेलन मधुबनी में करवाया है।विद्वानों ने कहा कि वर्तमान केंद्रीय भाजपा सरकार द्वारा सनातन धर्म की रक्षा के लिए ढेर सारे आयामों की व्यवस्था देश के कोने-कोने में किया जा रहा है। विशिष्ट धार्मिक स्थलों को वास्तविदों के अनुसार वर्तमान समय में सुदृढ़ करने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा करवाया जा रहा है। अयोध्या से आए पंडित अवधेश पांडे ने बताया कि यहां रामलला मंदिर का निर्माण एक विशिष्ट योगदान के रूप में माना जा रहा है। काशी विश्वनाथ मंदिर में दशा सुमेर घाट से प्रसिद्ध विश्वनाथ मंदिर तक जो व्यवस्था की गई है वह अप्रतिम कार्य है। इसी प्रकार अन्य विशिष्ट धार्मिक स्थलों का भी निर्माण कार्य व व्यवस्थित करने की योजना में केंद्र सरकार दत्त चित प्रयास कर रही है। डॉ सुनील श्रीवास्तव ने कहा की महाकाल उज्जैन में मंदिर के लिए व्यवस्थित इन्तजाम सहित वहां पर दर्शनज्ञों के लिए किया जा रहा प्रायस केंद्र सरकार की महत्व को दशार्ता है। पंडित ज्योतिषाचार्य राजनाथ झा ने कहा कि मिथिलांचल परिक्षेत्र में 15वीं शताब्दी में हेमांगद ठाकुर नामक विद्वान ने 1000 वर्षो तक के ग्रहण माला तैयार किया।आज भी यह ग्रन्थ अद्वितीय है। मुगल शासक के द्वारा उन्हें जेल में रख दिया गया। जेल के काल कोठरी में रहकर अपने ज्ञान के बदोलत उन्होंने चंद्र ग्रहण व सूर्य ग्रहण लगने की तिथि का निर्धारण लिखना शुरू किया। अग्रिम हजारों वर्षों तक ग्रहण की तिथि का निर्धारण उन्होंने कर दिया। जेल से निकलने के बाद मिथिलांचल के लोगों ने उनकी लिखित सभी भोजपत्र पर संग्रहित तथ्यों को एकत्रित किया। विद्वानों द्वारा पुस्तक का निर्माण किया गया। जिसका नाम ग्रहण माला रखा गया। पंडित आचार्य राजनाथ ने कहा कि आज भी दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में यह पुस्तक संग्रहित है। अवसर पर बंगाल से पहुंची अनीता तिवारी ने बताया की वास्तु विद कला की ज्ञान से लोगों के रहन-सहन व सामान्य जीवन की शैली में परिवर्तन हो जाता है। भवन के निर्माण करते समय इस बात पर ध्यान देना अति आवश्यक बताया। अवसर पर तनुजा ने कहा कि औरा शक्ति के माध्यम से किसी भी भूखंड पर वहां की सामान्य स्थिति का अवलोकन किया जा सकता है। इसमें सावधानी बरतने पर आकस्मिक घटनाओं से बचने की उपाय हैं। कार्यक्रम में आयोजक मंडल द्वारा आगत अतिथियों को पाग दुपट्टा व मोमेंटो से स्वागत किया गया। अयोध्या के पंडित अवधेश पांडे को पैर रेखा विशेषज्ञ के रूप में लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। आयोजक मंडल के मुख्य सदस्य शुभम श्रीवास्तव ने आगत अतिथियों का स्वागत किया। सभी ज्योतिषाचार्य के प्रति आभार अभिनंदन व्यक्त किया।



उपस्थित ज्योतिष गण।

# हर हाल में अपराध नियंत्रण को लेकर थाना अध्यक्ष रहे सख्त, लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन करें : डीएसपी

**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** बेनीपट्टी अनुमंडल क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को लेकरल सभी थाना अध्यक्षों को सख्त रूप बनाने और रात्रि गश्ती के साथ चौक चौराहों पर करीब नजर रखने का निर्देश अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने दिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने रविवार को अपने कार्यालय कक्ष में क्राइम मीटिंग का आयोजन किया। मासिक क्राइम मीटिंग में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने सभी थाना अध्यक्षों को के साथ थाना क्षेत्रों में घटित आपराधिक घटनाओं, लंबित कांडों की स्थिति तथा विधि-व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में डीएसपी अमित कुमार ने सभी थानाध्यक्षों को स्पष्ट शब्दों में निर्देश देते हुए कहा कि लंबित कांडों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी मामले को अनावश्यक रूप से लंबित रखना गंभीर लापरवाही मानी जाएगी और इसमें दोषी पाए जाने वाले पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी में तेजी लाने, वारंट एवं कुर्की-जब्ती की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का भी निर्देश दिया।डीएसपी ने कहा कि अपराध नियंत्रण पुलिस की पहली जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी थाना क्षेत्रों में नियमित गश्ती बढ़ाने, संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया। खासकर हाल के दिनों में बढ़े घटना के मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने रात्रि गश्ती को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया।बैठक के दौरान डीएसपी अमित कुमार ने सभी थानाध्यक्षों से बारी-बारी उनके क्षेत्र में दर्ज कांडों की जानकारी ली। साथ ही यह भी पूछा कि अब तक कितने मामलों का निष्पादन किया गया है और कितने मामले लंबित हैं। उन्होंने लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए विशेष अभियान चलाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि हर थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्र में लंबित कांडों की सूची तैयार कर प्राथमिकता तय करें और निर्धारित समय सीमा के भीतर उनका निष्पादन करें।



## संक्षिप्त खबरें

### स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर फूलों और रोशनी से नहाया भाजपा जिला कार्यालय



**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को मुजफ्फरपुर जिला भाजपा कार्यालय (पूर्वी) में उत्सव का माहौल रहा। इस विशेष अवसर पर जिला कार्यालय को भव्य रूप से सजाया गया। पूरे कार्यालय परिसर को आकर्षक फूल-मालाओं और बिजली की लड़ियों से सुसज्जित किया गया। भाजपा के गौरवशाली इतिहास और स्थापना दिवस के महत्व को देखते हुए शाम से ही कार्यालय की छटा देखते ही बन रही थी। इस दौरान उपस्थित पार्टी के जिलाध्यक्ष विवेक कुमार, उपाध्यक्ष अरविंद सिंह, महामंत्री मुकेश शर्मा, मनोज तिवारी, रविशंकर कुशवाहा, मंत्री प्रतिरोध कुमार सहित दर्जनों पार्टी के नेताओं, समर्थकों व कार्यकताओं ने एक-दूसरे को स्थापना दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

### नेताओं ने बताया कि 6 अप्रैल से मुख्यमंत्री आवास पर कांटी विधायक की निशांत कुमार से मुलाकात, संगठन और विकास पर हुआ मंथन



**पटना/मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** रविवार की शाम राजधानी पटना स्थित मुख्यमंत्री आवास पर जदयू के वरिष्ठ नेता निशांत कुमार और कांटी विधायक ई.अजीत कुमार के बीच अनौपचारिक मुलाकात हुई। इस मुलाकात को राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिसमें संगठन की मजबूती और क्षेत्रीय विकास कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।विधायक अजीत कुमार ने इस संबंध में बताया कि मुलाकात के दौरान पार्टी संगठन को और सशक्त बनाने के उपायों पर विशेष रूप से विचार-विमर्श हुआ। साथ ही मुजफ्फरपुर जिले में चल रहे विकास कार्यों और आगामी योजनाओं पर भी चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि निशांत कुमार ने मुजफ्फरपुर के वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर भी अपने विचार साझा किए, जिससे कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर स्पष्टता बनी। मुलाकात का माहौल पूरी तरह सौहार्दपूर्ण और सकारात्मक रहा। दोनों नेताओं के बीच विभिन्न मुद्दों पर खुलकर संवाद हुआ, जिससे संगठनात्मक रणनीति को लेकर बेहतर समझ विकसित हुई। इस दौरान विधायक अजीत कुमार ने निशांत कुमार को अगले सप्ताह मुजफ्फरपुर आने का निमंत्रण दिया। निशांत कुमार ने इस निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए जल्द ही अपने दौरे की तिथि की जानकारी देने का आश्वासन दिया।

### महादेवी वर्मा स्मृति सम्मान से सम्मानित किए गए एमआइटी में फामेर्सी विभाग के पूर्व छात्र अरबिंद कुमार

फोटो 8 ( मंच पर सम्मान ग्रहण करती अरबिंद कुमार की धर्मपत्नी।

मुजफ्फरपुर(एनएस बी)। एमआइटी के फामेर्सी विभाग के पूर्व छात्र रहे अरविंद कुमार (बैच 1980) को महादेवी वर्मा स्मृति सम्मान समारोह 2026 में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें महादेवी वर्मा सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि संस्थान एवं पूरे क्षेत्र के लिए भी गर्व का क्षण है। ज्ञात हो कि अरविंद कुमार एमआइटी से फामेर्सी की पढ़ाई पूरी करने के बाद वर्तमान में अमेरिका में एक प्रतिष्ठित फार्मासिस्ट के रूप में कार्यरत हैं। अपने समर्पण, मेहनत और पेशेवर उत्कृष्टता के माध्यम से उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। सम्मान समारोह में अरबिंद कुमार के उपस्थित नहीं हो पाने की स्थिति में समारोह में उपस्थित उनकी धर्मपत्नी को मंच पर बुलाकर यह सम्मान दिया गया। इस दौरान उपस्थित गणमान्य अतिथियों एवं दर्शकों ने अरबिंद कुमार की प्रतिभा और उनकी उपलब्धियों की सराहना की। यह दृश्य अत्यंत प्रेरणादायक एवं गौरवपूर्ण रहा, जिसने वहां उपस्थित सभी लोगों को प्रभावित किया। वही संस्थान परिवार के सदस्यों ने अरविंद कुमार को मिले सम्मान को संस्थान के वर्तमान छात्रों एवं युवा पीढ़ी के लिए एक प्रेरणास्रोत बताया है। यह इस बात का प्रमाण है कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से कोई भी छात्र राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सफलता प्राप्त कर सकता है।





### कुख्यात हथियार तस्कर 'मास्टर' भैरव त्रिपाठी अवैध हथियार बेचते रंगेहाथ ब्रम्हपुरा क्षेत्र से गिरफ्तार, वर्ष 2012 से अपराध व हथियार तस्करी में था सक्रिय



**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** ब्रह्मपुरा पुलिस ने कुख्यात अपराधी व हथियार तस्कर भैरव त्रिपाठी उर्फ मास्टर को अवैध हथियारों की खरीद-बिक्री करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से हथियार भी बरामद किया है। यह जानकारी देते हुए सिटी एसपी मोहिबुल्ला अंसारी ने बताया कि अवैध हथियार कारोबार की गुप्त सूचना मिलने के बाद ब्रह्मपुरा थानाध्यक्ष विपिन रंजन के नेतृत्व में टीम गठित कर राहुल नगर रोड नंबर एक में छापेमारी की गई। चिन्हित स्थान पर पुलिस टीम को देखते ही भैरव त्रिपाठी उर्फ मास्टर भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन इलाके की घेराबंदी कर उसे हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस पूछताछ में यह बात सामने आई है कि भैरव त्रिपाठी ह्यमास्टर नाम से भी जाना जाता है। वह छोटे-छोटे आपराधिक गिरोहों को अवैध हथियार सप्लाई करता था जिससे इलाके में अपराध को बढ़ावा मिल रहा था। सिटी एसपी ने बताया कि पुलिस जांच में पता चला कि भैरव त्रिपाठी वर्ष 2012 से आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय है। उसके खिलाफ आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। सिटी एसपी के अनुसार आरोपी से जुड़े अन्य अपराधियों की पहचान की जा रही है। टेक्निकल सर्विलांस टीम को भी लगाया गया है, ताकि पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके। एसएसपी व सिटी एसपी ने स्पष्ट किया है कि जिले में अपराधियों के खिलाफ सख्त अभियान जारी रहेगा और किसी भी हाल में उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। जल्द ही इस गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी भी सुनिश्चित की जाएगी।

### मोहिउद्दीननगर सीएचसी का सिविल सर्जन ने किया औचक निरीक्षण

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के सिविल सर्जन डॉ. राजीव कुमार ने रविवार को मोहिउद्दीननगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्था, साफ-सफाई, मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा कर्मचारियों के कार्य व्यवहार का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में सिविल सर्जन ने अस्पताल में मौजूद मरीजों, उनके परिजनों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान अस्पताल की व्यवस्था एवं सेवा संचालन में कुछ कमियां सामने आईं, जिस पर उन्होंने चिंता जताई। इसके उपरांत सिविल सर्जन ने अस्पताल परिसर में ही स्वास्थ्य कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने विशेष रूप से कर्मियों के व्यवहार में सुधार लाने, मरीजों के प्रति संवेदनशीलता बरतने तथा कार्य में पारदर्शिता बनाए रखने पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने प्रसव कक्ष में अवैध वसूली, डॉक्टरों की उपस्थिति तथा जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने में अनियमितता से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए दोषी कर्मियों के विरुद्ध सख्त एवं विधिसम्मत कार्रवाई करने का स्पष्ट निर्देश दिया।

# शनिवार की देर रात आयुक्त ने अहियापुर थाना का किया औचक निरीक्षण

## तीन पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए लाइन हाजिर करने का सख्त निर्देश

## एसएसपी ने अहियापुर थाना के दो अवर निरीक्षक व एक सिपाही को किया लाइन हाजिर

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सरकारी कामकाज में जवाबदेही, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता विकसित करने तथा कार्य प्रणाली में सुधार लाने के उद्देश्य से तिरहुत प्रमंडलीय आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह शनिवार की देर रात अचानक अहियापुर थाना पहुंच गए और थाना के कार्यकलापों, व्यवस्था और पुलिस सक्रियता का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान आयुक्त ने कर्तव्य मे लापरवाही एवं सरकारी प्रोटोकॉल के प्रतिकूल आचरण करने के कारण तीन पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए लाइन हाजिर करने का निर्देश एसएसपी को दिया। बताया गया कि प्रमंडलीय आयुक्त को अहियापुर थाना में शिकायतकताओं के साथ अमर्यादित एवं अशिष्ट व्यवहार किये जाने संबंधी शिकायत प्राप्त हुई थी। उक्त शिकायत के सत्यापन उपरांत मामला सही पाये जाने पर आयुक्त ने स्वयं शनिवार की देर रात औचक निरीक्षण करने पहुंच गए। निरीक्षण के क्रम में अवर निरीक्षक जय प्रकाश एवं सिपाही (थाना मैनेजर) चंदन कुमार ड्यूटी के दौरान बिना वर्दी के थाना में मौजूद मिले तथा उनके पहने हुए वस्त्र भी अव्यवस्थित पाए गए। आयुक्त ने इस कृत्य को सरकारी प्रोटोकॉल के प्रतिकूल आचरण मानते हुए दोनों कर्मियों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर करने का निर्देश एसएसपी को दिया। निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष की अनुपस्थिति के बारे में आयुक्त द्वारा ड्यूटी पर तैनात अवर निरीक्षक प्रमोद प्रसाद से पूछताछ की गई, जिसमें क्षेत्र भ्रमण की सूचना दी गई। तथापि, आयुक्त द्वारा दूरभाष पर हुई वार्ता में यह तथ्य सामने आया कि थानाध्यक्ष विधिवत रूप से अवकाश पर हैं। इस प्रकार उच्चाधिकारी को भ्रामक एवं गुमराह करने वाली सूचना देने के कृत्य को गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए संबंधित अवर निरीक्षक को भी लाइन हाजिर करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उन्होंने सरकारी कार्यालयों में कार्यरत सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को अपने कर्तव्य के प्रति सजग रहने तथा आमजनों के साथ शिष्ट व्यवहार एवं प्रोटोकॉल के अनुरूप आचरण प्रदर्शित करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने संबंधित लोगों को सरकारी कार्यों का निष्पादन समयबद्ध, पारदर्शी एवं जवाबदेही के साथ सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ हीं उन्होंने

सभी अभिलेखों का संधारण अद्यतन एवं व्यवस्थित रूप से करने तथा लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस क्रम में प्रमंडलीय आयुक्त ने भूमि विवाद के मामलों के नियमानुसार निष्पादन के लिए प्रत्येक शनिवार को अंचलाधिकारी के साथ नियमित सुनवाई की भी जानकारी ली तथा थाना परिसर में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने परिसर में साफ-सफाई की स्थिति को संतोषजनक बनाये रखने के निर्देश देते हुए कहा कि थाना परिसर आमजन के लिए एक अनुकरणीय स्थान होना चाहिए, जहां आने वाले लोगों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण का अनुभव हो। साथ ही उन्होंने महिला हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए महिला संबंधित मामलों में संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विधि-व्यवस्था संधारण में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जाए तथा आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ की जाए। साथ ही उन्होंने थाना स्तर पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के त्वरित निष्पादन तथा शिकायतकताओं के साथ शिष्ट एवं संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना होना चाहिए। वहां से रवाना होने के दौरान प्रमंडलीय आयुक्त ने उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को अपने कर्तव्य के प्रति सजग एवं उत्तरदायी रहने तथा कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। उधर, रविवार की शाम एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रमंडलीय आयुक्त के निर्देश के आलोक में अहियापुर थाना में पदस्थापित अवर निरीक्षक प्रमोद प्रसाद, जयप्रकाश तथा सिपाही चंदन कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।



अहियापुर थाना का औचक निरीक्षण करते प्रमंडलीय आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह।

## सात वर्षों से फरार डकैती के आरोपी लक्ष्मण राम को कांटी पुलिस ने कथैया क्षेत्र से किया गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर/कांटी(एनएसबी)।** छह वर्षों से फरार चल रहा डकैती कांड के एक आरोपी लक्ष्मण राम को कांटी थाना पुलिस ने कथैया थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लक्ष्मण राम को पुलिस पूछताछ के बाद कोर्ट के निर्देश पर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। यह जानकारी डीएसपी पश्चिमी सुचित्रा कुमारी ने रविवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि लक्ष्मण राम वर्ष 2018 में कांटी थाना क्षेत्र के बकटपुर पूर्वी टोला निवासी कौशल किशोर सिंह के घर में भीषण डकैती की घटना को अंजाम देकर फरार था। एक मामले में फरार चल रहा था। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। गुप्त सूचना मिलने के बाद कांटी थाना पुलिस टीम ने कथैया थाना क्षेत्र में छापेमारी कर उसे उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक पूछताछ पूरी कर उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पश्चिमी डीएसपी ने बताया कि पुलिस जांच में लक्ष्मण राम का आपराधिक इतिहास काफी लंबा रहा है। उसके खिलाफ दो जिले के 6 थाने में 9 आपराधिक मामले दर्ज है, जिसमे मुजफ्फरपुर जिले के कांटी, देवरिया, साहेबगंज, मोतीपुर और बरुराज थाना सहित पूर्वी चंपारण के चकिया थाना शामिल हैं। वह एनडीपीएस एक्ट के तहत भी पहले जेल जा चुका है। उन्होंने बताया कि लक्ष्मण राम के विरुद्ध दर्ज सभी मामलों में चार्जशीट दाखिल कर जल्द से जल्द आरोपी को सजा दिलाने की प्रक्रिया तेज की जाएगी। पश्चिमी डीएसपी के अनुसार जिले में अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था बनाए रखने और शराबबंदी को प्रभावी करने के लिए लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही फरार और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए नियमित छापेमारी की जा रही है। इसी कड़ी में 6 वर्षों से फरार चल रहे कुख्यात अपराधी लक्ष्मण राम की गिरफ्तारी कांटी पुलिस की एक बड़ी सफलता है।



गिरफ्तार अपराधी के संबन्ध में जानकारी देती डीएसपी पश्चिमी सुचित्रा कुमारी।

## बरुराज क्षेत्र में हुई महिला की हत्या का हुआ खुलासा, हत्यारा पति गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बरूराज थाना क्षेत्र के महमदा गांव में हुई महिला की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस सनसनीखेज मामले में मृतका के पति को ही आरोपी पाया गया है, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार, 3 अप्रैल की शाम को महमदा गांव में एक महिला की गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। घटना की सूचना मिलते ही बरूराज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, जबकि फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से अहम साक्ष्य जुटाए।

मामले में मृतका की बेटी के लिखित आवेदन के आधार पर मोतीपुर थाना में कांड संख्या 76/26 दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें ग्रामीण पुलिस अधीक्षक और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पश्चिमी-01 के नेतृत्व में जांच की गई। जांच के दौरान पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतका के पति शिव रत्न राम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।



हत्याकांड मामले में गिरफ्तारी की जानकारी देती पुलिस अधिकारी।

### सिमरी धसना में महावीरी झंडा महोत्सव का शुभारंभ, 108 कन्याओं ने निकाली कलश शोभायात्रा

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** औराई प्रखंड अंतर्गत आलमपुर सिमरी पंचायत के सिमरी धसना स्थित पीडब्ल्यूडी सड़क के बगल में 6 दिवसीय महावीरी झंडा महोत्सव की शुरूआत शनिवार को भव्य कलश शोभायात्रा के साथ हुआ। यह महोत्सव 9 अप्रैल तक चलेगा। महोत्सव की शुरूआत से पहले 108 कुमारी कन्याओं ने लखनदेई नदी से पवित्र जल भरकर यज्ञ स्थल तक कलश यात्रा निकाली। पूरे मार्ग में भक्तिमय माहौल बना रहा और जयकारों से वातावरण गूंज उठा। यज्ञ स्थल पर विशाल मेला का भी आयोजन किया गया है।

## फरियादियों से बदसलूकी करना अपर थानाध्यक्ष को पड़ा भारी, जांच के पश्चात एसएसपी ने किया निलंबित, पुलिस विभाग में खलबली

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** खाकी वर्दी में तैनात एक अफसर की बदसलूकी ने उसे सीधे सस्पेंशन की राह पर पहुंचा दिया। जिले के बेनीबाद के अपर थानाध्यक्ष दीपक कुमार पर इल्जाम था कि वो फरियाद लेकर आने वाले आम लोगों से न सिर्फ. रूखा-सूखा बल्कि शिष्टाचार के दायरे से बाहर जाकर बात करते थे। मामला इतना गरमाया कि शिकायतों का अंबार एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा तक जा पहुंचा और फिर उन्होंने दीपक कुमार के इस व्यवहार को पुलिस मुख्यालय के आदेश के विरुद्ध करतूत मानते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार अपर थानाध्यक्ष के दुर्व्यवहार व उदंडता की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच की जिम्मेदारी डीएसपी ईस्ट अलय वत्स को सौंपी। तहकीकात के दौरान जो हकीकत सामने आई, उसने पूरे महकमे को हिला दिया। जांच में आरोप सही पाते हुए जांच अधिकारी ने जांच रिपोर्ट सीधे एसएसपी को सौंपी। वहीं रिपोर्ट देखने के बाद बिना देर किए एसएसपी ने दीपक कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। इस कार्रवाई ने साफ संदेश दे दिया है कि वर्दी का रौब दिखाकर आम लोगों की इज्जत से खिलवाड़ करने वालों की अब खैर नहीं। फिलहाल बेनीबाद ओपी का यह मामला पूरे जिले में चर्चा का हॉट टॉपिक बना हुआ है।



फरियादियों के साथ बदसलूकी व दुर्व्यवहार करने के मामले में निलंबित बेनीबाद के अपर थानाध्यक्ष।

# भाकपा माले का ग्यारहवां जिला सम्मेलन सम्पन्न, 31 सदस्यीय जिला कमिटी का हुआ चुनाव, जितेंद्र यादव बने जिला सचिव

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** शनिवार से शुरू भाकपा माले का ग्यारहवां जिला सम्मेलन रविवार को लोहिया कॉलेज में संपन्न हो गया। सम्मेलन के दूसरे दिन का संचालन जितेंद्र यादव, शत्रुघ्न सहनी, रामनंदन पासवान, रामबली मेहता, विश्वकर्मा शर्मा, वीर बहादुर सहनी, मंजू देवी, रानी प्रसाद और मंजू देवी की संयुक्त अध्यक्ष मंडल द्वारा किया गया। जिला कमिटी की ओर से प्रस्तुत दस्तावेज पर प्रतिनिधियों ने गंभीर बहस किया। इसमें दर्जनों लोगों ने पार्टी से संबंधित विभिन्न सवालों पर अपना विचार रखा। साथ ही लोगों ने पार्टी को जिलास्तर पर मजबूत बनाने के लिए पंचायतों और गांवों तक संगठन के विस्तार पर जोर दिया। वहीं सम्मेलन में मेहनतकशों के सभी हिस्से, किसानों, महिलाओं, छात्र -नौजवानों व कमजोर तबकों के सवाल पर मजबूत आंदोलन खड़ा करने की दिशा में आगे बढ़ने का संकल्प लिया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाकपा माले पोलित ब्यूरो की सदस्य और मुख्य अतिथि मीना तिवारी ने कहा कि सरकार मजदूरों, किसानों, महिलाओं, स्कीम वर्करों, जीविका दीदियों कमजोर तबके के ऊपर लगातार हमले कर रही है। अपराध और महिला हिंसा में तेज वृद्धि हुई है। गैस की किल्लत है। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की हालत खराब है। पलायन नहीं रुका है। बिजली की दरों में वृद्धि की गयी है और 125 यूनिट मुफ्त बिजली की चर्चा कमजोर पड़ गयी है। बिहारियों की लड़ाई अपने जीवन की समस्याओं के हल के लिए सरकार की गलत नीतियों से है। बड़े संघर्षों के जरिये ही इसे हल किया जा सकता है। अंत में सम्मेलन के राज्य पर्यवेक्षक मंजू प्रकाश की उपस्थिति में 31 सदस्यों की जिला कमिटी का चुनाव किया गया। जिला सचिव के रूप में जितेन्द्र यादव को चुना गया। वहीं दरभंगा मे होने वाले राज्य सम्मेलन की तैयारी में लग जाने का संकल्प लिया गया।




जिला सम्मेलन के समापन सत्र में चुनाव की घोषणा करते वक्ता।

**मासिक अपराध गोष्ठी में पुलिस अधिकारियों को दिए गए कई निर्देश, कांड निष्पादन दोगुना करने का लक्ष्य**

# थाने में आमजन से करें शालीन व संवेदनशील व्यवहार : एसपी

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक अमित रंजन की अध्यक्षता में 05 अप्रैल 2026 रविवार को समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में वरीय पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक (मु.-01, मु.-02), साइबर, यातायात एवं रक्षित के डीएसपी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचल निरीक्षक, थानाध्यक्ष एवं शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने विधि-व्यवस्था संधारण, अनुसंधान की गुणवत्ता, कांडों के निष्पादन तथा सिटीजन सेंट्रिक पुलिसिंग को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए। आगामी तीन माह (अप्रैल, मई एवं जून) के लिए कांड निष्पादन की दर को दोगुना करने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए सभी लंबित मामलों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन पर जोर दिया गया। वैज्ञानिक अनुसंधान पद्धति अपनाने तथा तकनीकी व भौतिक साक्ष्यों के समुचित संकलन एवं विश्लेषण के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक ने घुसपैठियों की पहचान कर विधिसम्मत कार्रवाई, थानों में आमजनों के साथ शालीन एवं संवेदनशील व्यवहार तथा उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान पर विशेष बल दिया।



अपराध गोष्ठी को सम्बोधित करते पुलिस अधीक्षक व उपस्थित अन्य।

नशा मुक्ति अभियान के तहत थानाध्यक्षों को पंचायतों में तथा वरीय अधिकारियों को विद्यालयों में सप्ताह में कम-से-कम दो बार जागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए गए। आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को सभी थानों एवं कार्यालयों में जनता दरबार/जन संवाद आयोजित करने को कहा गया। साथ ही ई-डोजियर ई- सम्मन एवं ई-साक्ष्य के नियमित एवं समयबद्ध उपयोग, सीसीटीएनएस के प्रभावी संचालन तथा पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन के त्वरित निष्पादन पर जोर दिया गया।

गोष्ठी में गश्ती व्यवस्था सुदृढ़ करने, डायल-112 की त्वरित प्रतिक्रिया बढ़ाने, मद्यनिषेध अभियान के तहत छापेमारी तेज करने तथा जब्त शराब के शीघ्र विनष्टीकरण के निर्देश दिए गए। वहीं यूडी, एससी /एसटी, पॉकसो, दुष्कर्म एवं दहेज प्रताड़ना जैसे संवेदनशील मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने को कहा गया।

लंबित वारंट, इश्तिहार एवं कुर्की के निष्पादन के लिए विशेष अभियान चलाने, गुंडा/सीसीए प्रस्ताव शीघ्र भेजने तथा प्रत्येक रविवार को गुंडा परेड व चौकीदारी परेड आयोजित करने का निर्देश दिया गया। थाना स्तर पर डायरी राइटिंग कैंप आयोजित कर लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन पर भी बल दिया गया। साथ ही सभी अनुसंधानकताओं को प्रतिमाह न्यूनतम 10 कांड तथा थानाध्यक्षों/अंचल निरीक्षकों को कम-से-कम 4 कांडों के निष्पादन का लक्ष्य दिया गया। प्रत्येक थाना से कम-से-कम 5 कांडों को स्पीडी ट्रायल के लिए चिह्नित करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा सघन वाहन जांच अभियान चलाकर यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई, सक्रिय अपराधियों की सूची अद्यतन करने, सूचना तंत्र को मजबूत करने, अवैध हथियार व मादक पदार्थों की तस्करी पर निगरानी बढ़ाने तथा महिला हेल्प डेस्क के संवेदनशील संचालन पर विशेष बल दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को ड्यूटी के दौरान वर्दी में रहने एवं उच्च कोटि का टर्नआउट बनाए रखने का भी निर्देश दिया।

## बथनाहा थाना क्षेत्र में 39.813 किलो मादक पदार्थ के साथ तस्कर गिरफ्तार

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले के बथनाहा थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ बरामद किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में पुलिस ने 39.813 किलोग्राम मादक पदार्थ के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।



मादक पदार्थ के साथ एक आरोपी की गिरफ्तारी की जानकारी देते पुलिस अधिकारी व अन्य।

जानकारी के अनुसार, दिनांक 4/5 अप्रैल 2026 की रात करीब 1:00 बजे पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के ग्राम किशनपुर, वार्ड संख्या-11 निवासी धर्मेंद्र प्रसाद के घर पर अवैध मादक पदार्थ रखा हुआ है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की, जहां से 39.813 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ बरामद किया गया। मौके से धर्मेंद्र प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया गया।

इस संबंध में बथनाहा थाना कांड संख्या-175/26 दर्ज कर अग्रिम विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। बरामद मादक पदार्थ का अनुमानित मूल्य लगभग 19 लाख 90 हजार 650 रुपये बताया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को नशा तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता माना जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### राजबाग युवा संस्थान, पुपरी ने किया बाल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

**पुपरी/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** राजबाग युवा संस्थान, पुपरी के तत्वावधान मे रविवार को स्थानीय राजबाग खेल मैदान में एकदिवसीय बाल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत सब जूनियर आयुवर्ग के फाइनल में हर्षित ब्रदर्स की टीम ने पीयूष ब्रदर्स की टीम को 30-13 से तथा सीनियर आयुवर्ग के फाइनल में प्रियांशु ब्रदर्स की टीम ने रौनक ब्रदर्स की टीम को 43-41 अंकों से पराजित कर विजेता ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया। मो. जुनैद व रितिक कुमार तथा राजकुमार व मो. महताब क्रमशः सबजूनियर व सीनियर आयुवर्ग के बेस्ट रेडर एवं बेस्ट कैचर घोषित किये गये। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप मे नागेश्वर कुमार, अनुभव कुमार कर्ण तथा स्कोरर रिशु कुमार की अहम भूमिका रही। संस्थान के संस्थापक अतुल कुमार ने विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को मेडल तथा ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र मे खेलकूद के विकास तथा खिलाड़ियों के प्रोत्साहन हेतु राजबाग युवा संस्थान सतत प्रयत्नशील है जिस परिपेक्ष्य में ही इस प्रकार के आयोजन नियमित रूप से किये जा रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को अनुशासन का शतप्रतिशत अनुपालन करने की नसीहत देते हुये कहा की बिना अनुशासन के हम जीवन मे कभी भी आगे नही बढ़ सकते हैं। नियमित रूप से खेलकूद का अभ्यास करते रहने से सदैव स्वस्थ रहा जा सकता है तथा शरीर के स्वस्थ रहने से शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास की भी प्राप्ति होती है जो हमें जीवन मे सफलता प्रदान करती है। मौके पर राहुल कुमार, रौनक कुमार, सूरज कुमार, रबिश कुमार, मो. आजम, अब्दुल रहीम समेत दर्जनों खिलाड़ी उपस्थित थे।



संस्थान के संस्थापक अतुल कुमार के साथ विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ी व अन्य।

**सबजूनियर ग्रुप में हर्षित ब्रदर्स एवं सीनियर ग्रुप में प्रियांशु ब्रदर्स की टीम बनी विजेता**

### रेल यात्रियों की समस्याओं को लेकर सीतामढ़ी सांसद को सौंपा ज्ञापन, समाधान का मिला आश्वासन



सांसद देवेशचन्द्र ठाकुर को मांगपत्र सौंपते रेलयात्री संघ के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार सुन्दरका।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** राष्ट्रीय संगठन केन्द्रीय रेलवे रेलयात्री संघ एवं कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार सुन्दरका ने सीतामढ़ी सांसद देवेशचन्द्र ठाकुर से उनके आवास पर मुलाकात कर क्षेत्र के रेल यात्रियों की नितांत आवश्यकताओं से संबंधित मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र में बताया गया कि पाटलिपुत्र मेमू इंटरसिटी एक्सप्रेस (15507-08) और दानापुर मेमू एक्सप्रेस (15515-16) में यात्रियों की अत्यधिक भीड़ के कारण चढ़ने तक की जगह नहीं मिलती। इन ट्रेनों को एलएचबी कोच में अपग्रेड करने की मांग की गई। इसके अलावा सप्तक्रांति एक्सप्रेस (12557-58) का विस्तार दरभंगा तक करने तथा इसकी रैक के मुजफ्फरपुर में लगभग 24 घंटे खड़े रहने का भी मुद्दा उठाया गया। प्रतिनिधिमंडल ने मुजफ्फरपुर-भागलपुर जनसेवा एक्सप्रेस (13419-20) को सीतामढ़ी तक विस्तार देने की मांग भी रखी। साथ ही, समपार संख्या-56 पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण 15 वर्षों से अधूरा होने पर नाराजगी जताते हुए इसे बरसात से पहले चालू कराने की मांग की गई। मांगपत्र में सीतामढ़ी जंक्शन के समीप सरकारी बस स्टैंड बनाने, जनकपुर रोड (पुपरी) गुमटी संख्या-34 पर अंडरपास निर्माण, जंक्शन के ट्रैक संख्या 3 और 4 पर लंबित क्विक ट्रेन वाटरिंग योजना को शीघ्र पूरा करने तथा पटना-सीतामढ़ी और सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर के बीच नई ट्रेन सेवाएं शुरू करने की भी मांग शामिल है। सांसद देवेशचन्द्र ठाकुर ने सभी मांगों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि समस्तीपुर रेल मंडल में सांसदों की होने वाली बैठक में इन मुद्दों पर प्रमुखता से चर्चा की जाएगी। इस मौके पर डीआरयूसीसी सदस्य आलोक कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता रमेश जालान, विशेष लोक अभियोजक अंजनी कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता नागेन्द्र प्रसाद सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता शंभू जी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### मुजफ्फरपुर में घरेलू व व्यावसायिक गैस की आपूर्ति सामान्य, पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** जिले में घरेलू एवं व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति को लेकर स्थिति पूरी तरह सामान्य है और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। यह जानकारी रविवार को डीपीआरओ और डीएसओ ने प्रेस वार्ता में दी। प्रेस वार्ता के अनुसार, घरेलू गैस के क्षेत्र में इंडियन ऑयल (आईओसीएल), हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपीसीएल) और भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल) की कुल 91 वितरक एजेंसियां कार्यरत हैं। इन एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 19,793 सिलेंडरों की बिक्री हो रही है। वर्तमान में 26,021 भरे हुए सिलेंडर स्टॉक में उपलब्ध हैं, जबकि 5,858 सिलेंडर ट्रांजिट में हैं। कंपनीवार आंकड़ों में आईओसीएल के पास 18,568, एचपीसीएल के पास 3,539 और बीपीसीएल के पास 3,914 सिलेंडर उपलब्ध हैं। वहीं, व्यावसायिक गैस की स्थिति भी संतोषजनक बताई गई है। इस श्रेणी में कुल 92 वितरक कार्यरत हैं, जहां प्रतिदिन औसतन 421.3 सिलेंडरों की बिक्री हो रही है। वर्तमान में 1,185 सिलेंडर स्टॉक में उपलब्ध हैं और ट्रांजिट में कोई सिलेंडर नहीं है।

## 'नाले का इंतजार, पानी में सियासत' खबर का सकारात्मक असर, रायपुर के वार्ड-9 में नाला निर्माण शुरू

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** नानपुर प्रखंड के रायपुर पंचायत स्थित वार्ड संख्या 9 में जलजमाव की लंबे समय से चली आ रही गंभीर समस्या पर अब प्रशासनिक सक्रियता साफ नजर आने लगी है। 'नाले का इंतजार, पानी में सियासत' खबर के बाद इसका सकारात्मक असर भी देखने को मिल रहा है।

पुपरी के अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) गौरव कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित जांच का आदेश दिया। इसके बाद नाला निर्माण के लिए खुदाई कार्य शुरू कर दिया गया है, जिससे स्थानीय लोगों में खुशी की लहर है। लोगों ने इस पहल के लिए एसडीएम गौरव कुमार को मुबारकबाद दी है। इस पूरे प्रकरण में पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी नुजहत जहां की सक्रिय भूमिका भी सामने आई है। उन्होंने स्वयं एसडीएम कार्यालय पहुंचकर वार्ड 8 और 9 की स्थिति से प्रशासन को अवगत कराया। उनकी पहल के बाद अब जमीनी स्तर पर कार्य प्रारंभ हो चुका है।

**जनप्रतिनिधि व प्रशासन में दिखा बढ़िया तालमेल**

बताया जाता है कि रायपुर जामा मस्जिद के पीछे सड़क पर महीनों से गंदा पानी जमा रहने के कारण लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही थी। खासकर नमाजियों को मस्जिद तक पहुंचने के लिए लंबा रास्ता तय करना पड़ता था। अब नाला निर्माण कार्य शुरू होने से लोगों को जल्द राहत मिलने की उम्मीद जगी है। मौके पर पूर्व विधायक मुकेश कुमार यादव भी पहुंचे और स्थानीय लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान मुखिया पति कृष्णा पंडित सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। स्थानीय लोगों का मानना है कि जलजमाव की इस पुरानी समस्या के समाधान की दिशा में यह एक बड़ा कदम है। अब उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही क्षेत्र को इस परेशानी से पूरी तरह निजात मिल जाएगी। नुजहत जहां ने कहा कि यह मामला एक मिसाल बन रहा है कि यदि जनप्रतिनिधि और प्रशासन मिलकर काम करें, तो किसी भी समस्या का समाधान संभव है।

**सीताममढ़ी के डुमरा थाना क्षेत्र में गोलीकांड का खुलासा**

# रास्ते में नहीं घर पर हुई घटना दूसरों को फंसाने की थी साजिश

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** डुमरा थाना क्षेत्र में हुई एक गोलीबारी की घटना में पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। जिस मामले को पहले अज्ञात अपराधियों द्वारा किया गया हमला माना जा रहा था, वह दरअसल निर्दोष लोगों को झूठे केस में फंसाने की एक गहरी साजिश निकली। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सीतामढ़ी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 5 अप्रैल 2026 की रात करीब 1:00 बजे पुलिस को सूचना मिली कि भैरो कोठी निवासी सुंदरम झा को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सदर एसडीपीओ-1 के नेतृत्व में नगर, डुमरा और पुनौरा थाने की पुलिस ने तुरंत नाकेबंदी और छापेमारी शुरू की।

**एक पिस्टल, दो मैगजीन और एक जिंदा कारतूस बरामद, 3 गिरफ्तार**

शुरूआत में घायल सुंदरम झा ने बताया कि घटना पमरा जाने वाले मार्ग पर हुई और उस वक्त उसके साथ प्रतापनगर निवासी रुद्रांश सिंह भी मौजूद था। हालांकि, जब पुलिस ने घटनास्थल का भौतिक सत्यापन किया, तो वहां कोई साक्ष्य नहीं मिले। पुलिस को रुद्रांश के आचरण पर संदेह हुआ।

तकनीकी विश्लेषण और मोबाइल जांच से यह स्पष्ट हो गया कि गोलीबारी की यह घटना सड़क पर नहीं, बल्कि सुंदरम झा के घर पर ही हुई थी। एफएसएल की टीम ने घर से खून के धब्बे, पैलेट और अन्य भौतिक साक्ष्य बरामद किए।

गिरफ्तार आरोपी रुद्रांश के बयान पर मो. सिड्डू (ग्राम- भैरो कोठी) को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर एक पिस्टल, दो मैगजीन और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि इस कांड में कुल तीन लोगों की गिरफ्तारी हुई है और आगे की जांच जारी है।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि पूरे प्रकरण को छिपाने और किसी अन्य व्यक्ति को फंसाने की साजिश रची गई थी, जो एक संज्ञेय अपराध की श्रेणी में आता है। फिलहाल मामले में विधि-सम्मत कार्रवाई जारी है।

## शहरवासियों को अब सड़क किनारे नहीं शोरूम में मिलेगी ताजी और स्वच्छ मछली

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले में मछली कारोबार को आधुनिक बनाने और आम लोगों को स्वास्थ्यवर्धक व गुणवत्तापूर्ण मछलियां उपलब्ध कराने के लिए पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग ने कमर कस ली है। जिले में "फ्रेश कैच" आउटलेट खोलने की तैयारी तेज हो गई है, जिससे अब लोगों को मछली खरीदने के लिए सड़कों के किनारे लगने वाले गंदगी भरे अस्थायी बाजारों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। वर्तमान में मुख्य चौराहों पर खुले में मछली बिकने से स्वच्छता मानकों की अनदेखी होती है, लेकिन इन नए आउटलेट्स के माध्यम से ग्राहकों को स्वच्छ, सुरक्षित और पूरी तरह से हाइजीनिक वातावरण में ताजी मछलियां मिल सकेंगी।

**सीतामढ़ी में आधुनिक 'फ्रेश कैच' आउटलेट्स की पहल**

**जिले में खुलेंगे 10 आउटलेट, स्वरोजगार को मिलेगा बढ़ावा :** विभाग की योजना के अनुसार, पूरे जिले में कुल 10 फ्रेश कैच आउटलेट स्थापित किए जाएंगे। प्रथम चरण में सीतामढ़ी नगर निगम क्षेत्र में दो आउटलेट खुलेंगे,




जबकि वैरगनिया, पुपरी, बेलसंड और सुरसंड जैसे नगर निकायों में भी दो-दो आउटलेट खोलने का लक्ष्य रखा गया है। इन केंद्रों के संचालन की जिम्मेदारी स्वयं सहायता समूहों, मत्स्य सहकारी समितियों या प्रशिक्षित युवाओं को सौंपी जाएगी। इससे न केवल स्थानीय बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार का अवसर मिलेगा, बल्कि बिचौलियों की भूमिका खत्म होने से मछली पालकों के मुनाफे में भी सीधा इजाफा होगा।

**प्री-फेब्रिकेटेड ढांचा और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे केंद्र:** इन आउटलेट्स के निर्माण के लिए शहर के प्रमुख स्थानों पर 15 गुणा 15 फीट जमीन की तलाश शुरू कर दी गई है। यह केंद्र 'प्री-फेब्रिकेटेड' ढांचे में बनाए जाएंगे, जो आधुनिक सुविधाओं से पूरी तरह लैस होंगे। प्रस्तावित आउटलेट में मछलियों को सुरक्षित रखने के लिए कोल्ड स्टोरेज, डीप फ्रीजर, आइस बॉक्स और आकर्षक डिस्प्ले की व्यवस्था होगी। इसके अलावा, पानी की निकासी और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाएगा ताकि ग्राहकों को खरीदारी का एक सुखद अनुभव मिल सके। नगर निकायों द्वारा जगह चिन्हित करते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

**मत्स्य उत्पादन में आत्मनिर्भरता और नई तकनीकों का संगम:** सीतामढ़ी जिला मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। जिले के लगभग छह हजार हेक्टेयर में फैले दो हजार तालाबों और जलाशयों में रोहू, कतला, मृगल, ग्रास कार्प और कॉमन कार्प जैसी मछलियों का भारी मात्रा में उत्पादन हो रहा है। आधुनिक तकनीकों और सरकारी योजनाओं की मदद से अब किसान झींगा पालन की ओर भी कदम बढ़ा रहे हैं। जिला मत्स्य पदाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रसाद यादव के अनुसार, इन आउटलेट्स के खुलने से स्थानीय उत्पादन को एक मजबूत बाजार मिलेगा, जिससे उत्पादन से लेकर बिक्री तक की पूरी श्रृंखला सशक्त होगी और किसानों की आय में क्रांतिकारी बदलाव आएगा।

## विशेष शिविर में नेत्र जांच कराने हेतु बुनियाद केंद्र पर भेजने के लिए लोगों को करें उत्साहित : वंदना प्रेयसी

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार की सचिव श्रीमती वंदना प्रेयसी ने 5 अप्रैल 2026 रविवार को बुनियाद केंद्र पुपरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव के साथ एसडीएम पुपरी, सहायक निदेशक जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आईसीडीएस सीतामढ़ी उपस्थित थे।




बुनियाद केंद्र पुपरी के निरीक्षण के दौरान सचिव के साथ एसडीएम पुपरी व अन्य पदाधिकारी।

सचिव द्वारा बुनियाद केंद्र द्वारा दी जाने वाली सभी सेवाओं के बारे में विस्तृत रूप से प्रत्येक इकाई एवं रजिस्टर के अद्यतन स्थिति का निरीक्षण किया गया। साथ ही दिनांक 30.03.2026 से प्रारम्भ स्वास्थ्य विभाग एवं समाज कल्याण विभाग के सहयोग से नेत्र जांच विशेष शिविर में आए हुए सभी लाभार्थियों, एएसजी हॉस्पिटल के डॉक्टर एवं बुनियाद केंद्र के सभी कर्मियों, जिला प्रबंधक एवं केंद्र प्रबंधक से बात की एवं लाभार्थियों के अच्छी संख्या देखकर सभी कर्मियों, जिला प्रबंधक एवं केंद्र प्रबंधक के सराहनीय प्रयास एवं कार्य पर प्रसन्नता व्यक्त की।

लाभार्थियों से बातचीत के क्रम में सचिव द्वारा सभी लाभार्थियों से अनुरोध किया गया कि वह अपने परिजन एवं आसपास के लोगों को भी इस विशेष शिविर में नेत्र जांच कराने हेतु बुनियाद केंद्र पर भेजने हेतु उत्साहित करें एवं इस विशेष शिविर का लाभ उठाएं।

अंत में सचिव द्वारा सभी को धन्यवाद एवं बुनियाद केंद्र के सभी कर्मियों जिला प्रबंधक एवं केंद्र प्रबंधक को इसी उत्साह से सतत कार्य करते रहने हेतु निर्देशित किया गया।

**यूपीएससी में सफलता पाने वाले मुजफ्फरपुर के राघव झुनझुनवाला को मारवाड़ी समाज ने किया सम्मानित**

# 'खम्मा घणी रूबरू' कार्यक्रम से युवाओं को मिला प्रेरणा का संदेश

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** मारवाड़ी समाज द्वारा रविवार को आयोजित खम्मा घणी रूबरू कार्यक्रम अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राघव झुनझुनवाला होंगे।

नगर के जवाहरलाल रोड स्थित उत्तर बिहार वाणिज्य एवं उद्योग परिषद के भव्य शुभकरण केडिया सभागार में इस कार्यक्रम का आयोजन समाज के गौरव एवं यूपीएससी 2025 में ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 4 की उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करने वाले राघव झुनझुनवाला के सम्मान एवं उनके प्रेरणादायी जीवन-सफर से युवाओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से किया गया।




कार्यक्रम में राघव झुनझुनवाला को सम्मानित करते मारवाड़ी समाज के गणमान्य प्रतिनिधि।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक राजस्थानी संस्कृति की झलक के साथ हुआ। इस दौरान मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने ढोल-ताशों की मंगलध्वनि के बीच पुष्प वर्षा कर राघव झुनझुनवाला एवं उनके परिवार का भव्य स्वागत किया। इसके पश्चात बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, नॉर्थ बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स, मारवाड़ी महिला सम्मेलन, मारवाड़ी युवा मंच, मारवाड़ी युवा मंच संस्कृति शाखा एवं मारवाड़ी विचार मंच के प्रतिनिधियों के साथ राघव झुनझुनवाला, उनकी माताजी एवं नानाजी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया।

मारवाड़ी परंपरा के अनुरूप पगड़ी-साफा एवं अंगवस्त्र प्रदान कर राघव झुनझुनवाला को सम्मानित किया गया। उपस्थित जनसमूह ने उनकी उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे पूरे समाज के लिए गौरव का क्षण बताया।

दूसरे सत्र में विद्यार्थियों एवं बच्चों ने राघव झुनझुनवाला से संवाद कर उनके अनुभवों को जाना और मार्गदर्शन प्राप्त किया, जो सभी के लिए प्रेरणादायक रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुमित चमरिया, राजकुमार अग्रवाल, अमृत अग्रवाल एवं संजय अग्रवाल का विशेष एवं सराहनीय योगदान रहा।

अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों एवं समाज बंधुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज की नई पीढ़ी को शिक्षा एवं उत्कृष्टता की दिशा में प्रेरित करते हैं।

## नवोदय के बच्चों की प्रतिभाएं भविष्य में देश का नाम रोशन करेंगी : राधामोहन

# नवोदय विद्यालय ने मनाया अपना वार्षिकोत्सव

**पीपराकोठी (एनएसबी)।** स्थानीय जवाहर नवोदय विद्यालय परिसर में रविवार को वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व केंद्रीय षि मंत्री सह सांसद राधामोहन सिंह, विधायक प्रमोद कुमार, उपमेयर ड़ लालबाबू प्रसाद एवं प्राचार्य अनुग्रह प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया तथा सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई।


कार्यक्रम का शुभारंभ करते पूर्व केंद्रीय षि मंत्री सह सांसद राधामोहन सिंह व अन्य।

समारोह को संबोधित करते हुए सांसद राधामोहन सिंह ने कहा कि नवोदय विद्यालय ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम हैं। यह संस्थान शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन और संस्कार का भी विकास करता है। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि यहां की प्रतिभाएं भविष्य में देश का नाम रोशन करेंगी। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों के योगदान की भी सराहना की और बच्चों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर निरंतर परिश्रम करने की प्रेरणा दी। वहीं विधायक प्रमोद कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि वार्षिकोत्सव पूरे वर्ष की मेहनत और उपलब्धियों का उत्सव है। विद्यालय ने शिक्षा, खेल, कला और अन्य गतिविधियों में जो उपलब्धियां हासिल की हैं, वह अत्यंत प्रशंसनीय हैं। बच्चों को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि यहां के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक व सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्ष्ट प्रदर्शन किया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में लगातार सफलता विद्यालय के लिए गौरव की बात है। अंत में अतिथियों ने विद्यालय परिवार को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना कीस वही सम्मानित होने वाले बच्चों में कक्षा 6 की काजल कुमारी एवं मनीषा कुमारी, नेहा कुमारी, रजनीश कुमार, पायल कश्यप।कक्षा 7 की दीपांशी कुमारी, प्रिया कुमारी, नाजरीन अख्तर, मनीष कुमार। कक्षा 8 के सोनाली कुमारी, निशा कुमारी, रितु कुमारी एवं सोनाली कुमारी, अंकित सिंह, नीरज कुमारी एवं मुस्कान कुमारी।

कक्षा 9 के आदर्श कुमार चौधरी एवं अनामिका, अंशिक कुमार, आशीष रंजन। कक्षा 10 के शिखा कुमारी, सोनम प्रिया, सूरज कुमार, विवेक कुमार को सम्मानित किया गयास मौके पर पूर्व प्राचार्य जेएन प्रसाद, कामेश्वर चौरसिया, रविंद्र सहनी, सुनील पटेल, गुड्डु कुमार, ड़ मनीष कुशवाहा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### 41 लीटर चुलाई शराब बरामद

**पहाड़पुर।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने नशा कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की। गुप्त सूचना के आधार पर सरेया धागड़ टोली के पास घेराबंदी कर बाइक सवार दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से 10 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद हुई, साथ ही बाइक भी जब्त कर ली गई।थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि दोनों आरोपी कमल पिपरा गांव के निवासी हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।वहीं दूसरी कार्रवाई में कमल पिपरा गांव स्थित गोरख पासवान के घर से 31 लीटर चुलाई शराब बरामद की गई। हालांकि, आरोपी गोरख पासवान मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है और पूरे नेटवर्क की जांच तेज कर दी गई है।

### प्रथम स्थान लाने वाले विद्यार्थियों को टीआईएस ने किया सम्मानित

**चकिया।** शहर के साहेबगंज रोड स्थित ट्रान्सेंडेंस इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में अभिभावक-शिक्षक की बैठक हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य छात्रों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन और सर्वांगीण विकास को लेकर अभिभावकों के साथ संवाद स्थापित करना था।बैठक के दौरान कक्षा-वार शिक्षकों ने अभिभावकों को विद्यार्थियों के प्रदर्शन, उपस्थिति और व्यवहार से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी। साथ ही, छात्रों की कमजोरियों को दूर करने और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए आवश्यक सुझाव भी साझा किए गए, ताकि अभिभावक घर पर भी बच्चों का उचित मार्गदर्शन कर सकें। इस अवसर पर प्रत्येक कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर विद्यार्थियों में उत्साह का संचार हुआ, वहीं अन्य छात्रों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरणा मिली। विद्यालय संचालक साएम नासिर ने कहा कि इस प्रकार की बैठकें छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि विद्यालय भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

### प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, डोर-टू-डोर जांच व जागरूकता अभियान तेज

**मोतिहारी।** जिले के तुरकौलिया, हरदिया, शंकर सरैया सहित अन्य प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सक्रिय हो गया है। मेडिकल टीमों द्वारा डोर-टू-डोर भ्रमण कर ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है तथा उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, जिन लोगों में संदिग्ध लक्षण पाए जा रहे हैं, उन्हें तत्काल एंबुलेंस के माध्यम से सदर अस्पताल भेजा जा रहा है, ताकि उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।सिविल सर्जन ड दिलीप कुमार और डीपीएम ठाकुर विश्वमोहन के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी एवं चिकित्सक लगातार स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। सभी मामलों पर विशेष नजर रखी जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो।ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने के लिए माइकिंग भी कराई जा रही है। लोगों से अपील की जा रही है कि यदि किसी के स्वास्थ्य में किसी प्रकार का उतार-चढ़ाव महसूस हो, तो तुरंत मेडिकल टीम से संपर्क कर जांच कराएंस स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से सतर्क और जागरूक रहने की अपील करते हुए प्रशासन का सहयोग करने तथा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने को कहा है।

## मैट्रिक में एपेक्स इंस्टीट्यूट का शानदार प्रदर्शन शिवम 91.2 प्रतिशत के साथ अव्वल

**अरेराज (एनएसबी)।** बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा परिणाम में दामोदरपुर स्थित एपेक्स इंस्टीट्यूट अफ साइंस एंड इंग्लिश के छात्र-छात्राओं ने शानदार सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परिणाम घोषित होते ही संस्थान में खुशी का माहौल बन गया। छात्र-छात्राओं और अभिभावकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। संस्थान के संचालक रत्नेश कुमार मिश्र ने बताया कि संस्थान पिछले 22 वर्षो से लगातार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करा रहा है। यहां के विद्यार्थी हर वर्ष बेहतर प्रदर्शन करते हैं और इस बार भी छात्रों ने उत्ष्ट अंक प्राप्त कर संस्थान की परंपरा को कायम रखा है। इस वर्ष शिवम कुमार ने 456 अंक, 91.2: हासिल कर संस्थान में पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं प्रति कुमारी 440 अंक, 88: के साथ दूसरे और शुभम कुमार 432 अंक, 86.4: के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा निशांत कुमार 420 अंक, 84:, रूपेन्द्र कुमार 417 अंक, 83.4:, अनुष्का कुमारी 414 अंक, 82.8:, गुलशन कुमार 412 अंक, 82.4:, मनीष कुमार 408 अंक, 81.6:, रविकिशन कुमार 404 अंक, 80.8: तथा अभिज्ञान कुमार 394 अंक, 78.8: अंक प्राप्त कर टप-10 में शामिल रहे। संचालक रत्नेश कुमार मिश्र ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा के साथ प्रतियोगी माहौल प्रदान करना है, ताकि वे भविष्य में भी सफलता हासिल कर सकें।परिणाम के बाद संस्थान परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा। शिक्षकों ने मेधावी छात्रों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## उतरी गवंद्रा मस्जिद से पिस्टल बरामद, तीन लोगों को हिरासत में ले की जा रही पूछताछ

**चकिया (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत उत्तरी गवंद्रा गांव के वार्ड 8 झाझा टोला स्थित मदरसा इस्लामिया बाघेरी सालत से पुलिस ने रविवार को छापेमारी कर एक पिस्टल बरामद किया। साथ ही तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही। पुलिस को गुप्त सुचना मिली कि उक्त स्थान पर आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बनाई जा रही है।

एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर गठित टीम ने उक्त स्थान पर छापेमारी की। जहां से एक पिस्टल व जिन्दा कारतूस बरामद किया व तीन लोगों को हिरासत में लेकर थाना लाई। पिस्टल मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। ज्ञात हो कि सन 2023 में 19 जुलाई को एटीएस की टीम ने पीएफआई से जुड़े उस्मान सुल्तान खान उर्फ याकूब खान को उक्त मदरसा से दबोचा था। जो नगर परिषद के इमादपट्टी नया टोला का रहने वाला था। एटीएस की टीम ने पूछताछ के बाद याकूब को एनआईए को सौंप दिया थास उक्त मामले में एसपी स्वर्ण प्रभात रविवार को शाम में चकिया थाना पहुंचे। जहां थाना क्षेत्र अंतर्गत उत्तरी गवंद्रा गांव के वार्ड 8 झाझा टोला स्थित मदरसा इस्लामिया बाघेरी सालत से बरामद पिस्टल मामले में तहकीकात की। साथ हीं इस मामले में हिरासत में लिए गए संदिग्ध लोगों से पूछताछ की।

मौके पर डीएसपी संतोष कुमार,अंचल निरीक्षक धीरज कुमार सिंह,इंस्पेक्टर सह थाना अध्यक्ष मुन्ना कुमार,एसआई गौरव कुमार,पप्पू कुमार,अजीत कुमार,अंशु कुमारी,मोहिनी कुमारी,साक्षी सेहा,शिवनाथ मांझी,धनंजय कुमार सहित अन्य अधिकारी व पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## पूर्वी चंपारण जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति सामान्य प्रशासन ने कालाबाजारी पर सख्ती की दी चेतावनी

**मोतिहारी (एनएसबी)।** पूर्वी चंपारण जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था पूरी तरह सामान्य और सुचारू बनी हुई है। जिला प्रशासन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 4 अप्रैल 2026 तक के अद्यतन आंकड़ों में इंडियन अयल एचपीसीएल और बीपीसीएल के माध्यम से गैस की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

जिले में कुल 115 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं, जो उपभोक्ताओं तक नियमित रूप से गैस की आपूर्ति कर रही हैं। 1 अप्रैल से 4 अप्रैल 2026 के बीच कुल 68,204 बुकिंग दर्ज की गई, जबकि 50,681 सिलेंडरों की डिलीवरी की जा चुकी है। बुकिंग के अनुरूप आपूर्ति में तेजी लाई जा रही है।

केवल 4 अप्रैल 2026 को ही एक दिन में 15,695 बुकिंग हुई, जबकि 12,160 सिलेंडरों का वितरण किया गया। इसी दिन विभिन्न कंपनियों से कुल 14,851 सिलेंडर प्राप्त हुए। वर्तमान में जिले में 29,357 सिलेंडरों का स्टक उपलब्ध है, जबकि 93,429 सिलेंडरों की मांग लंबित है।

जिले में होम डिलीवरी व्यवस्था भी सक्रिय है। सभी 115 वितरक उपभोक्ताओं तक गैस की आपूर्ति घर-घर पहुंचा रहे हैं। हालांकि, होम डिलीवरी में लापरवाही बरतने वाले 3 गैस एजेंसियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

जिला प्रशासन ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से गैस बुकिंग न करें और केवल घरेलू उपयोग के लिए ही गैस का इस्तेमाल करें। साथ ही, कालाबाजारी या जमाखोरी की किसी भी सूचना को तत्काल जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 06252-242418 पर देने को कहा गया है।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि स्थिति की लगातार निगरानी की जा रही है और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सहायता या सूचना के लिए आम नागरिक जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क कर सकते हैं।

## रुद्र सेना का संचालक निकला 50 लाख की लूट का मास्टरमाइंड

**मोतिहारी (एनएसबी)।** पटना के अगमकुआं थाना क्षेत्र में हुई 50 लाख रुपये के मोटर, पंखा और तार की बड़ी लूट का खुलासा करते हुए पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। इस पूरी वारदात का मास्टरमाइंड सुगौली के सुगांव का निवासी नितेश ठाकुर निकला है, जो रुद्र सेना के नाम से एक संगठन का संचालन करता था। पुलिस की जांच में नितेश ठाकुर के साथ उसके गांव के तीन अन्य सहयोगियों के नाम भी उजागर हुए हैं, जो इस आपराधिक साजिश में सक्रिय रूप से शामिल थेस मोतिहारी के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के कड़े निर्देश पर स्थानीय पुलिस और पटना पुलिस ने एक संयुक्त अपरेशन चलाया, जिसके तहत सुगौली माई स्थान क्षेत्र में छापेमारी की गई। इस कार्रवाई के दौरान पप्पू सर्राफ के घर से लूटा गया भारी मात्रा में सामान बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने मौके से पप्पू सर्राफ के बेटे को गिरफ्तार किया है, जबकि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में छापेमारी जारी है। इस मामले में सुगौली थाना क्षेत्र के नितेश ठाकुर और पप्पू सर्राफ समेत गिरोह के कई अन्य रसूखदार चेहरों की संलिप्तता सामने आने के बाद इलाके में हड़कंप मचा हुआ है।


सामान के साथ पकड़ा गया लूटकांड का मास्टरमाइंड।

## एमजीसीयू के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव 'राष्ट्र रत्न गौरव अलंकरण 2026 से सम्मानित

### तृतीय दीक्षांत समारोह में भव्य सांसतिक संध्या, शास्त्रीय नृत्य से लेकर कवि सम्मेलन और संगीत का रहा संगम

**मोतिहारी (एनएसबी)।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयू), मोतिहारी में तृतीय दीक्षांत समारोह 2026 के अवसर पर आयोजित सांसतिक संध्या भव्यता और सांसतिक गरिमा से परिपूर्ण रही। कार्यक्रम में शास्त्रीय नृत्य, छात्र प्रस्तुतियां, कवि सम्मेलन एवं संगीतमय प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो़ संजय श्रीवास्तव को रसवर्षा संस्थान, वाराणसी द्वारा प्रतिष्ठित 'राष्ट्र रत्न गौरव अलंकरण2026' से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान शिक्षा, प्रशासन, समाज, संसति और भाषा के क्षेत्र में उनके उत्ष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गयास कार्यक्रम का शुभारंभ प्रिशा श्रीवास्तव की मनमोहक कथक शैली में प्रस्तुत गणेश वंदना से हुआ, जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। इसके बाद मृणालिनी सहाय, आरुषि कुमारी, एंजल सुमन मुंडारी एवं मुस्कान कुमारी ने सेमी-क्लासिकल एवं बलीवुड मिक्स डांस प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब सराहना बटोरी।


सम्मानित होते कुलपति प्रो़ संजय श्रीवास्तव।

सांसतिक संध्या का मुख्य आकर्षण कवि सम्मेलन रहा, जिसमें हास्य, व्यंग्य और सामाजिक सरोकारों से ओतप्रोत रचनाओं ने श्रोताओं को देर तक बांधे रखा। कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध हास्य कवि ड़ चकाचौंध ज्ञानपुरी ने किया। सम्मेलन में शंकर कैमूरी, पूनम श्रीवास्तव और प्रकाश गुप्ता सहित कई प्रतिष्ठित कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कींस कवि सम्मेलन के बाद पटना इंक बैंड की संगीतमय प्रस्तुति ने समां बांध दिया। बैंड के कलाकारों ने सूफी और बलीवुड गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर पूरे सभागार को झूमने पर मजबूर कर दिया।

यह कार्यक्रम कुलपति प्रो़ संजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जबकि प्रो़ प्रसून दत्ता सिंह ने संयोजक के रूप में अहम भूमिका निभाई।

समापन अवसर पर यह स्पष्ट हुआ कि विश्वविद्यालय न केवल शैक्षणिक उत्ष्टता, बल्कि साहित्य, कला और संसति के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति भी समान रूप से प्रतिबद्ध है। यह सांसतिक संध्या तृतीय दीक्षांत समारोह का एक यार पड़ाव साबित हुई।

## संक्षिप्त खबरें

### तिरहुत प्रमंडल मुजफरपुर के क्षेत्रीय अपर निदेशक ने रक्सौल अनुमंडलीय अस्पताल का किया निरीक्षण

#### अस्पताल के उपाधीक्षक ड स्वाति सपन के कार्यो की सराहना की

**रक्सौल (एनएसबी)।** तिरहुत प्रमंडल मुजफ्फरपुर के क्षेत्रीय अपर निदेशक ड़ अजय कुमार ने रक्सौल अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की साफ-सफाई, दवा आपूर्ति, जांच सुविधाएं और स्टाफ की उपस्थिति आदि का अवलोकन किया। सभी संतोषजनक पाई गई । प्रसव एवं शल्य चिकित्सा सेवाएं भी सुचारू रूप से संचालित होती मिलीं, जिससे स्वास्थ्य व्यवस्था की बेहतर स्थिति उजागर हुई। निरीक्षण के क्रम में अस्पताल उपाधीक्षक ड़ स्वाति सपन के कार्यो की विशेष रूप से सराहना की , उन्हें एक कुशल प्रशासक बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में अस्पताल में व्यवस्थाएं काफी सुढ़ हुई हैं। मरीजों के लिए पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं भी बेहतर पाई गईं, जिससे मरीजों को राहत मिल रही है। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी एवं सिविल सर्जन मोतिहारी को रक्सौल अनुमंडलीय अस्पताल में एक सक्षम और कुशल प्रशासक की तैनाती के लिए धन्यवाद दिया गया। साथ ही तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त महोदय से अनुरोध किया गया कि उपाधीक्षक ड़ स्वाति सपन को उनके उत्ष्ट कार्य के लिये प्रथम स्थान पर सम्मानित करने हेतु एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाए।

### स्वतंत्रता सेनानी परिवार को व्यवस्था परिवर्तन के लिए संघर्ष में उतरना चाहिए

**मोतिहारी (एसएनबी)।** स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति के प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को सुबह 10 बजे 10 मिनट शहीदों को याद करो कार्यक्रम अंतर्गत महान स्वतंत्रता सेनानी रामपाल प्रसाद यादव को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया.स्थानीय चांदमारी मोहल्ला में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर खुशनंदन सिंह तथा संचालन अशोक वर्मा ने किया. कार्यक्रम में सर्वप्रथम शशिकला कुमारी ने राष्ट्र ध्वज फहराया़ उसके बाद सामूहिक राष्ट्रगान हुआ तथा झंडे के नीचे सभी ने मूल्य आधारित समाज निर्माण का संकल्प लिया़ सभी ने सेनानियों के चित्र पर पुष्प अर्पण कर उन्हें नमन किया़ संबोधित करते हुए स्काउट गाइड के प्रदेश अधिकारी एवं सेनानी उत्तराधिकारी रत्नेश्वरी शर्मा ने कहा कि सेनानी परिवार को व्यवस्था परिवर्तन के लिए संघर्ष में उतरना चाहिए़ प्रोफेसर खुशनंदन सिंह ने कहा कि जैसे-जैसे संगठन मजबूत होगा वैसे वैसे हम कार्यक्रमों को जोड़ते जाएंगे़ उन्होंने राष्ट्रीय कमेटी द्वारा देश भर में प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को एक ही समय पर चलाए जा रहे सेनानी को याद करो कार्यक्रम को एक क्रांतिकारी कदम बताया़ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक वर्मा ने कहा कि देशभर में यह कार्यक्रम उत्सव का रूप लेता जा रहा है उन्होंने कहा कि हम अपने सेनानियों के ऋण से मुक्त तो नहीं हो सकते लेकिन हम उनके परिकल्पना का राष्ट्र निर्माण कर बहुत हद तक हल्का हो सकते हैं. कार्यक्रम में रामपाल यादव की पुत्री चंद्रमा यादव ने अपने पिता के त्याग, बलिदान और संघर्ष के दास्तान को विस्तार पूर्वक रखा़ सम्बोधित करने वालों में रविंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह,संजीव साह, ड चंदन आदि मुख्य रूप से थे़ मौके पर चंचल कुमार,वीरेंद्र कुमार सहित सेनानी परिवार के काफी लोग उपस्थित थे।

### सिकरहना में खाद तस्करी पर बड़ी कार्रवाई, कई दुकानों पर छापेमारी

#### लाइसेंस रद्दीकरण व प्राथमिकी दर्ज

**मोतिहारी (एनएसबी)।** अनुमंडल पदाधिकारी सिकरहना (ढाका) एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सिकरहना (ढाका) द्वारा संयुक्त रूप से बनकटवा एवं घोड़ासहन प्रखंड क्षेत्रों में खाद तस्करी के खिलाफ व्यापक छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान कई महत्वपूर्ण अनियमितताएं उजागर हुईं और संबंधित विक्रेताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। छापेमारी के क्रम में बनकटवा नहर रोड पर एक मोटरसाइकिल से 8 बोरा खाद की तस्करी करते हुए वाहन को जब्त किया गया। हालांकि, तस्कर मौके से फरार हो गया। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। घोड़ासहन प्रखंड के चंपापुर कोइरिया स्थित यादव खाद भंडार में स्टक जांच के दौरान 8 बोरा खाद की कमी पाई गई। विक्रेता से स्पष्टीकरण मांगा गया, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर लाइसेंस रद्द करने के लिए जिला षि पदाधिकारी, पूर्वी चंपारण को रिपोर्ट भेजी गई है। वहीं, ओम सांई षि सेवा केंद्र में छापेमारी के दौरान भारी अनियमितताएं सामने आईं। गोदाम में 326 बोरा यूरिया और 270 बोरा फास्फेटिक उर्वरक संदिग्ध स्थिति में पाए गए, जो कालाबाजारी के उद्देश्य से स्टक किए गए थे। साथ ही च्ै मशीन और भौतिक स्टक में 50 बोरा का अंतर तथा 25 बोरा बिना बिल के अवैध यूरिया बरामद हुआ। इस मामले में विक्रेता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।विकास खाद भंडार में जांच के दौरान 129 बोरा खाद कम पाया गया। स्पष्टीकरण असंतोषजनक पाए जाने पर संबंधित विक्रेता के खिलाफ स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कर दी गई है।हालांकि, सोनू खाद बीज भंडार, जागीरहां की जांच में स्टक सही पाया गया, जिससे उसे क्लीन चिट दी गई।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि खाद की कालाबाजारी और तस्करी के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।


खाद तस्करी के खिलाफ व्यापक छापेमारी अभियान।

### 15 अप्रैल से हार्पिक सेफ सेनिटेशन प्रोग्राम की शुरुआत, स्वच्छता और स्वास्थ्य पर विशेष जोर

**मोतिहारी (एनएसबी)।** 15 अप्रैल से रेकिट (डेटल) के सहयोग से हार्पिक सेफ सेनिटेशन प्रोग्राम के अंतर्गत बच्चों एवं समुदाय के लोगों के लिए हाइजीन और सैनिटेशन को लेकर विशेष अभियान शुरू किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य को बढ़ावा देना तथा समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस परियोजना का मुख्य फोकस व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से लोगों के बीच स्वच्छता संबंधी अच्छी आदतों का विकास करना है। कार्यक्रम के तहत बच्चों और स्थानीय समुदाय को साफ-सफाई, नियमित हाथ धोने की आदत और सुरक्षित शौचालय उपयोग के महत्व के बारे में जागरूक किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत शहर के 75 सामुदायिक शौचालयों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाएगी। यह कार्य आधुनिक मशीनों और प्रशिक्षित कर्मियों की मदद से किया जाएगा, जिससे स्वच्छता के स्तर में सुधार होगा और लोगों को सुरक्षित व साफ सुविधाएं मिल सकेंगी। इसके साथ ही, हार्पिक सेफ सेनिटेशन प्रोग्राम के तहत स्वच्छता सुविधाओं को बेहतर बनाने और उनके अधिकतम उपयोग को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। यह पहल न केवल लोगों के स्वास्थ्य में सुधार लाएगी, बल्कि एक स्वच्छ, स्वस्थ और जागरूक समाज के निर्माण में भी अहम भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम को डेटल के सहयोग से संचालित किया जा रहा है, जो स्वच्छता और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता को लगातार मजबूत कर रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### आजादी के दशकों बाद भी कीचड़ में चलने को मजबूर ग्रामीण, शासन-प्रशासन के खिलाफ खोला मोर्चा

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के नवहटा प्रखंड के मोहनपुर पंचायत में विकास के दावों की पोल शनिवार को स्थानीय लोगों व जनप्रतिनिधियों द्वारा खुल गई। भकुआ नंबर-4 में सड़क की बदहाली से त्रस्त दर्जनों ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप है कि दशकों से सड़क निर्माण नहीं हुआ।



जिससे बारिश होते ही रास्ता कीचड़ भरा खंडहर बन जाता है। कोसी बांध से तराही को जोड़ने वाली इस सड़क पर हल्की फुहार से जलमग्न हो जाती है। रोजाना लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। पंचायत समिति सदस्य मुन्नी देवी और सूरज सम्राट ने प्रखंड कार्यालय पर आरोप लगाते हुए कहा कि हमने लेटर पैड पर कई बार इस समस्याओं को निदान करने की मांग की। लेकिन जायज प्रस्ताव अनसुना कर दिए जाते हैं। जनता अधिकारियों व पदाधिकारियों से समस्याओं की निदान की बराबर मांग करती हुए आ रहे है। अधिकारी नहीं सुनते। ग्रामीणों ने इस समस्याओं को लेकर मुखिया बौआ झा उर्फ राजेश रंजन पर भी गुस्सा फूटाया। उन्होंने कहा कि 5 साल के कार्यकाल में सड़क पर एक ईंट भी नहीं रखी गई। जबकि समस्या से कई बार अवगत कराया गया। अब सवाल यह है कि क्या इस समस्याओं को प्रशासन निदान करवाने की प्रयास करेंगे, या ग्रामीणों को इस बार चुनाव में भी कीचड़ में ही रहेंगे?

### प्रसिद्ध जनार्दन भगता बाबा के निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के सोनवर्षा राज प्रखंड क्षेत्र के परड़िया पंचायत अंतर्गत मैना गांव निवासी 80 वर्षीय प्रसिद्ध जनार्दन भगत का निधन हो गया। उनके निधन से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। स्व. जनार्दन भगत बाबा अपने पीछे दो पुत्रकृगाजो पंजीयार एवं खेदन पंजीयार सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। निधन की खबर मिलते ही मैना गांव के लोगों में शोक व्याप्त हो गया। इस दुखद अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि मनोज शर्मा, पंचायत समिति सदस्य आजाद कुमार, अशोक यादव, अंकित कुमार यादव, सुभाष मास्टर, पंकज कुमार यादव, मिथलेश कुमार यादव, बाबुल यादव, चन्देव यादव, अजय यादव, जाप नेता रधुराज यादव, राजेश कुमार सहित अन्य गणमान्य लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया।



### बेगूसराय में आयोजित बीसीए रणधीर वर्मा 19 यू वन डे ट्रॉफी के लिए सहरसा जिला टीम हुए रवाना।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** बिहार क्रिकेट संघ द्वारा बेगूसराय में आयोजित बीसीए रणधीर वर्मा यू 19 वन डे ट्रॉफी के लिए सहरसा जिला की टीम शनिवार को रवाना हुई। सेंट्रल जोन के बेगूसराय में आयोजित रणधीर वर्मा यू 19 वन डे ट्रॉफी में सहरसा को 06 अप्रैल को सुपौल से, 09 अप्रैल को समस्तीपुर से,11 अप्रैल को बेगूसराय से एवं 12 अप्रैल को खगड़िया से मैच खेलना है। चयनकर्ता प्रभात कुमार सिंह के नेतृत्व में चयनित सहरसा जिला की पहले दो मैच के लिए टीम इस प्रकार है। कप्तान अमन साह, उप कप्तान मो शाहनवाज,निखिल कुमार,आयुष आनंद, राहुल कुमार, अभिनव कुमार, अरिजीत कुमार सिंह, राजन कुमार राम, आयुष कुमार, शिवम कुमार, वैभव कुमार, रवि कुमार, अविनाश कुमार बिट्टू, गुलाम सरवर, मृणाल सिंह एवं येशु सिंह टीम मैनेजर नित्यानंद ठाकुर हैं। सहरसा जिला क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष आशीष कुमार कात्यायन, सचिव विश्वजीत बनर्जी, संयुक्त सचिव आशुतोष आनंद, कोषाध्यक्ष असफहान खान, खिलाड़ी प्रतिनिधि नसीम आलम, जिला क्रिकेट संघ के पूर्व अध्यक्ष ब्रह्मदेव कामत, पूर्व सचिव बादल कुमार, पूर्व संयुक्त सचिव गुलनियाज रब्बानी ने खिलाड़ियों को उम्दा प्रदर्शन के साथ विजयी होने की शुभकामनाएं दी।



### अंतराष्ट्रीय मैथिली सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर विद्यापति चेतना समिति की बैठक आयोजित।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** शहर के जिला परिषद प्रांगण में रविवार को विद्यापति चेतना समिति अध्यक्ष राधाकांत ठाकुर की अध्यक्षता मे अंतरराष्ट्रीय मैथिली सम्मेलन की सफलता को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 12 अप्रैल को आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को प्रमुखता के साथ सफल बनाना है। साथ ही निर्णय लिया गया कि मिथिला मैथिली का विश्व के इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान है।मिथिला में रहने वाले सभी लोगों की मातृभाषा मैथिली है।जिसें माँ की भाषा मानी गई है।मैथिली के संरक्षण व संवर्धन के लिए 12 अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय मैथिली सम्मेलन आयोजित किया गया है।इस सम्मेलन में देश-विदेश के साहित्यकार व विद्वान सम्मलित होंगे।इस सम्मेलन में विद्यापति चेतना समिति द्वारा मैथिली को शास्त्रीय भाषा सूची में शामिल करनें एवं जनगणना में मातृभाषा मैथिली भाषा दर्ज करने का आह्वान किया गया।कार्यक्रम संयोजक जयराम झा ने कहा कि इस अवसर पर स्मारिका प्रकाशन के साथ साथ दरभंगा के ख्यातिप्राप्त गायिका रानी झा सहित अन्य कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।वही कार्यक्रम के दौरान संस्था द्वारा गणमान्य व विद्वान लोगों को मिथिला रत्न एवं मिथिला सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।इस अवसर पर ज्योतिषाचार्य पंडित तरुण झा,वरिष्ठ अधिवक्ता जीतेन्द्र नाथ झा,विन्देश्वरी प्रसाद झा,डॉ संजय वशिष्ट,ललित नारायण मिश्र,जयकान्त मिश्र ,फेकन मिश्र सहित अन्य मौजूद रहें।



### ऋषभ कुमार ने मैट्रिक परीक्षा में जिले में टॉप 10 में स्थान हासिल कर लहराया परचम

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के कहरा प्रखंड के रहुआमणि गांव के समीप स्थित एल.एन. इंस्टिट्यूट में अलंकार प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के होनहार छात्र ऋषभ कुमार को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए विशेष सम्मानित किया गया। ऋषभ ने मैट्रिक परीक्षा में जिले में टॉप 10 में स्थान प्राप्त कर सभी का दिल जीत लिया। साथ ही कहरा प्रखंड में प्रथम स्थान हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात समाजसेवी धीरेंद्र यादव उपस्थित हुए। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मेहनत, लगन और सही मार्गदर्शन से हर विद्यार्थी अपनी मंजिल हासिल कर सकता है। ऋषभ जैसे छात्र हमारी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा हैं। धीरेंद्र यादव ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने कविता पाठ, नृत्य और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया। संस्थान के डायरेक्टर प्रवीण कुमार की कड़ी मेहनत और समर्पण का ही यह फल है कि ऋषभ कुमार जैसी प्रतिभाएं उभर रही हैं। इस उपलब्धि पर मुख्य अतिथि, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और अभिभावकों ने ऋषभ को बधाई दी। कार्यक्रम में पैक्स अध्यक्ष मनोज यादव, शिक्षक अरविंद, देवसर, सर्वेश आनंद, ननकू, भानु प्रकाश, दिलखुश, वंदना, राजीव, अश्वनी, स्मृति, नविता सहित सैकड़ों छात्र-छात्राओं के परिवारजन मौजूद रहे। यह समारोह न केवल छात्रों की प्रतिभा को सम्मानित करने का माध्यम बना, बल्कि स्थानीय स्तर पर शिक्षा के महत्व को रेखांकित करने वाला साबित हुआ। जिले में ऐसे आयोजनों से युवाओं में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ेगी। इससे क्षेत्रों में खुशी का माहौल देखने को मिला। इस मौके पर सैकड़ों गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।




# मवेशी व्यापारी को गोली मार कर 38,500 रुपये लूटे

**तीन बाइक सवार बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम**

**सहरसा (एनएसबी)।** जिले के बैजनाथपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सपहा गांव के समीप रविवार सुबह एक मवेशी व्यापारी को गोली मारकर 38,500 रुपये लूट लिए गए। यह घटना एक बाईक पर सवार तीन बदमाषों ने सपहा गांव के समीप दिया, जहां अज्ञात अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया। घायल व्यापारी को इलाज के लिए बुद्ध मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पीड़ित की पहचान सहरसा नगर निगम के वार्ड नंबर 38 निवासी 55 वर्षीय मो. इसराइल के रूप में हुई है। वह अपने बेटे मोहम्मद मोईउद्दीन के साथ बाइक पर मधेपुरा के बरदहा जा रहे थे। सपहा गांव के पास एक बाइक पर सवार तीन नकाबपोश अपराधियों ने उनकी बाइक को ओवरटेक किया और फायरिंग कर रोक दिया। अपराधियों ने मो. इसराइल से खस्सी-बकरी खरीदने के लिए रखे 38,500 रुपये लूट लिए। जब उन्होंने विरोध किया, तो अपराधियों ने उनके हाथ में गोली मार दी। गोली आर-पार हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद तीनों अपराधी मौके से फरार हो गए। सहरसा सदर एसडीपीओ आलोक कुमार ने बताया कि एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस अपराधियों को पकड़ने के लिए हर बिंदु पर जांच और कार्रवाई कर रही है और जल्द ही अपराधी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


पीड़ित मो. इसराइल।

## डीसीएलआर ने सोनवर्षा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पैक्स में धान खरीद का किया सत्यापन

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पैक्सो एवं व्यापार मंडल में धान खरीदारी को लेकर खाद्य एव उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देश पर सहरसा के डीसीएलआर धीरज कुमार ने भौतिक सत्यापन किया। डीसीएलआर धीरज कुमार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के निर्धारित तिथि में पैक्सों द्वारा खरिदी गई धान का भंडारित गोदामों में भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान स्टॉक का मिलान, रजिस्टर में दर्ज धान की मात्रा (वजन) एवं गोदामों में उपलब्ध वास्तविक धान की तौल की गई है। इसके अतिरिक्त गुणवत्ता की जांच के तहत धान नमी, फंगस या खराब होने के संकेतों की भी जांच करते हुए अभिलेखों का सत्यापनः खरीद पंजी, किसानों की सूची, और सीएमआर जमा करने से संबंधित कागजों की जांच किया गया। साथ ही अनाज के सुरक्षित और वैज्ञानिक भंडारण की स्थिति का निरीक्षण किया गया। अतलखा पैक्स गोदाम का भौतिक सत्यापन के दौरान डीसीएलआर श्री कुमार ने बताया की पैक्सों द्वारा धान एवं गेहू खरिदगी का भौतिक सत्यापन एक विभागीय नियम है। इस दौरान बीसीओ सचीन कुमार समैत सम्बंधित पैक्स अध्यक्ष मौजूद थे।


भंडारित गोदामों में जांच करते डीसीएलआर।

## पूर्व मंत्री विधायक केदार प्रसाद गुप्ता आज आऐंगे सहरसा



तैयारी में लगे भाजपा कार्याकत्ता।

**सहरसा (एनएसबी)।** भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा की अध्यक्षता में रेनबो रिसोर्ट डीबी रोड सहरसा में भाजपा पदाधिकारियों के साथ बैठक कर अगामी 6 अप्रैल को भाजपा जिला कार्यालय पटुआहा सहरसा में दिन के 12 बजे कार्यक्रम होगी जिसकी तैयारी की समीक्षा की गई। स्थापना दिवस पर पूर्व मंत्री विधायक केदार प्रसाद गुप्ता मुख्य अतिथि एवं प्रदेश मंत्री सह क्षेत्रीय प्रभारी मनोज कुमार सिंह विशिष्ट अतिथि रहेंगे। जिला के सभी सक्रिय कार्यकत्ता मंडल अध्यक्ष मंच मोर्चा के पदाधिकारी सभी जिला पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। साथ ही 8 अप्रैल को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी सहरसा में स्थापना दिवस के अवसर पर सक्रिय कार्यकत्ता सम्मेलन सह अभिनंदन समारोह पुजा बैंकवेट जिला परिषद परिसर में शामिल होंगे जिनका भव्य स्वागत की तैयारी की समीक्षा की गई। जिले के सभी सक्रिय कार्यकत्ता प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत समारोह में भाग लेंगे। बैठक में जिला महामंत्री शिव भूषण सिंह, अनमोल भगत, भैरवानंद झा, जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह, मनोज यादव, मिहीर झा, रिंकी देवी, अभिषेक पांडेय, सिद्धार्थ सिंह सिदधु, गौरव सिंह, सुबोध साह, अरविंद भगत, शंकर ठाकुर, महावीर यादव, नगर अध्यक्ष अभिनव सिंह, आशिष गुप्ता, मिथिलेश भगत, सुगामनी देवी, दिनेश यादव, संजय गुप्ता उपस्थित थे।

## कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष के भतीजे का हाईटेंशन तार के चपेट में आने से हुई दर्दनाक मौत

**चारदीवारी पर पानी डालने के दौरान चपेट में आने से हुई मौत**

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के विराटपुर पंचायत अन्तर्गत जलसीमा गांव में रविवार को चारदीवारी पर पानी डालने के दौरान हाइटेंशन तार कि चपेट में आने से कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष के भतीजे 35 वर्षीय राहुल कुमार सिंह की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।वहीं पूरे गांव में मातमी सन्नाटा छा गया।घटना के बाबत मिली जानकारी अनुसार जलसीमा गांव निवासी हरिनंदन प्रसाद सिंह का पुत्र राहुल वार्ड नंबर 3 स्थित अपने नवनिर्मित चारदीवारी पर मोटर के सहारे पानी डाल रहा था कि नीचे लटक रहे हाइटेंशन कि तार कि चपेट में आ गया।जबतक लोगों कुछ समझते तबतक उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। इसमें बिजली विभाग की भी लापरवाही स्पष्ट नजर आ रही है ग्यारह हजार के तार ग्रामीण क्षेत्रों में नीचे लटका है इसपे विभाग का कोई ध्यान नहीं है। यदि आज ग्यारह हजार तार अपने निर्धारित उंचाई पर रहता तो जान बच सकती थी। घटना की सूचना मिलते ही आग की तरह फैल गया और देखने वाले लोगों की भीड़ जुटने लगी।जबकि परिजनों के विलाप से हर आने जाने वाले लोगों की आंखे नम हो जाता था। मृतक राहुल की पत्नी नेहा सिंह रोते रोते बार बार बेहोश हो जाती थी।जबकि गांव की अन्य महिला उसे शांत करने में जुटी हुई थी।और बार बार यही कहती थी कि आब केना रहबै हो भगवान- हमर राजा कतेय गेलए हो ।घटना के बाद कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र नारायण सिंह, मो हशीर उद्दीन, पंचायत समिति सदस्या गौरी कुमारी, मिट्ठू रंजक सहित अन्य लोगों ने पहुंचकर पिडित परिवार को ढाढस बंधाया।घटना की सूचना मिलते ही सोनवर्षा राज थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल सहरसा भेजकर अग्रतर कारवाई में जुट गए।



रो-रोकर बेहोष होती पत्नि, मृतक राहुल।

## पीओजी कंपनी का अत्याधुनिक फर्नीचर व डेकोरेशन शो रुम का उद्घाटन, हमारे सभी प्रोडक्ट ग्राहकों को काफी संतुष्टि प्रदान करेगा : मेराज आलम

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** शहर के हटिया गाछी बाटा शोरूम के ऊपर अत्याधुनिक फर्नीचर एवं डेकोरेशन दुकान का उद्घाटन रविवार को वयोवृद्ध समाजसेवी हुस्ना बानो के द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस मौके पर दुकान के डायरेक्टर मेराज आलम ने कहा कि शहर में अत्याधुनिक फर्नीचर एवं डेकोरेशन दुकान का शुभारंभ किया गया है जो सहरसा वासियों के लिए यह शोरूम काफी पसंद आएगा। इस शोरूम में पलंग, सोफा सेट,डायनिंग टेबल, कुर्सी, टेबल,अलमीरा, झूला,डिजाइनदार दिवाल घड़ी सहित घर को सजाने के लिए विभिन्न प्रकार के कलाकृति एवं मूर्ति उपलब्ध कराया गया है। इस तरह के कलेक्शन केवल महानगरों में ही देखी जा सकती है। सहरसा वासियो के लिए यह वरदान साबित हो सकती है।मो आलम ने बताया कि सहरसा में हमने जब बिजनेस करने की सोची तो इस क्रम में जो चीज सहरसा में मौजूद नहीं थी उसे बिजनेस की करने की सोची। इसके अंतर्गत सबसे पहले बाटा शोरूम, अरविंद क्लोथ शोरूम के साथ-साथ पी ओ जी कंपनी फर्नीचर शोरूम का ओपनिंग किया है। उन्होने कहा हमारे सभी प्रोडक्ट ग्राहकों को काफी संतुष्टि प्रदान करेगा।वही मुंगेर के प्रोपराइटर सनी कुमार ने बताया कि घर को नया लुक देने के लिए फर्नीचर अलमारी एवं सोफा सेट सहित सामग्री उचित एवं की पार्टी दलों में ग्राहक किस काफी पसंद कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सहरसा शहर में इस तरह के आधुनिक शोरूम खुलने से ग्राहकों को काफी फायदा पहुंचेगी। वही कंपनी के मार्केटिंग हेड राजेश कुमार ने बताया कि हमारे यहां सभी आइटम यूनिक मिलेगा। इटली की मशीन विदेशों से मंगाई गई है जो सभी ऑटोमेटिक मशीन है।


उद्घाटन करती वयोवृद्ध समाजसेवी हुस्ना बानो।

## लापरवाहीः पैतृक जमीन रहने के बावजूद बासगीत पर्चा किया निर्गत डीएम से किया शिकायत

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत महुआ उत्तरवाड़ी पंचायत में रैयत को नीजी जमीन होने के बावजूद स्थानीय अंचल प्रशासन की उदासीनता से अन्य रैयत की जमीन का बासगीत पर्चा दे दिया। इतना ही नहीं दखल दिलाने का आदेश से मूल रैयत के समक्ष गंभीर संकट खडी हो गई है। जिसको लेकर पीड़ित ने सहरसा के जिला पदाधिकारी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है। पिडित रैयत राधेश्याम दास, रितेश साह और राधेश्याम मंडल ने सहरसा के डीएम को आवेदन देकर अधिकारियों से पूरे मामले के गहनता से जांच कर दोषी अंचल प्रशासन पर कारवाई की मांग किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार महुआ बाजार निवासी रामपुकार दास के नाम से खाता संख्या 239, खेसरा संख्या 984, रकवा 2 डिसमिल जमीन का प्रशासन द्वारा पर्चा जारी किया गया था। जबकि वह पुर्व से ही अपने नाम की जमीन जिसका खेसरा 992 खाता 181 रकबा 4 डिसमल जमीन पर पक्का मकान बनाकर वर्षों से रह रहे हैं और उनके हिस्से में पैतृक जमीन भी था। पिडित रैयत राधेश्याम दास, रितेश साह और ओमप्रकाश मंडल ने डीएम को दिए अपने आवेदन में बताया है कि उनके जमीनी को लेकर वर्ष 2015-16 में भूमि सुधार उपसमाहर्ता, सदर सहरसा न्यायालय द्वारा पचार्धारी को सिविल न्यायालय जाने का आदेश दिया गया था। क्योंकि उक्त जमीन का वो सब वर्षो से भु लगान भी देते आ रहे है। आवेदकों का आरोप है कि पचार्धारी द्वारा भ्रामक जानकारी देकर अधिकारियों को गुमराह किया गया और पर्चा के आधार पर जमीन खाली कराने का आदेश भी प्राप्त कर लिया गया।


आवेदन देते शिकायतकर्ता।

## 11 अप्रैल को आयोजित अभिनंदन समारोह में हजारों की संख्या में अकलियत पटना होंगे रवाना

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** राष्ट्रीय जनता दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की बैठक रविवार को जिला परिषद परिसर में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद जिला अध्यक्ष मोहम्मद ताहिर ने किया। वही कार्यक्रम का संचालन अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष तंजीम अहमद के द्वारा किया गया। मोहम्मद तंजीम ने बताया कि राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकारिणी अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष, नौजवान के आइकॉन, पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव का नागरिक अभिनंदन समारोह 11 अप्रैल को किया जा रहा है। इस रैली को सफल बनाने के लिए सभी अकलियत प्रखंड अध्यक्ष के द्वारा बैठक में बड़ी संख्या में पटना चलने का आह्वान किया गया। तंजीम अहमद ने बताया कि अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डा नवाज आलम उर्फ अनवर आलम के दिशा निर्देश पर अकलियत कमेटी की बैठक में निर्णय किया गया कि जिले से हजारों की संख्या में अल्पसंख्यक कार्यकर्ता भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि 11 अप्रैल को श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल पटना में आयोजित अभिनंदन समारोह में भाग लेने को लेकर कार्यकर्ता काफी उत्साहित है। मोहम्मद अहमद ने बताया कि वर्तमान सरकार में लोगों की हो रही परेशानियों के मद्देनजर राष्ट्रीय जनता दल के नेतृत्व में व्यापक रूप से आवाज बुलंद की जा रही है। इन संघर्षो को तेज करने के लिए पार्टी के अंदर एकजूटता जरूरी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल धर्मनिरपेक्ष ताकतों को बढ़ावा देने के लिए कृत संकल्पित है ।उन्होंने समाज के शोषित पीड़ित गरीब गुरुबों के अधिकार के रक्षा हेतु पार्टी द्वारा निरंतर आवाज उठाई जा रही है। वही आम जनता के हित में वर्तमान सरकार को उखाड़ फेंकना जरूरी है। इस मौके पर प्रधान महासचिव अरशद अली, राजद प्रवक्ता शहीदुर रहमान, नुरुल्लाह रहमानी, अख्तर हुसैन, जावेद अख्तर, मोबीन अहमद,छात्र राजद जिला अध्यक्ष धीरज सम्राट, अल्पसंख्यक जिला सचिव ओसामा बिन सईद, एससी एसटी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष भीम कुमार भारती, अल्पसंख्यक जिला महासचिव गुलजार अहमद, नगर सचिव मोहम्मद इम्तियाज, मोहम्मद कुतुबुद्दीन, अनवार चांद, शहजाद आलम सहित अन्य मौजूद रहे।


अभिनंदन समारोह में अकलियत सदस्य।

### अतलखा में अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक 25 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत

**सोनवर्षा राज (एनएसबी)।** बसनही थाना क्षेत्र के अतलखा पेट्रोल पंप के समीप रविवार की रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार 25 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान बाद में बबलु शर्मा पिता-बैजनाथ शर्मा, निवासी-रघुनाथपुर पंचायत के गोदराम गांव, पछुआरी टोला के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवक मोटरसाइकिल से अतलखा चौक की ओर से सोनवर्षा राज की तरफ जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात चार पहिया वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक वाहन सहित फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बसनही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई। प्रारंभ में शव की पहचान नहीं हो पाई थी, लेकिन बाद में पहचान होते ही परिजनों को सूचना दी गई।

## संक्षिप्त खबरें

### 48 घंटे के अंदर अपहरणकर्ता की गिरफ्तारी के साथ अपहृता सकुशल बरामद

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** ईस्ट कलोनी थाना पुलिस ने एक युवती अपहरण कांड में अपहरणकर्ता की गिरफ्तारी की है। साथ ही अपहृत युवती को भी 48 घंटे के अंदर सकुशल बरामद कर लिया है। गिरफ्तार अपहरणकर्ता भागलपुर जिला के सबौर थाना स्थित बाबुपुर मोड़ निवासी सुनील मल्लिक का पुत्र मुकेश मल्लिक है। पुलिस ने छापेमारी कर आरोपी की गिरफ्तारी की जानकारी थानाध्यक्ष वीरभद्र सिंह ने दी है। गौरतलब है कि अपहृता के परिजन ने थाने में 2 अप्रैल को आवेदन देकर अपहरण का केस दर्ज कराया था। कांड में आदर्श थाना जमालपुर के रामपुर कॉलोनी निवासी स्व. राजकुमार मल्लिक का पुत्र रंजित मल्लिक और गिरफ्तार आरोपी मुकेश मल्लिक ने युवती को बहला फुसलाकर ले भागा था। पुलिस ने पीड़ित के आवेदन पर एक्शन शुरू किया और मोबाइल सर्विलांस के आधार पर सबौर पहुंचकर छापेमारी की। इस तरह मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी हुई वहीं दूसरा आरोपी की तलाश जारी है।

### विक्रमशिला ट्रेन में सीट पर बैठने को लेकर नोक झोक

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** जमालपुर स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो पर विक्रमशिला ट्रेन जैसे ही रुकी तो सीट पर बैठने को लेकर एस - 4 बोगी में यात्रियों के बीच नोक झोक गाली गलौज जैसी माहौल होने से थोड़ी देर के लिए तनाव का माहौल देखा गया। हालांकि प्लेटफार्म पर ड्यूटी कर रहे आरपीएफ के पदाधिकारी जवानों ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत किया।

### किताब दुकान के सामने से साइकिल की चोरी

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** ईस्ट कलोनी थाना क्षेत्र के नयागांव मुंगरौड़ा समीप एक किताब दुकान में किताब खरीदने गए छात्र सनी कुमार का नई साइकिल की चोरी हो गई। साइकिल चोरी के बारे में नयागांव दुर्गा स्थान निवासी छात्र सनी कुमार ने बताया कि किताब खरीदने जब दुकान में गए और वापस लौटा तो देखा साइकिल नहीं था। काफी खोजबीन करने के बाद जब साइकिल नहीं मिला तो इसकी लिखित शिकायत ईस्ट कलोनी पुलिस को कार्रवाई को लेकर दिया गया।

### शराब के साथ एक गिरफ्तार

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** जमालपुर पुलिस ने दौलतपुर बस्ती से 18 लीटर शराब के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान दौलतपुर निवासी धर्मेंद्र तांती के रूप में हुआ है। थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि बरामद शराब एवं गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

### कोलिन्स किड्स एवं कोलिन्स इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** स्थानीय क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान कोलिन्स किड्स एवं कोलिन्स इंटरनेशनल स्कूल में सत्र 2025-26 के वार्षिक परीक्षा परिणाम सफलतापूर्वक घोषित कर दिए गए। कोलिन्स किड्स में प्री-नर्सरी से यू.के.जी. तक तथा कोलिन्स इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों का परिणाम पूर्ण हुआ।इस अवसर पर कोलिन्स किड्स में प्रत्येक कक्षा के अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम के अंतर्गत सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें अभिभावकों को बच्चों के सर्वांगीण विकास, सकारात्मक मार्गदर्शन एवं घर-विद्यालय समन्वय के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इससे छात्रों में उत्साह और आत्मविश्वास का संचार हुआ तथा अन्य विद्यार्थियों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरणा मिली।विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं तथा अभिभावकों का सहयोग एवं सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया।

### मोबाईल लूटने वाले दो युवक गिरफ्तार, गया जेल



**त्रिवेणीगंज (सुपौल)।** पुलिस ने झपट्टा मारकर मोबाइल लूटने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है । इस बाबत थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि झपट्टा मारकर मोबाइल छीनने के मामले में थाना क्षेत्र के महेशुआ गांव निवासी सोनू कुमार एवं जनता रोड त्रिवेणीगंज निवासी पिंटू कुमार को गिरफ्तार किया गया है । इस मामले में कांड संख्या 133/26 दर्ज कर गिरफ्तार नामजद अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत सुपौल भेज दिया गया है।

### सिमराही में भव्य कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय दुर्लभ सत्संग एवं श्रीमद्भागवत कथा शुभारंभ

**राघोपुर (सुपौल)।** प्रखंड के नगर पंचायत सिमराही वार्ड संख्या 2 में रविवार को सात दिवसीय दुर्लभ सत्संग एवं श्रीमद्भागवत कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत एक विशाल और आकर्षक कलश यात्रा से की गई, जिसमें श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। लगभग एक किलोमीटर लंबी इस शोभायात्रा में करीब एक हजार महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कलश यात्रा बेनी बाबा मंदिर पावर ग्रिड के समीप से प्रारंभ होकर कथा स्थल तक निकाली गई। सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश लेकर तेज धूप के बावजूद पैदल यात्रा करती हुई भक्ति में लीन नजर आईं।

# 13 अप्रैल को सुपौल पहुंचेंगे प्रशांत किशोर

## जन सुराज को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की कवायद हुई तेज

**सुपौल (एनएसबी) ।** जन सुराज पार्टी को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने और संगठन में नई ऊर्जा का संचार करने के उद्देश्य से पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर 13 अप्रैल को सुपौल दौरे पर आ रहे हैं। उनके इस प्रस्तावित दौरे को लेकर जिले में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं और कार्यकताओं के बीच खासा उत्साह देखा जा रहा है। जन सुराज के वरिष्ठ नेता अनिल कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह दौरा केवल औपचारिकता तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक अहम पहल साबित होगा। उन्होंने कहा कि प्रशांत किशोर इस दौरान जिले के वरीय नेताओं, पदाधिकारियों और जमीनी कार्यकताओं के साथ सीधा संवाद स्थापित करेंगे, जिससे पार्टी की मौजूदा स्थिति, चुनौतियों और संभावनाओं पर गंभीरता से चर्चा की जा सके। बताया कि इस बैठक में संगठन के पुनर्गठन, पारदर्शिता और विस्तार को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की जाएगी। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि जब तक संगठन को नीचे से मजबूत नहीं किया जाएगा, तब तक राजनीतिक स्तर पर अपेक्षित सफलता हासिल करना मुश्किल होगा। इसी सोच के तहत जन सुराज ने राज्यव्यापी दौरे की योजना बनाई है, जिसमें हर जिले में जाकर कार्यकताओं से संवाद स्थापित किया जाएगा। अनिल



तैयारी समीक्षा बैठक में शामिल वरिष्ठ नेता अनिल कुमार सिंह व अन्य।

कुमार सिंह ने बताया कि यह पूरा दौरा एक बड़े अभियान का हिस्सा है, जिसकी शुरूआत 11 अप्रैल से होगी। तय कार्यक्रम के अनुसार 11 अप्रैल को सहरसा, 12 अप्रैल को मधेपुरा, 13 अप्रैल को सुपौल, 14 अप्रैल को अररिया, 15 अप्रैल को पूर्णिया और किशनगंज, 17 अप्रैल को कटिहार तथा 18 अप्रैल को खगड़िया जिले का भ्रमण निर्धारित किया गया है। इस क्रम में हर जिले में संगठन को नए सिरे से खड़ा करने और उसे मजबूत आधार देने की दिशा में काम किया जाएगा। सुपौल दौरे को लेकर पार्टी संगठन ने अपनी तैयारियां भी तेज कर दी हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल एक दौरा नहीं, बल्कि संगठन के पुनर्जीवन का अवसर है, जिसे हर कार्यकर्ता को गंभीरता से लेना चाहिए।

प्रशांत किशोर के दौरे के दौरान पार्टी की मजबूती, कार्यकताओं की भूमिका और आने वाले राजनीतिक परिदृश्य को लेकर खुलकर चर्चा की जाएगी। माना जा रहा है कि इस दौरान वे कार्यकताओं को न केवल मार्गदर्शन देंगे, बल्कि उन्हें नई जिम्मेदारियां भी सौंप सकते हैं। इसके अलावा संगठन को अधिक सक्रिय, जवाबदेह और जनता से सीधे जुड़ा बनाने के लिए कुछ नए दिशा-निर्देश भी जारी किए जाने की संभावना है। राजनीतिक जानकारों की माने तो जन सुराज पार्टी बिहार की राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाने की कोशिश में जुटी हुई है। ऐसे में प्रशांत किशोर का यह दौरा संगठन को नई दिशा और गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। खासकर कोसी क्षेत्र जैसे इलाकों में, जहां सामाजिक और राजनीतिक मुद्दे काफी संवेदनशील और जटिल हैं, वहां इस तरह का सीधा संवाद अभियान पार्टी के लिए लाभकारी साबित हो सकता है। सुपौल जिले की बात करें तो यहां जन सुराज अभी अपने विस्तार के दौर में है। पार्टी लगातार नए लोगों को जोड़ने और अपने जनाधार को मजबूत करने की कोशिश कर रही है। ऐसे में संस्थापक का दौरा कार्यकताओं के मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ संगठनात्मक ढांचे को मजबूती प्रदान करेगा। कार्यकताओं में इस बात को लेकर भी उत्सुकता है कि प्रशांत किशोर स्थानीय मुद्दों पर क्या रुख अपनाते हैं और किस तरह की रणनीति सामने रखते हैं। कोसी क्षेत्र में बाढ़, पलायन, बेरोजगारी और बुनियादी सुविधाओं की कमी जैसे मुद्दे लंबे समय से प्रमुख रहे हैं। उम्मीद की जा रही है कि इन विषयों पर भी विस्तार से चर्चा होगी और पार्टी की आगामी रणनीति तय की जाएगी। दौरे के दौरान प्रशांत किशोर कार्यकताओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुनेंगे। इससे न केवल संगठन में पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि कार्यकताओं को भी यह महसूस होगा कि उनकी बातों को गंभीरता से लिया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जन सुराज को एक मजबूत, संगठित और जनआधारित राजनीतिक विकल्प के रूप में स्थापित करना है। इसके लिए पार्टी गांव-गांव तक अपनी पहुंच बढ़ाने और हर स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ता तैयार करने पर जोर दे रही है। सुपौल दौरे को लेकर जिले के विभिन्न प्रखंडों में भी तैयारियां चल रही हैं। कार्यकर्ता अपने-अपने स्तर पर लोगों को जोड़ने, बैठक की जानकारी देने और अधिक से अधिक उपस्थिति सुनिश्चित करने में जुटे हुए हैं।

**राज्यव्यापी दौरे के तहत करेंगे कार्यकताओं से संवाद, संगठन विस्तार और पारदर्शिता पर बनेगी रणनीति**

## आरपीएफ सीआइबी का एक्शन जारी, 38 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** जमालपुर स्टेशन पर इनदिनों आरपीएफ सीआईबी की टीम का एक्शन जारी है। खासकर शराबबंदी को लेकर लगातार ट्रेनों व स्टेशन पर छापेमारी की जा रही है। सीआईबी इंस्पेक्टर सुधांशु कुमार सुधा के नेतृत्व में एक शराब तस्कर न्यू फरक्का एक्सप्रेस के समय गिरफ्तार हुआ है। गिरफ्तार तस्कर मुंगेर कासिम बाजार थाना के विंदवाड़ा निवासी मुकेश कुमार है।आरपीएफ इंस्पेक्टर राजीव नयन ने बताया कि दोपहर करीब 3 बजे ट्रेन नंबर 14003 मालदा आनंदविहार न्यू फरक्का एक्सप्रेस स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन पर आई थी। सीआईबी इंस्पेक्टर सुधांशु कुमार सुधा के नेतृत्व में स्टेशन की प्लेटफार्म पर विशेष सर्च अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान आरोपी तस्कर पिट्ठू बैग लेकर ट्रेन से उतरा और पुलिस को देखकर प्लेटफार्म संख्या तीन के एफओबी से प्लेटफार्म एक पर पहुंचा। संदेह होने पर सीआईबी टीम ने रोका और तलाशी ली।



गिरफ्तार तस्कर की जानकारी देते हुए आरपीएफ।

**न्यू फरक्का एक्सप्रेस ट्रेन में आरपीएफ सीआइबी की कार्रवाई**

तलाशी के दौरान करीब 38 बोतल 180 एमएल का विदेशी शराब बरामद किया। उन्होंने कहा कि कुल 7 लीटर विदेशी शराब के साथ तस्कर को मुंगेर एक्साइज विभाग को सुपुर्द कर दिया। इस छापेमारी में आरपीएफ सिपाही अनुज कुमार यादव व एसके कुशवाहा सहित अन्य भी शामिल थे।

## अप्रैल से मालदा टाउन-उधना समर स्पेशल ट्रेन: यात्रियों को बड़ी राहत

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** गर्मियों के मौसम में बढ़ती यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे ने मालदा टाउन और उधना के बीच समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह विशेष ट्रेन यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा में अतिरिक्त सुविधा प्रदान करेगी। 09033 उधनाझ्रमालदा टाउन स्पेशल ट्रेन 9 अप्रैल 2026 से 23 जुलाई 2026 तक प्रत्येक गुरुवार को उधना से रात 23:00 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन तीसरे दिन सुबह 11:00 बजे मालदा टाउन पहुंचेगी। कुल 16 ट्रिप इस अवधि में संचालित किए जाएंगे। वहीं, वापसी में 09034 मालदा टाउनझ्रउधना स्पेशल ट्रेन 12 अप्रैल 2026 से 26 जुलाई 2026 तक हर रविवार को मालदा टाउन से सुबह 09:30 बजे रवाना होगी और तीसरे दिन रात 01:20

## जिले में एलपीजी गैस उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध, अनियमितता एवं कालाबाजारी पर प्रशासन सख्त

**सुपौल (एनएसबी)।** जिला में कुल 51 एलपीजी एजेन्सी में 24 गैस एजेंसियों की जाँच की गई है। 23 अन्य होटलों / प्रतिष्ठानों पर जाँच एवं छापेमारी की गई हैं। जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा देवन एच. पी. गैस एजेंसी, किशनपुर की वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया गया, जाँच के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा शत-प्रतिशत होम डिलेवरी करवाने का निदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों द्वारा माँ शारदा एच.पी., सरायगढ़-भपटियाही, सुमित्रा एच.पी., त्रिवेणीगज, गणपती, एच. पी. सिमराही के वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। गैस एजेंसियों द्वारा होम डिलेवरी सेवा प्रारंभ की जाने की पश्चात से उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। जिससे सभी 51 एजेंसियों के लाभुकों को आसानी से होम डिलेवरी के द्वारा गैस प्राप्त हो रहा है। विदित हो कि वर्तमान में नध्य पूर्व में चल रहे युद्ध के कारण एलपीजी गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति में कमी होने की आशंका के मद्देनजर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। सभी गैस एजेंसी संचालकों को गैस की होम डिलेवरी हेतु पहले आओ पहले पाओ फिफो के नियम का कड़ाई से अनुपालन करते हुए प्रतिदिन भंडार/स्टॉक के हिसाब से उस दिन होम डिलिवरी से गैस पाने वालों की सूची का प्रदर्शनसाथ ही ये भी सूचना कि दिनांक तक नम्बर लगाने वालों को गैस की आपूर्ति कर दी गयी है, से संबंधित सूचना का बड़ा पलैक्स गैस एजेंसी ऑफिस / गोदाम / होम डिलेवरी वाहन पर लगाया गया है। सभी गैस एजेंसियों के संचालक को



प्रेस को संबोधित करते पदाधिकारी ।

बैकलॉग के हिसाब से तिथिवार गैस के वितरण से संबंधित सूची निकाल कर गैस एजेंसी के कार्यालय के सूचना पट्ट पर प्रतिदिन प्रदर्शित भी किया जा रहा है।

भीड़-भाड़ वाले (गैस एजेंसी / गोदाम) होम डिलेवरी को सुचारु बनाए रखने हेतु पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है ताकि गैस की होम डिलेवरी की व्यवस्था करवाना सुनिश्चित की जा सके। सुपौल जिले के कुल 51 गैस एजेंसियों में से 46 गैस एजेंसियों पर अभी छ्ढ्रग्गैस सिलेंडर उपलब्ध है, शेष ऊ पर शीघ्र ही गैस की आपूर्ति किये जाने की संभावना है। तेल कम्पनियों द्वारा अस्पताल एवं सरकारी संस्थानों को जिनके पास वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है। जिला प्रशासन छ्ढ्रग्गैस सिलेंडरों की ससमय उपलब्धता हेतु गैस वितरक कम्पनियों से लगातार संपर्क में है। अभी जिले के गैस एजेंसियों के पास लगभग 14266 गैस सिलेंडरों का भंडार मौजूद है। कल दिनांक 04.04.2026 को लगभग 3263 उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की गई है। अभी तक 24182 उपभोक्ता को बुकिंग की गैस आपूर्ति की जानी है। समाहरणालय परिसर स्थित जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय, सुपौल में घरेलु छ्ढ्रग्गैस सिलेंडरों के उठाव-वितरण के निगरानी के लिए जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष संख्या 06473-224005 है। आज दिनांक 03.04.2026 को जिला नियंत्रण कक्ष में 9 शिकायतें / जानकारी प्राप्त करने हेतु कॉल प्राप्त हुआ है। सभी संबंधितों के शिकायतों का निष्पादन करा दिया गया है। अभी तक घरेलु गैस के वाणिज्यिक प्रयोग/ कालाबाजारी के आरोप में जिला अन्तर्गत तीन प्राथमिकी दर्ज की जा चूकी है। सुपौल जिले में छ्ढ्रग्गैस सिलेंडरों के उपलब्धता की स्थिति सामान्य है, घबराकर अधिक सिलेंडर लेने की आवश्यकता नहीं है। जिला प्रशासन सभी ग्राहकों से अनुरोध करता है कि सभी एजेंसियों के द्वारा होम डिलिवरी के माध्यम से ससमय गैस की आपूर्ति की जायेगी कृपया वितरण व्यवस्था को सामान्य बनाये रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करें।

## जिला के हर विभाग में कुंडली मार कर बैठे है भ्रष्टाचारी : सपा

**मुंगेर (एनएसबी)।** जिले में रसोई गैस की किल्लत,बढ़ती महंगाई व्याप्त आराजकता जन समस्या हर विभाग में खुलेआम हो रहे लुट खसोट बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था सहित संगठनों की मजबूती को लेकर समाजवादी पार्टी जिला इकाई के प्रमुख नेताओं की एक आवश्यक बैठक जिला मुख्यालय स्थित शहीद स्मारक भवन में जिला अध्यक्ष पप्पू यादव की अध्यक्षता में रविवार को आयोजित की गई जहां उपस्थित सपाईयों ने जिला की व्यवस्था पर जमकर बिफरते हुए सड़क पर उतरने की रणनीति तैयार की।बैठक को संबोधित करते हुए सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि आयुक्त कार्यालय से लेकर प्रखंड कार्यालय में कुंडली मार कर भष्ट्राचारी बैठे है प्रशासनिक लालफीताशाही चरम पर है आयुक्त के पेशकार की गिरफ्तारी जमालपुर अंचल कार्यालय में दस्तावेज का जलाना नगर निगम और नगर परिषद जमालपुर में योजनाओं में जबरदस्त लूट के बावजूद जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों की खामोशी सुशासन की खोखली व्यवस्था का का प्रमाण है और इस आराजकता के विरूद्ध शासन प्रशासन के डर से राजनीतिक सामाजिक कार्यकताओं की खामोशी चिंता का विषय है जिसे लेकर हम सपाई एक अभियान चलाएगे और आंदोलन के लिए सड़क पर उतरेंगे।बैठक में मौजूद लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव रविकान्त झा ने कहा कि देश और राज्य के स्वंयभू सरकार के कारण आम आदमी रसोई गैस पेट्रोलियम पदार्थ की किल्लत और बढ़ती महंगाई से जूझ रहा है किसान मौसम के मार से मरणासन्न हो गया है और सरकार और भ्रष्ट पदाधिकारी लूट में लगे हैं सुशासन की यही असली तस्वीर है। वही बैठक को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष रामनाथ राय महासचिव मिथिलेश यादव अशोक भारत मुंगेर नगर अध्यक्ष मो आजम सहित अन्य नेताओं ने कहा कि हम सपाई एक बार फिर गांव-गांव का दौरा कर बढ़ते अपराध स्वास्थ्य की लचर व्यवस्था भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए सड़क पर आंदोलन के लिए उतरे अन्यथा इस जिले की हालत वद से वदत्तर होने से कोई नहीं रोक सकता।बैठक के अन्त में रसोई गैस बढती महंगाई व्याप्त आराजकता को लेकर 9 अप्रैल को पुतला दहन से आन्दोलन की शुरूआत करने का निर्णय लिया गया।

**शासन प्रशासन के डर से खामोश नहीं बैठे राजनीतिक कार्यकर्ता : पप्पू**

## डीएम ने किशनपुर के देवन एचपी का किया निरीक्षण, होम डिलेवरी के तहत नियमित गैस

**किशनपुर (सुपौल) ।** जिलाधिकारी सावन कुमार के द्वारा देवन एचपी गैस एजेंसी, किशनपुर के वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने गैस सिलेंडरों की उपलब्धता, स्टॉक रजिस्टर, वितरण प्रक्रिया एवं उपभोक्ताओं को समय पर होम डिलीवरी की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने एजेंसी संचालक को निर्देश दिया कि सभी उपभोक्ताओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता, कालाबाजारी या जमाखोरी की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि उपभोक्ताओं की सुविधा सर्वोपरि है और गैस वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से निरीक्षण करने एवं व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित पदाधिकारी एवं गैस एजेंसी के कर्मी उपस्थित थे।



देवन एचपी पर जांच करते डीएम सावन कुमार

## संत जोसेफ कैथोलिक चर्च जमालपुर में ईस्टर विजिल का श्रद्धापूर्ण आयोजन

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** प्रभु यीशु मसीह के पुनरुत्थान के महान पर्व ईस्टर की पूर्व संध्या पर संत जोसेफ कैथोलिक चर्च, ईस्ट कलोनी, जमालपुर में ईस्टर विजिल (पवित्र जागरण) का श्रद्धापूर्ण एवं आध्यात्मिक आयोजन किया गया। यह पवित्र आराधना रात्रि बेला से प्रातः तक चली। पवित्र मिस्सा (यूखारिस्टिक समारोह) का संचालन चर्च के पल्ली पुरोहित रेव. फादर जयबालान द्वारा किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत नई अग्नि के आशीर्वाद तथा पवित्र जल के आशीर्वाद से हुई, जो अंधकार पर प्रकाश और मृत्यु पर जीवन की विजय का प्रतीक है। इसके बाद पवित्र बाइबिल से विभिन्न पाठ, भजन-गीत और प्रार्थनाएँ की गईं।पवित्र बाइबिल से पाठ चंदन माइकल, ज्योति, संजय, जॉली और मधुर द्वारा किया गया, जबकि विश्वासियों की प्रार्थनाएँ दिव्या, महिमा, रितु, अलिना और रोमी द्वारा प्रस्तुत की गईं। वेदी सेवक (अल्टर बॉयज) के रूप में रेमंड, डेविड, अश्विन और मधुर ने सेवा दी।भजन-गायन का नेतृत्व विलियम, सिस्टर मीना, सिस्टर सुप्रिया, आशा, आश्रिता, रश्मि आदि ने किया, जिनके सुंदर स्तुतिगान से पूरा वातावरण भक्तिमय बन गया। ह्लग्लोरियाह्व के गान के साथ चर्च की घंटियाँ गूँज उठीं और विशेष ध्वनि प्रभाव के साथ प्रभु यीशु मसीह के पुनरुत्थान का प्रतीकात्मक दृश्य प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं के हृदय को गहरे आध्यात्मिक आनंद से भर दिया।इस पवित्र समारोह में जमालपुर मुंगेर से 200 के करीब श्रद्धालु उपस्थित रहे। मिशनरीज ऑफ चैरिटी, सिस्टर्स ऑफ नोट्रे डेम तथा अन्य धर्मसंघों की सिस्टर्स भी इस अवसर पर उपस्थित रहीं।ईस्टर का यह पर्व उस महान सत्य की घोषणा करता है कि गुड फ्राइडे के दिन क्रूस पर कष्ट और मृत्यु सहने के बाद प्रभु यीशु मसीह तीसरे दिन महिमा के साथ जी उठे। उनका पुनरुत्थान मानवता के लिए आशा, नए जीवन और विजय का संदेश है। प्रभु यीशु की शिक्षाएँ प्रेम, क्षमा, करुणा, सेवा और शांति आज भी संसार को मार्ग दिखाती हैं। ईस्टर का संदेश है कि घृणा पर प्रेम, अन्याय पर सत्य और अंधकार पर प्रकाश की विजय निश्चित है। कार्यक्रम की व्यवस्था और संचालन में पल्ली परिषद के सदस्यों, युवाओं तथा स्वयंसेवकों राकेश माइकल, जेवियर जोसेफत, दिलीप खाखा आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।समारोह के अंत में सभी श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को ईस्टर की हार्दिक शुभकामनाएँ और आशीर्वाद दिए। इसके पश्चात सभी के लिए चाय और नाश्ते की व्यवस्था की गई, जहाँ सभी ने मिलकर इस पावन पर्व की खुशियाँ साझा किया।

## एनएच 327 पर अज्ञात वाहन की ठोकर से संदिग्ध की मौत

**पिपरा (सुपौल)** कएनएच 327 ई कटैया चोक के समीप शनिवार देर रात को अज्ञात वाहन की ठोकर से एक 45 वर्षीय संदिग्ध व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई जो मानसिक रूप से विक्षिप्त था। वाहन चालक रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए घटना को अंजाम देकर फरार होने में कामयाब रहा। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो सका है। पुलिस ने बताया कि मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त था और दो तीन दिनों से इस एरिया में दिखाई दे रहा था। घटना की सूचना पर पहुंची पिपरा पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## पुलिस ने राजपुर मे छापामारी कर 40 किलो 600 ग्राम गांजा किया बरामद, महिला कारोबारी गिरफ्तार

**पिपरा (सुपौल)।** थाना क्षेत्र के रामपुर पंचायत अंतर्गत राजपुर वार्ड 7 में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में प्रतिबंधित गांजा बरामद किया है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष राजेश कुमार झा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि रामपुर गांव निवासी ललित साह के घर पर गांजा की खरीद-बिक्री का अवैध कारोबार चल रहा है। सूचना की पुष्टि के लिए पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ललित साह के घर पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान घर से कुल 40 किलो 600 ग्राम गांजा बरामद किया गया। छापेमारी के दौरान महिला पुलिस बल की सहायता से ललित साह की पत्नी उषा देवी को गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि, पुलिस के पहुंचने से पहले ही मुख्य आरोपी ललित साह मौके से फरार हो गया। पुलिस ने उसके विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी उषा देवी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में सुपौल भेज दिया गया है।

# खगड़िया में पहली बार राज्यस्तरीय लगोरी प्रतियोगिता, 200 खिलाड़ियों ने लिया भाग

**खगड़िया (एनएसबी)।** खगड़िया जिले में पहली बार राज्यस्तरीय सब जूनियर लगोरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। 3 अप्रैल 2026 को महेशखूंट स्थित जवाहर प्लस 2 विद्यालय परिसर में आयोजित इस एक दिवसीय प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों से 200 से अधिक बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

यह प्रतियोगिता लगोरी एसोसिएशन ऑफ बिहार के तत्वावधान में खगड़िया जिला लगोरी संघ एवं ब्राइटवे पब्लिक स्कूल के संयुक्त सहयोग से आयोजित की गई।

आयोजन समिति के संयोजक सह जिला लगोरी संघ के संयुक्त सचिव विजय प्रताप ने बताया कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन और खेल कौशल के आधार पर बिहार की 25 सदस्यीय टीम का चयन किया गया है।


प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों से 200 से अधिक बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

उन्होंने जानकारी दी कि चयनित खिलाड़ियों का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर 5 अप्रैल 2026 से बेगूसराय के रतनपुर में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के बाद अंतिम रूप से चयनित 15 खिलाड़ी हरियाणा के रेवाड़ी में 10 से 12 अप्रैल तक आयोजित होने वाली सब जूनियर राष्ट्रीय लगोरी प्रतियोगिता में बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे।

जिला लगोरी संघ के सचिव दीपक कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में बेगूसराय, खगड़िया, मुंगेर, नौगछिया, भागलपुर, पटना, नालंदा, वैशाली, समस्तीपुर और लखीसराय सहित 10 जिलों के खिलाड़ी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि खगड़िया में पहली बार राज्यस्तरीय लगोरी प्रतियोगिता का आयोजन होना जिले के लिए गर्व की बात है। खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर प्रशिक्षण कैंप के लिए 25 बालक और 25 बालिका खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

प्रतियोगिता का उद्घाटन लगोरी एसोसिएशन ऑफ बिहार के सचिव रणधीर कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लगोरी भारत का एक प्राचीन और लोकप्रिय खेल है, जिसे द्वापर काल में भगवान श्रीष्ण भी खेलते थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार भी इस खेल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। बालक टीम के कोच आदित्य गुप्ता और बालिका टीम की कोच कशिश दर्शन के नेतृत्व में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

प्रशिक्षण के बाद चयनित टीम 8 अप्रैल की शाम मगध एक्सप्रेस से दिल्ली के लिए रवाना होगी, जहां से वे हरियाणा के रेवाड़ी में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

## खगड़िया में 6 अप्रैल को मनाया जाएगा नामांकन दिवस, प्राथमिक शिक्षक संघ गोपगुट ने की शत-प्रतिशत नामांकन की अपील

**खगड़िया(एनएसबी)।** खगड़िया जिले में सत्र 2026-27 के लिए 6 अप्रैल को सभी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में नामांकन दिवस मनाया जाएगा। जिला पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देशानुसार शिक्षा विभाग द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत अधिक से अधिक बच्चों का स्कूलों में नामांकन सुनिश्चित किया जाएगा। इसी को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ गोपगुट महासंघ के प्रखंड अध्यक्ष सुधीर कुमार ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा है कि सभी अभिभावक अपने बच्चों का नामांकन नजदीकी सरकारी विद्यालयों में अवश्य कराएं, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, आशा कार्यकर्ताओं एवं जीविका दीदियों से भी इस अभियान में सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। विद्यालयों में अनुभवी एवं प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा पढ़ाई कराई जाती है। इसके अलावा मध्या भोजन, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं बैग, वार्षिक छात्रवृत्ति सहित कई सुविधाएं बच्चों को दी जाती हैं। सुधीर कुमार ने विश्वास जताया कि जिलेवासी इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे और जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित 100 प्रतिशत नामांकन लक्ष्य को पूरा करने में सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हर बच्चा स्कूल जाए और शिक्षित बने।

## महद्दीपुर बड़ी दुर्गा महारानी मंदिर की दान पेटी से लाखों की चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात


दान पेटी।

**पसराहा (एनएसबी)।** खगड़िया जिले के पसराहा थाना क्षेत्र अंतर्गत महद्दीपुर स्थित प्रसिद्ध बड़ी दुर्गा महारानी मंदिर में शनिवार की मध्यरात्रि चोरों ने दुस्साहस का परिचय देते हुए दान पेटी से लाखों रुपये की राशि पार कर दी। यह पूरी वारदात मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसमें चोर बड़ी ही बेफिक्री के साथ दान पेटी का कब्जा तोड़कर नोटों के बंडल निकालते हुए साफ दिखाई दे रहे हैं। मंदिर के पुजारी प्रकाश ठाकुर के अनुसार, दान पेटी मंदिर के मुख्य द्वार पर स्थित थी। राजकीय मेला के सफल आयोजन के बाद मंदिर कमेटी इस पेटी को खोलकर दान राशि का हिसाब-किताब करने की योजना बना रही थी, लेकिन उससे पहले ही चोरों ने हाथ साफ कर दिया। रविवार की सुबह जब पुजारी मंदिर पहुंचे, तो उन्होंने दान पेटी का कब्जा टूटा हुआ पाया। पेटी के अंदर रखे सभी कागज के नोट गायब थे और पास में ही ताला और एक लोहे का रड पड़ा मिला। बताया जा रहा है कि चोरों ने लोहे की रड की सहायता से मजबूती से बंद पेटी का कब्जा तोर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मेलाध्यक्ष रोहित सिंह और मंदिर कमेटी के अन्य सदस्यों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। मेलाध्यक्ष ने बताया कि दान पेटी में बड़ी धनराशि होने का अनुमान था। इस मामले में पसराहा थाना में लिखित आवेदन दिया गया है। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पसराहा थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है और जल्द ही मामले का उद्भेदन कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## खबरें : एक नजर में

### बड़ी कार्रवाई में भारी मात्रा में विदेशी शराब किया बरामद, स्कर्पियो जब्त, कारोबारी फरार

**बेलदौर(एनएसबी)।** बेलदौर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने झारखंड नंबर की एक स्कार्पियो भी जब्त किया है। हालांकि शराब कारोबारी भगाने में सफल रहा। रविवार को बेलदौर थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि थाना में एसआई मो आलमगीर के नेतृत्व में पुलिस ने शनिवार की रात्रि में गुप्त सूचना के आधार पर बेलदौर थाना क्षेत्र के पनसलवा जमींदारी बांध मुरघटी दियारा में छापेमारी किया। जिसमें पुलिस एक स्कर्पियो को पकड़ा। स्कर्पियो में 46 कार्टून विदेशी शराब लदा हुआ था। हालांकि कारोबारी अंधेर में मौके का फायदा उठाकर भगाने में सफल रहा। थानाध्यक्ष ने कहा कि मामले में स्कर्पियो गाड़ी नंबर जेएच 15 जे 1052 के मालिक के खिलाफ शराब अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### सामाजिक कार्यकर्ता कुंदन कुमार चंचल ने किया दसवां रक्तदान, बचाई सरस्वती की जान

**खगड़िया (एनएसबी)।** खगड़िया थाना रोड निवासी सरस्वती कुमारी की हालत अचानक बिगड़ गई। जब उन्हें रक्त की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ा। डक्टरों ने तुरंत बी पजिटिव ब्लड की आवश्यकता बताई। लेकिन उस समय कोई उपलब्ध दाता नहीं मिल रहा था। ऐसे में सामाजिक कार्यकर्ता कुंदन कुमार चंचल ने आगे बढ़कर सरस्वती की जान बचाई। कुंदन चंचल ने बताया कि उनके मित्र सचिन यादव का फोन आया था, जिसमें उन्होंने सरस्वती की गंभीर स्थिति और ब्लड की तत्काल जरूरत की जानकारी दी। बिना देर किए कुंदन चंचल खगड़िया सदर अस्पताल पहुंचे और अपना दसवां रक्तदान किया। उनके इस कदम से सरस्वती की जान बच सकी और परिवार ने राहत की सांस ली। कुंदन चंचल ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव धर्म है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को जीवन में कम से कम एक बार रक्तदान जरूर करना चाहिए। उनका मानना है कि ष्आपका एक यूनिट किसी की जिं बचा सकता है। यह घटना न केवल मानवीय संवेदनाओं का उदाहरण है बल्कि समाज में जागरूकता फैलाने का भी संदेश देती है। कुंदन चंचल जैसे सामाजिक कार्यकर्ता समाज के लिए प्रेरणा हैं, जो निस्वार्थ भाव से दूसरों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

### खगड़िया के छोटी फुलवड़िया में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई वीर बाबा चौहरमल की 713वीं जयंती

**पसराहा (एनएसबी)।** खगड़िया जिला के गोगरी प्रखंड स्थित पौरा थाना के छोटी फुलवड़िया में संत शिरोमणि वीर बाबा चौहरमल की 713वीं जयंती बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुई। इस अवसर पर बाबा चौहरमल स्थान में उनकी प्रतिमा पर श्रद्धापूर्वक पुष्पांजलि अर्पित कर जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोगरी ग्रामीण चिकित्सक संघ के अध्यक्ष मनोज पासवान ने कहा कि कुल देवता वीर शिरोमणि ने अपने अदम्य साहस से पासवान समाज के उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष किया, जिसके कारण वे आज हमारे लिए वंदनीय और पूजनीय हैं। मुख्य वक्ता के रूप में प्रधान शिक्षक डा. दिनेश कुमार ने बाबा चौहरमल के जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बाबा का जन्म 4 अप्रैल 1313 (चैत्र पूर्णिमा) को बिहार के मोकामा स्थित घोरौनी टोला अंजनी में हुआ था। उन्होंने सामंती ताकतों के खिलाफ कड़ा संघर्ष किया था और आज वे पासवान समाज के पथप्रदर्शक एवं कुल देवता के रूप में पूजे जाते हैं। इसी संदर्भ में शिक्षक शैलेंद्र पासवान ने बताया कि हर वर्ष यह जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती है और बाबा को महाप्रसाद के रूप में लिट्टी और खीर का भोग लगाया जाता है। इस गरिमामयी समारोह में मुखिया मृत्युंजय सिंह, आशीष कुमार, बंटी पासवान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### माधवपुर में मेधावी छात्रों किया गया पुरस्कृत

**परबत्ता (एनएसबी)।** प्रखंड अंतर्गत माधवपुर पंचायत में इस वर्ष मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा में सफल हुए छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता लालरतन सिंह के द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सम्मान समारोह के दौरान लालरतन सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन में आगे बढ़ने का सबसे मजबूत आधार है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी अपनी मेहनत और लगन से बड़े मुकाम हासिल कर सकते हैं, जरूरत है सही मार्गदर्शन और प्रोत्साहन की। उन्होंने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा अन्य छात्रों को भी उनसे प्रेरणा लेने की अपील की। इस मौके पर अंबूज झा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे, जिन्होंने भी छात्रों का हौसला बढ़ाया और उनके बेहतर भविष्य की कामना की।

## हज में जाने वाले चार जिले के लोगों को हज का दिया गया प्रशिक्षण : सैयद खालीद नजमी

### जामा मस्जिद में एक दिवसीय हज प्रशिक्षण शिविर में पुरुष व महिला हज यात्रियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया : मो. मोहीउद्दीन

**खगड़िया (एनएसबी)।** हर साल की तरह इस साल भी जमीअत उलमा ए हिन्द खगड़िया जिले की ओर से 2026 में हज की यात्रा पर जाने वाले हज यात्रीयों को हज का प्रशिक्षण भारत के प्रसिद्ध हज ट्रेनर कोलकाता के अल्हाज मो कैसर अली खान के द्वारा जामा मस्जिद खगड़िया में दिया गया। जिसमें हज पर जाने वाले चार जिले खगड़िया, बेगुसराय, मुंगेर और सहरसा के हाजी साहिबान शामिल हुए। मौके पर अलहाज मो मोहिउद्दीन उपाध्यक्ष, मौलाना मुअज्जम अली जेनरल सेक्रेटरी बेगुसराय, मौलाना जलालुद्दीन इमाम जामा मस्जिद जलकौरा ,मोहम्मद अमजद नजीर नाजिम ए तंजीम जमीयत उलमा खगड़िया, मोहम्मद अख्तर आलम अध्यक्ष हज कमेटी सहरसा , मो हाफिजुर रहमान मुंगेर, गुलाम मोहम्मद मुंगेर , हाफिज ईमाम उद्दीन मेहसौरी, मौलाना कमाल अनवर इमाम जामा मस्जिद रसोक, मो शमीम व मो मुकीम , हाजी मो शरीफ, मो अफरोज इत्यादि शरीक हुए। हज कार्यक्रम की अध्यक्षता जमीअत उलेमा खगड़िया के अध्यक्ष सैयद खालीद नजमी ने किया जबकि मंच संचालन की सफल जिम्मेदारी जमीअत उलेमा हिन्द खगड़िया के जिला महासचिव कघरी मोहम्मद सरफराज आलम ने निभायी। जनाब कध्ैसर अली खान ने हज व उमरे के तमाम फराएज, वाजिवात और सुन्नतों की तफसील हाजीयों को आसान और सिधे साले अल्फाज में बताया। साथ ही हज में किन चीजों से बचना है उस पर भी रौशनी डाली। उन्होंने ने कहा इस्लाम की बुनियाद पांच सुतुनों (पिलर) पर कघयम है, ईमान , नमाज, रमजान के रोजे , जकात और हज। हज मालदार मुसलमानों पर जिने में सिर्फ एक बार फर्ज है। उन्होंने कहा कि रब सबका है और सब रब का है, इसलिए तमाम हाजीयों को हज के मौके पर सब के लिए दुआ करनी है। तमाम दुनिया के लोगों के लिए, तमाम इंसानियत के लिए और खघस कर अपने मुल्क के लिए अपनी दुआओं में जरूर याद रखें। उन्होंने ने कहा हज यात्रा पर जाने वाले किसी भी व्यक्ति का अगर कर्ज या हक बाकी है तो पहले उसको अदा करना जरूरी है ।

## वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक जागरूकता शिविर निःशुल्क सहायता योजनाओं की दी गई जानकारी

**गोगरी (एनएसबी)।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खगड़िया द्वारा रविवार को नालसा लीगल सर्विसेज टू सीनियर सिटीजन स्कीम 2016 के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर गोगरी प्रखंड के रामपुर पंचायत में आयोजित हुआ।

इस संबंध में जानकारी देते हुए प्राधिकार के सचिव चंदन कुमार ने बताया कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार खगड़िया राजेश कुमार बच्चन के निर्देशानुसार इस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर के सफल संचालन के लिए पैनल अधिवक्ता विपिन कुमार एवं पीएलवी रितेश कुमार की प्रतिनियुक्ति की गई थी।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को नालसा लीगल सर्विसेज टू सीनियर सिटीजन स्कीम 2016 के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित विभिन्न सरकारी लाभकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि यह योजना वरिष्ठ नागरिकों को कानूनी सहायता और उनके अधिकारों के संरक्षण के उद्देश्य से चलाई जा रही है।

शिविर में यह भी बताया गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार शोषित एवं वंचित वर्गो के अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर है। प्राधिकार द्वारा जरूरतमंद व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। अनुसूचित जाति-जनजाति, महिलाएं, बच्चे, मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति, औद्योगिक कामगार, न्यायिक अभिरक्षा में बंद लोग, वरिष्ठ नागरिक एवं किन्नर समुदाय के लोग इस सुविधा के पात्र हैं।

जरूरतमंद व्यक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकार में आवेदन देकर अपने मामले की पैरवी के लिए निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान लोगों से अपील की गई कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनें और जरूरत पड़ने पर विधिक सहायता का लाभ लें।

## खगड़िया में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 204 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**खगड़िया (एनएसबी)।** खगड़िया जिले में मादक पदार्थो के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मुफस्सिल थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने 204 ग्राम स्मैक (हेरोइन) के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। साथ ही उसके पास से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है।

प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पुलिस अधीक्षक खगड़िया के निर्देश पर मादक पदार्थो के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 5 अप्रैल को मुफस्सिल थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली, जिसके आधार पर कार्रवाई करते हुए एनएच-31 स्थित नयागढ़ मडल टोल के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें उसके पास से 204 ग्राम स्मैक बरामद हुआ।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान आदर्श कुमार उर्फ कुक्कू (उम्र करीब 25 वर्ष), पिता पिंटू सिंह, निवासी श्रीचंदपुर, थाना साहेबपुर कमाल, जिला बेगूसराय के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुफस्सिल थाना कांड संख्या 47द26, दिनांक 4 अप्रैल 2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(इ) के अंतर्गत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही आरोपी के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

इस छापेमारी दल में थाना अध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह, पुलिस पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह सहित डीआईयू (खगड़िया) और एसटीएफ (पटना) की टीम शामिल रही।

खगड़िया पुलिस ने कहा है कि जिले में मादक पदार्थो के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और ऐसे अवैध धंधों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## अतिक्रमण हटाने गई टीम पर हमला, 78 नामजद सहित कई अज्ञात पर केस, 5 गिरफ्तार

**खगड़िया(एनएसबी)।** खगड़िया जिले में अतिक्रमण हटाने गई प्रशासनिक टीम पर हमले के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस घटना में 78 नामजद सहित कई अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है, वहीं अब तक 5 आरोपियों की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। रविवार को खगड़िया पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बीते 3 अप्रैल को सदर अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर खगड़िया शहर में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान नगर परिषद, प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस बल की मौजूी में रेलवे स्टेशन के पूर्वी गेट के पास कार्रवाई की जा रही थी। बताया गया कि अतिक्रमण हटाने के दौरान कुछ लोगों ने भीड़ जुटाकर विरोध शुरू कर दिया।

देखते ही देखते करीब 150-200 की संख्या में लोग लाठी-डंडा, लोहे के सरिया और पत्थर लेकर पुलिस एवं प्रशासनिक टीम पर हमला करने लगे। हमले के दौरान नगर परिषद खगड़िया के कार्यपालक पदाधिकारी के वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। वहीं नगर परिषद के स्वच्छता निरीक्षक राजीव रंजन पर भी भीड़ द्वारा हमला किया गया, जिससे वे घायल हो गए। स्थिति को बिगड़ता देख पुलिस ने मोर्चा संभाला और भीड़ को तितर-बितर किया।

घटना के बाद घायल स्वच्छता निरीक्षक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और हमले में शामिल लोगों की पहचान कर कार्रवाई शुरू की। इस मामले में खगड़िया थाना कांड संख्या 83/26, दिनांक 4 अप्रैल 2026 के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार, अब तक 5 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है, जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है। खगड़िया पुलिस ने स्पष्ट किया है कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

## दुख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं हम : विधायक बबलू कुमार मंडल

**खगड़िया (एनएसबी)।** खगड़िया सदर विधायक बबलू कुमार मंडल ने अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर हाल ही में हुई दुखद घटनाओं से प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया।


पंचवटी, बगडोव और अरैया में शोक संतप्त परिवारों से मिलकर दी सांत्वना, हर संभव मदद का दिया भरोसा।

विधायक सबसे पहले पंचवटी टोला पहुंचे, जहां निवासी दीपक महतो के पुत्र संजीव के आकस्मिक निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। विधायक ने शोक संतप्त परिजनों से मिलकर घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और कहा कि इस मामले में पूरी तरह न्याय सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने परिजनों को भरोसा दिलाया कि प्रशासन से समन्वय कर उचित कार्रवाई कराई जाएगी। इसके बाद विधायक बगडोव गांव पहुंचे, जहां पिंटू मालाकार की पत्नी स्वर्गीय चंदा देवी का असामयिक निधन हो गया था। जानकारी के अनुसार यह घटना गेहूं की दौनी के दौरान हुई थी। विधायक ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की और उन्हें इस कठिन समय में धैर्य बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं बेहद दुखद होती हैं और समाज को भी ऐसे समय में पीड़ित परिवार के साथ खड़ा होना चाहिए। विधायक ने अरैया गांव का भी दौरा किया, जहां वकील वर्मा जी की पत्नी के हाल ही में हुए निधन पर उन्होंने शोक व्यक्त किया। उन्होंने परिजनों से मिलकर अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट कीं और कहा कि वे इस कठिन समय में उनके साथ हैं। इस दौरान विधायक ने संबंधित गांवों का भ्रमण कर स्थानीय समस्याओं की भी जानकारी ली। ग्रामीणों ने उन्हें अपनी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर विधायक ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। विधायक बबलू कुमार मंडल ने कहा, दुख की इस घड़ी में हम सभी को एक-दूसरे के साथ खड़ा रहना चाहिए।

## मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**परबत्ता (एनएसबी)।** नगर पंचायत अंतर्गत तेमथा राका स्थित चइस एजुकेशन संस्थान के प्रांगण में मैट्रिक परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक बाबूलाल शौर्य उपस्थित रहे। वहीं चेयरमैन प्रतिनिधि रंजीत कुमार साह, केएमडी कलेज परबत्ता के प्राचार्य प्रो अरविंद कुमार, प्लस 2 उच्च विद्यालय कन्हैयाचक के प्रधानाचार्य आरक़े पंडित, संस्थान के संचालक गौतम कुमार एवं कृष्णकांत झा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों की शानदार उपलब्धियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। करना गांव के धर्मराज कुमार और नौरंगा की भाग्यश्री ने 462 अंक प्राप्त कर क्षेत्र में शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं लव कुमार (460 अंक), अभिनव आनंद (453 अंक), सजल कुमार (435 अंक), नवनीत कुमार (436 अंक), कोमल कुमारी (443 अंक) और जुली कुमारी (439 अंक) ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन गौतम कुमार एवं कृष्णकांत झा द्वारा किया गया। इस दौरान सभी मेधावी विद्यार्थियों को मोमेंटो, मेडल एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।अपने संबोधन में अतिथियों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### दिलीप दास को राजद एससीएसटी प्रकोष्ठ का कार्यकारी जिलाध्यक्ष मनोनीत

**खगड़िया (एनएसबी)।** कृष्णापुरी बलुआही स्थित जिला राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय में पूर्व एमएलसी प्रत्याशी सह राजद जिलाध्यक्ष मनोहर कुमार यादव ने दिलीप दास को राजद एससीएसटी प्रकोष्ठ का कार्यकारी जिलाध्यक्ष मनोनीत किया। राजद जिलाध्यक्ष मनोहर कुमार यादव ने दर्जनों महादलित नेताओं के साथ दिलीप दास जदयू छोड़कर राजद में शामिल होकर राजद की सदस्यता ग्रहण किये हैं। दिलीप दास पहले जदयू एससी एसटी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रह चुके हैं। इनको आज एससीएसटी प्रकोष्ठ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष पर मनोनित किये हैं। ये काफी मेहनती और जमीनी नेता हैं।ये राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव हमेशा गरीब, कमजोड़, पिछड़ा और दलितों को सम्मान और अधिकार दिया है।लालू प्रसाद यादव एवं तेजस्वी प्रसाद यादव वर्षो से गरीब ,कमजोर वंचितों को न्याय दिलाने के लिए लड़ता रहा है। राजद सामाजिक न्याय की पार्टी है।



नवमनोनित एस सी एसटी प्रकोष्ठ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष दिलीप दास ने कहा कि बिहार में वर्तमान समय में तेजस्वी प्रसाद यादव ही ऐसे युवा नेता हैं जो सभी वर्गो के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं।तेजस्वी प्रसाद यादव जो कहते हैं वो करते हैं।बिहार में महागठबंधन की सरकार में मात्र सत्रह महीने में किये गये कार्य को बिहार की जनता ने देखा है। उन्होंने जो कहा था कि हमारी सरकार बनेगी तो दस लाख युवाओं को नौकरी देगें। उपमुख्यमंत्री बनते ही पाँच लाख युवाओं को नौकरी दिया। साढ़े चार लाख नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दिलवाया। दो लाख से अधिक नौकरी विभिन्न विभागों में प्रक्रिया में थी कि मनुवादी सोच वाली बेजेपी के लोगों ने साजिस के तहत महागठबंधन की सरकार को गिड़ा दिया। दलितों के लिए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने जितना कर दिया है कोई नेता नहीं किया है।विकास मित्र जो दलित समाज के लोग ही इस पद पर हैं सत्रह महीने की सरकार में विकास मित्र का मानदेय तीनगुना बढ़ाते हुए तीस हजार रुपये कर दिये।बिहार दलित, कमजोर और वंचित के सच्चे हितेषी सिर्फ राष्ट्रीय जनता दल ही है। दिलीप दास के साथ कुणाल कुमार, उपेंद्र दास, सुखनंदन पासवान, बिपीन दास, अमरजीत दास, रामानंद दास, दीपक दास, अरविंद दास, सुलेखा देवी,रंजू कुमारी,प्रमिला देवी,शोभा देवी,रानी कुमारी और रीना देवी ने राजद का सदस्यता ग्रहण किया और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव यादव के प्रति आस्था व्यक्त किया। मौके पर जिला प्रधानमहासचिव नंदलाल मंडल,जिला उपाध्यक्ष प्रमोद यादव,जिला प्रवक्ता अजीत सरकार, पूर्व वार्ड पार्षद सह जिला मीडिया प्रभारी रणवीर कुमार,नगर अध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार,युवा राजद नेता अजीत तिवारी,जितेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

### भाजपा के द्वारा प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**खगड़िया(एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी नगर द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष रितेश शर्मा ने की, जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष आलोक विद्यार्थी ने किया। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर, दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम गीत के साथ की गई। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष एवं उनकी टीम द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का अंग वस्त्र, बुके एवं फूल माला देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक एवं बिहपुर के माननीय विधायक इंजीनियर शैलेंद्र कुमार, राष्ट्रीय सदस्यता अभियान प्रभारी सह पूर्व प्रदेश मंत्री संजीव क्षत्रिय एवं भाजपा जिला अध्यक्ष शत्रुघन भगत उपस्थित रहे। प्रशिक्षण अभियान को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि इंजीनियर शैलेंद्र कुमार ने कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती, अनुशासन एवं जनसेवा के प्रति समर्पण का संदेश दिया। वहीं पूर्व प्रदेश मंत्री संजीव क्षत्रिय ने प्रशिक्षण अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संगठन विस्तार एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। भाजपा जिला अध्यक्ष शत्रुघन भगत ने प्रशिक्षण अभियान के उद्देश्यों एवं संगठनात्मक संरचना को विस्तार से समझाया।

कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों में जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अश्वनी चौधरी, जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष ड़ इंदु भूषण कुशवाहा, जिला कोषाध्यक्ष मृत्युंजय झा एवं जिला प्रवक्ता प्रो़ अरविंद सिंह ने विभिन्न विषयों पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष प्रमोद शाह, जिला मीडिया प्रभारी सह मुख्य प्रवक्ता मनीष कुमार राय, नगर महामंत्री नीरज सिंह राजपूत, नगर उपाध्यक्ष मुकेश कुमार, अमित चौधरी, अभिनंदन यादव, सुधीर साहनी, अमित पोद्दार, अल्पना कुमारी, सौरभ राज, मोहम्मद अखलाक, नगर प्रवक्ता सह कोषाध्यक्ष शिव तुलसियान, ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री विकास कुमार, नगर महिला मोर्चा अध्यक्ष रुबी गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष किरण देवी, नगर महामंत्री मोनी कुमारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं दूसरी ओर, खगड़िया विधानसभा अंतर्गत खगड़िया नगर उत्तरी सन्हौली मंडल में भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शुभंकर शुभम उर्फ अनुपम सिंह ने की, जबकि संचालन राजेश सिंह ने किया। इस अवसर पर सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक एवं बिहपुर के माननीय विधायक इंजीनियर शैलेंद्र कुमार, राष्ट्रीय सदस्यता अभियान प्रभारी सह पूर्व प्रदेश मंत्री संजीव क्षत्रिय एवं भाजपा जिला अध्यक्ष शत्रुघन भगत ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की नीतियों, विचारधारा एवं प्रशिक्षण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अश्वनी सिंह, जिला मंत्री कुंदन सिंह, भाजपा नेता अंकित सिंह चंदेल, पूर्व जिला मंत्री नवीन सिंह, नगर महामंत्री कुंदन सिंह, रेणु देवी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। दोनों ही कार्यक्रमों में कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा संगठन की विचारधारा एवं कार्यप्रणाली को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।



## संक्षिप्त खबरें

### 48 घंटे के अंदर अपहरणकर्ता की गिरफ्तारी के साथ अपहृता सकुशल बरामद

**जमालपुर (मुंगेर)।** ईस्ट कलोनी थाना पुलिस ने एक युवती अपहरण कांड में अपहरणकर्ता की गिरफ्तारी की है। साथ ही अपहृत युवती को भी 48 घंटे के अंदर सकुशल बरामद कर लिया है। गिरफ्तार अपहरणकर्ता भागलपुर जिला के सबौर थाना स्थित बाबुपुर मोड़ निवासी सुनील मल्लिक का पुत्र मुकेश मल्लिक है। पुलिस ने छापेमारी कर आरोपी की गिरफ्तारी की जानकारी थानाध्यक्ष वीरभद्र सिंह ने दी है। गौरतलब है कि अपहृता के परिजन ने थाने में 2 अप्रैल को आवेदन देकर अपहरण का केस दर्ज कराया था। कांड में आदर्श थाना जमालपुर के रामपुर कलोनी निवासी स्व् राजकुमार मल्लिक का पुत्र रंजित मल्लिक और गिरफ्तार आरोपी मुकेश मल्लिक ने युवती को बहला फुसलाकर ले भागा था। पुलिस ने पीड़ित के आवेदन पर एक्शन शुरू किया और मोबाइल सर्विलांस के आधार पर सबौर पहुंचकर छापेमारी की। इस तरह मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी हुई वहीं दूसरा आरोपी की तलाश जारी है।

### विक्रमशिला ट्रेन में सीट पर बैठने को लेकर नोक झोक

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो पर विक्रमशिला ट्रेन जैसे ही रुकी तो सीट पर बैठने को लेकर एस - 4 बोगी में यात्रियों के बीच नोक झोक गाली गलौज जैसी माहौल होने से थोड़ी देर के लिए तनाव का माहौल देखा गया। हालांकि प्लेटफार्म पर ड्यूटी कर रहे आरपीएफ के पदाधिकारी जवानों ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत किया।

### किताब दुकान के सामने से साइकिल की चोरी

**जमालपुर (मुंगेर)।** ईस्ट कलोनी थाना क्षेत्र के नयागांव मुंगरौड़ा समीप एक किताब दुकान में किताब खरीदने गए छात्र सनी कुमार का नई साइकिल की चोरी हो गई। साइकिल चोरी के बारे में नयागांव दुर्गा स्थान निवासी छात्र सनी कुमार ने बताया कि किताब खरीदने जब दुकान में गए और वापस लौटा तो देखा साइकिल नहीं था। काफी खोजबीन करने के बाद जब साइकिल नहीं मिला तो इसकी लिखित शिकायत ईस्ट कलोनी पुलिस को कार्रवाई को लेकर दिया गया।

### शराब के साथ एक गिरफ्तार

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर पुलिस ने दौलतपुर बस्ती से 18 लीटर शराब के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान दौलतपुर निवासी धर्मेंद्र तांती के रूप में हुआ है। थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि बरामद शराब एवं गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

### अप्रैल से मालदा टाउनउधना समर स्पेशल ट्रेन, यात्रियों को बड़ी राहत

**जमालपुर (मुंगेर)।** गर्मियों के मौसम में बढ़ती यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे ने मालदा टाउन और उधना के बीच समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह विशेष ट्रेन यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा में अतिरिक्त सुविधा प्रदान करेगी। 09033 उधनामालदा टाउन स्पेशल ट्रेन 9 अप्रैल 2026 से 23 जुलाई 2026 तक प्रत्येक गुरुवार को उधना से रात 23रू00 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन तीसरे दिन सुबह 11रू00 बजे मालदा टाउन पहुंचेगी। कुल 16 ट्रिप इस अवधि में संचालित किए जाएंगे। वहीं, वापसी में 09034 मालदा टाउनउधना स्पेशल ट्रेन 12 अप्रैल 2026 से 26 जुलाई 2026 तक हर रविवार को मालदा टाउन से सुबह 09:30 बजे रवाना होगी और तीसरे दिन रात 01:20 बजे उधना पहुंचेगी। यह सेवा भी कुल 16 ट्रिप के लिए उपलब्ध रहेगी।यह ट्रेन दोनों दिशाओं में न्यू फरक्का, बरहरवा, साहिबगंज, कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर और अभयपुर सहित कई महत्वपूर्ण स्टेशनों पर ठहराव करेगी, जिससे बिहार और झारखंड के यात्रियों को विशेष लाभ मिलेगा।यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन में जनरल सेकंड क्लास, स्लीपर क्लास और एसी कोच की व्यवस्था की गई है। रेलवे द्वारा इस स्पेशल ट्रेन की बुकिंग तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी। इस पहल से गर्मियों में यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों को राहत मिलने की उम्मीद है।

# संत जोसेफ कैथोलिक चर्च जमालपुर में ईस्टर विजिल का श्रद्धापूर्ण आयोजन

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** प्रभु यीशु मसीह के पुनरुत्थान के महान पर्व ईस्टर की पूर्व संध्या पर संत जोसेफ कैथोलिक चर्च, ईस्ट कलोनी, जमालपुर में ईस्टर विजिल (पवित्र जागरण) का श्रद्धापूर्ण एवं आध्यात्मिक आयोजन किया गया। यह पवित्र आराधना रात्रि बेला से प्रातः तक चली। पवित्र मिस्सा (यूखारिस्टिक समारोह) का संचालन चर्च के पल्ली पुरोहित रेव. फादर जयबालान द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत नई अग्नि के आशीर्वाद तथा पवित्र जल के आशीर्वाद से हुई, जो अंधकार पर प्रकाश और मृत्यु पर जीवन की विजय का प्रतीक है। इसके बाद पवित्र बाइबिल से विभिन्न पाठ, भजन-गीत और प्रार्थनाएँ की गईं।

पवित्र बाइबिल से पाठ चंदन माइकल, ज्योति, संजय, जली और मधुर द्वारा किया गया, जबकि विश्वासियों की प्रार्थनाएँ दिव्या, महिमा, रितु, अलिना और रोमी द्वारा प्रस्तुत की गईं। वेदी सेवक



प्रभु यीशु का आराधना करते फादर।

(अल्टर बयज) के रूप में रेमंड, डेविड, अश्विन और मधुर ने सेवा दी।भजन-गायन का नेतृत्व विलियम, सिस्टर मीना, सिस्टर सुप्रिया, आशा, आश्रिता, रश्मि आदि ने किया, जिनके सुंदर स्तुतिगान से पूरा वातावरण भक्तिमय बन गया। ग्लोरिया के गान के साथ चर्च की घंटियाँ गूँज उठीं और विशेष ध्वनि प्रभाव के साथ प्रभु यीशु मसीह के पुनरुत्थान का प्रतीकात्मक श्य प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं के हृदय को गहरे आध्यात्मिक आनंद से भर दिया।इस पवित्र समारोह में जमालपुर मुंगेर से 200 के करीब श्रद्धालु उपस्थित रहे।

मिशनरीज अफ चौरिटी, सिस्टर्स अफ नोट्रे डेम तथा अन्य धर्मसंघों की सिस्टर्स भी इस अवसर पर उपस्थित रहीं।ईस्टर का यह पर्व उस महान सत्य की घोषणा करता है कि गुड फ्राइडे के दिन क्रूस पर कष्ट और मृत्यु सहने के बाद प्रभु यीशु मसीह तीसरे दिन महिमा के साथ जी उठे। उनका पुनरुत्थान मानवता के लिए आशा, नए जीवन और विजय का संदेश है। प्रभु यीशु की शिक्षाएँ प्रेम, क्षमा, करुणा, सेवा और शांति आज भी संसार को मार्ग दिखाती हैं। ईस्टर का संदेश है कि घृणा पर प्रेम, अन्याय पर सत्य और अंधकार पर प्रकाश की विजय निश्चित है।

कार्यक्रम की व्यवस्था और संचालन में पल्ली परिषद के सदस्यों, युवाओं तथा स्वयंसेवकों राकेश माइकल, जेवियर जोसेफत, दिलीप खाखा आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।समारोह के अंत में सभी श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को ईस्टर की हार्दिक शुभकामनाएँ और आशीर्वाद दिए। इसके पश्चात सभी के लिए चाय और नाश्ते की व्यवस्था की गई, जहाँ सभी ने मिलकर इस पावन पर्व की खुशियाँ साझा किया।

### अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने हलसी थाना के लंबित कांडों की समीक्षा की त्वरित निष्पादन के दिए निर्देश

**लखीसराय (एनएसबी)।** जिले में विधि-व्यवस्था को सुढ़ करने और लंबित मामलों के त्वरित निपटारे को लेकर लखीसराय पुलिस एक्शन मोड में नजर आ रही है। इसी कड़ी में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (क्व्),
लखीसराय शिवम कुमार द्वारा हलसी थाना का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने थाने के सभी अनुसंधानकर्ताओं (प्व) के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने थाने में दर्ज विभिन्न कांडों की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने विशेष रूप से उन मामलों पर ध्यान केंद्रित किया जो लंबे समय से लंबित हैं। समीक्षा के क्रम में उन्होंने अनुसंधानकर्ताओं को फटकार लगाते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि कांडों में जो भी आवश्यक कार्रवाई शेष है, उसे युद्धस्तर पर पूरा करें ताकि मामलों का जल्द से जल्द निष्पादन हो सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने पुलिस अधिकारियों को तीव निष्पादन हेतु कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि अनुसंधान में गुणवत्ता और पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि पीड़ितों को ससमय न्याय मिल सके। पुलिस पदाधिकारी ने जोर देकर कहा कि पुलिस की कार्यप्रणाली ऐसी होनी चाहिए जिससे आम जनता में सुरक्षा का भाव पैदा हो।

# 38 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** जमालपुर स्टेशन पर इनदिनों आरपीएफ सीआईबी की टीम का एक्शन जारी है। खासकर शराबबंदी को लेकर लगातार ट्रेनों व स्टेशन पर छापेमारी की जा रही है। सीआईबी इंस्पेकटर सुंधांशु कुमार सुधा के नेतृत्व में एक शराब तस्कर न्यू फरक्का एक्सप्रेस के समय गिरफ्तार हुआ है। गिरफ्तार तस्कर मुंगेर कासिम बाजार थाना के विंदवाड़ा निवासी मुकेश कुमार है।आरपीएफ इंस्पेक्टर राजीव नयन ने बताया कि दोपहर करीब 3 बजे ट्रेन नंबर 14003 मालदा आनंदविहार न्यू फरक्का एक्सप्रेस स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन पर आई थी। सीआईबी इंस्पेक्टर सुधांशु कुमार सुधा के नेतृत्व में स्टेशन की प्लेटफार्म पर विशेष सर्च अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान आरोपी तस्कर पिट्ठू बैग लेकर ट्रेन से उतरा और



गिरफ्तार तस्कर की जानकारी देते हुए आरपीएफ।

पुलिस को देखकर प्लेटफार्म संख्या तीन के एफओबी से प्लेटफार्म एक पर पहुंचा। संदेह होने पर सीआईबी टीम ने रोका और तलाशी ली। तलाशी के दौरान करीब 38 बोतल 180 एमएल का विदेशी शराब बरामद किया। उन्होंने कहा कि कुल 7 लीटर विदेशी शराब के साथ तस्कर को मुंगेर एक्साइज विभाग को सुपुर्द कर दिया। इस छापेमारी में आरपीएफ सिपाही अनुज कुमार यादव व एसके कुशवाहा सहित अन्य भी शामिल थे।

### 34 मामले में आरोपित शातिर चोर मोबाइल के साथ गिरफ्तार

**लखीसराय (एनएसबी)।** पूर्व मध्य रेल के दानापुर मंडल अंतर्गत किऊल पोस्ट की आरपीएफ टीम ने अपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। आज दिनांक 05 अप्रैल 2026 को गश्त के दौरान टीम ने एक शातिर अपराधी को चोरी के मोबाइल के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया, जिसके विरुद्ध विभिन्न थानों में चोरी और चिंग के कुल 34 मामले दर्ज हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उप निरीक्षक ललन कुमार सिंह, आरक्षी नवीन कुमार और आरक्षी अमित कुमार के साथ यात्री सामानों की सुरक्षा हेतु सेक्शन गश्त पर थे। इसी दौरान रामपुरडुमरा स्टेशन पर गाड़ी संख्या 63572 (मोकामा-जसीडीह मेमू) से एक व्यक्ति किमी संख्या 442७12 के पास चलती ट्रेन से कूदकर भागने लगा, जिसे बल सदस्यों ने मुस्तैदी दिखाते हुए खदेड़कर पकड़ लिया।

### अवैध शराब के साथ 13 गिरफ्तार

**लखीसराय (एनएसबी)।** मद्य निषेध थाना लखीसराय द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में शराबबंदी कानून को प्रभावी बनाने हेतु सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। दिनांक 04 अप्रैल 2026 को की गई इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से कुल 13 व्यक्तियों को अवैध शराब की बिक्री और सेवन के आरोप में गिरफ्तार किया है। इस छापेमारी में पुलिस ने भारी मात्रा में चुलाई शराब भी बरामद की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम ने सबसे पहले हलसी थाना क्षेत्र के हलसी गांव में दबिश दी, जहाँ से गोलू चौधरी पिता स्व अर्जुन चौधरी को 0750 लीटर चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसके बाद कवैया थाना क्षेत्र के मां कैलाश नगर में केनरा बैंक के पीछे वार्ड नंबर-31 में कार्रवाई करते हुए प्रमोद कुमार पिता वासुदेव साव को 01200 लीटर चुलाई शराब के साथ पकड़ा गया, जो शराब की बिक्री और सेवन दोनों में संलिप्त था। इसी स्थान से शराब पीने के आरोप में संजीव कुमार उर्फ संजू साव को भी हिरासत में लिया गया।छापेमारी का सिलसिला किऊल थाना क्षेत्र के वृंदावन और खगौर तक पहुंचा। वृंदावन वार्ड नंबर-11 से संजय यादव और सागर कुमार को शराब पीने के आरोप में पकड़ा गया। वहीं, खगौर वार्ड नंबर-04 से पुलिस ने आकाश कुमार, सुबोध कुमार, मुंगेर जिले के काशिम बाजार निवासी बबलू चौधरी और लखीसराय के गढ़ी विशनपुर निवासी मो मुर्तजा को शराब के नशे में गिरफ्तार किया। पुलिस की अंतिम बड़ी कार्रवाई बड़हिया थाना क्षेत्र में हुई, जहाँ वैशाली जिले के रहने वाले चार युवकों को शराब पीने के आरोप में पकड़ा गया। गिरफ्तार लोगों की पहचान लालगंज निवासी चंदन कुमार, हाजीपुर निवासी चिंटू कुमार, फरताहा निवासी राजा कुमार उर्फ राहुल कुमार और लालगंज के ही गौरी शंकर कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध मद्यनिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। विभाग का कहना है कि जिले में अवैध शराब के कारोबार और सेवन के खिलाफ यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# कोलिन्स इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** स्थानीय क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान कोलिन्स किड्स एवं कोलिन्स इंटरनेशनल स्कूल में सत्र 2025-26 के वार्षिक परीक्षा परिणाम सफलतापूर्वक घोषित कर दिए गए। कोलिन्स किड्स में प्री-नर्सरी से यूक्रेज़ी तक तथा कोलिन्स इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों का परिणाम पूर्ण हुआ।इस अवसर पर कोलिन्स किड्स में प्रत्येक कक्षा के अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।

कार्यक्रम के अंतर्गत सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें अभिभावकों को बच्चों के सर्वांगीण विकास, सकारात्मक मार्गदर्शन एवं घर-विद्यालय समन्वय के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक क्षेत्र में उत्ष्ट प्रदर्शन करने



उपहार भेंट करते प्राचार्य।

वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इससे छात्रों में उत्साह और आत्मविश्वास का संचार हुआ तथा अन्य विद्यार्थियों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरणा मिली।विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं तथा अभिभावकों का सहयोग एवं सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया।

# जिला के हर विभाग में कुंडली मार कर बैठे है भ्रष्टाचारी : सपा

## शासन प्रशासन के डर से खामोश नहीं बैठे राजनीतिक कार्यकर्ता : पप्पू

**मुंगेर (एनएसबी)।** जिले में रसोई गैस की किल्लत,बढ़ती महंगाई व्याप्त आराजकता जन समस्या हर विभाग में खुलेआम हो रहे लुट खसोट बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था सहित संगठनों की मजबूती को लेकर समाजवादी पार्टी जिला इकाई के प्रमुख नेताओं की एक आवश्यक बैठक जिला मुख्यालय स्थित शहीद स्मारक भवन में जिला अध्यक्ष पप्पू यादव की अध्यक्षता में रविवार को आयोजित की गई जहां उपस्थित सपाईयों ने जिला की व्यवस्था पर जमकर बिफरते हुए सड़क पर उतरने की रणनीति तैयार की।

बैठक को संबोधित करते हुए सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि आयुक्त कार्यालय से लेकर प्रखंड कार्यालय में कुंडली मार कर भष्ट्राचारी बैठे है प्रशासनिक लालफीताशाही चरम पर है आयुक्त के पेशकार की गिरफ्तारी जमालपुर अंचल कार्यालय में दस्तावेज का जलाना नगर निगम





बैठक को संबोधित करते पप्पू यादव।

और नगर परिषद जमालपुर में योजनाओं में जबरदस्त लूट के बावजूद जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों की खामोशी सुशासन की खोखली व्यवस्था का का प्रमाण है और इस आराजकता के विरूद्ध शासन प्रशासन के डर से राजनीतिक सामाजिक कार्यकर्ताओं की खामोशी चिंता का विषय है जिसे लेकर हम सपाई एक अभियान चलाएगे और आंदोलन के लिए सड़क पर उतरेंगे।बैठक में मौजूद लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव रविकान्त झा ने कहा कि देश और राज्य के स्वंयभू सरकार के कारण आम आदमी रसोई गैस पेट्रोलियम पदार्थ की किल्लत और बढ़ती महंगाई से जूझ रहा है किसान मौसम के मार से मरणासन्न हो गया है और सरकार और भ्रष्ट पदाधिकारी लूट में लगे हैं सुशासन की यही असली तस्वीर है। वही बैठक को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष रामनाथ राय महासचिव मिथिलेश यादव अशोक भारत मुंगेर नगर अध्यक्ष मो आजम सहित अन्य नेताओं ने कहा कि हम सपाई एक बार फिर गांव-गांव का दौरा कर बढ़ते अपराध स्वास्थ्य की लचर व्यवस्था भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए सड़क पर आंदोलन के लिए उतरे अन्यथा इस जिले की हालत वद से वदत्तर होने से कोई नहीं रोक सकता।बैठक के अन्त में रसोई गैस बढती महंगाई व्याप्त आराजकता को लेकर 9 अप्रैल को पुतला दहन से आन्दोलन की शुरुआत करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में सचिव नकुल यादव मीडिया प्रभारी मनोज क्रांति वरिष्ठ नेता सुरेश यादव गोपाल वर्मा मथुरी यादव छडपन मंडल वरियारपुर प्रखण्ड अध्यक्ष देवेंद्र यादव कालेश्वर महतो अशोक शर्मा राजीव कुमार मनोज मंडल सहित अन्य सपाई उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### लखीसराय में पुस्तक चुनावी जंग 2025, एक नई पदचाप का लोकार्पण

**लखीसराय (एनएसबी)।** स्थानीय लयन्स क्लब में आयोजित एक भव्य समारोह के दौरान वरिष्ठ पत्रकार रमाकांत चंदन द्वारा रचित पुस्तक श्चुनावी जंग 2025रू एक नई पदचापश का विधिवत लोकार्पण किया गया। स्पर्श प्रकाशन द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक का विमोचन सूर्यगढ़ा के जदयू विधायक रामानंद मंडल एवं सिकंदरा के हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (से) के विधायक प्रफुल्ल मांझी तथा पूर्व विधायक फुलेना सिंह के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता करते हुए विधायक रामानंद मंडल ने कहा कि वर्ष 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम हर वर्ग, जाति और धर्म के मतदाताओं के सामूहिक सहयोग की जीत है। उन्होंने पुस्तक की सराहना करते हुए इसे एनडीए की ऐतिहासिक सफलता का एक प्रामाणिक दस्तावेज बताया। श्री मंडल ने जोर देकर कहा कि इस पुस्तक में आंकड़ों की प्रचुरता इसे संग्रहणीय बनाती है। लेखक ने बड़ी कुशलता से उन रणनीतिक पहलुओं को भी उजागर किया है, जिनके कारण विपक्ष को हार का सामना करना पड़ा और यह स्पष्ट किया है कि कैसे बिहार की जनता ने तेजस्वी यादव एवं प्रशांत



पुस्तक का विमोचन करते अतिथि।

किशोर जैसे रणनीतिकारों के दावों को नकार दिया। विशिष्ट अतिथि विधायक प्रफुल्ल मांझी ने लेखक को बधाई देते हुए कहा कि यह पुस्तक केवल शुष्क आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि जीत की धरातलीय सच्चाई है। उन्होंने बताया कि पुस्तक के विभिन्न अध्यायों में दलित राजनीति की वर्तमान स्थिति, मुस्लिम समाज के राजनीतिक रुख और विशेषकर राजनीति में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी (आधी आबादी) का बेहद सटीक और विस्तृत विवरण दिया गया है। पुस्तक के लेखक रमाकांत चंदन ने अपने संबोधन में कहा कि साहित्य की दुनिया से राजनीति पर आधारित उनकी यह पहली ति है। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान एनडीए उम्मीदवारों के प्रति महिलाओं और विभिन्न वर्गों के अटूट भरोसे ने उन्हें यह पुस्तक लिखने के लिए प्रेरित किया। इस लघु पुस्तक में पिछड़ा, अतिपिछड़ा, दलित, सवर्ण और मुस्लिम समाज की राजनीतिक दिशा की पूरी पड़ताल की गई है।कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ प्रोफेसर प्रमोद कुमार ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन ड़ लक्ष्मी सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिले के अनेक गणमान्य व्यक्ति और प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पुस्तक को चुनावी विश्लेषण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदान बताया।

### लखीसराय को मिली 4.35 करोड़ की सौगात

**लखीसराय (एनएसबी)।** बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने रविवार को लखीसराय नगर परिषद क्षेत्र को बड़ी सौगात देते हुए कुल 435 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इन योजनाओं के धरातल पर उतरने से शहर की जल निकासी व्यवस्था और यातायात सुविधाओं में व्यापक सुधार होगा। उपमुख्यमंत्री ने नगर परिषद क्षेत्र में 285 करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं का उद्घाटन किया, जबकि लगभग 150 करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास कर विकास कार्यो को नई गति दी।उद्घाटन किए गए मुख्य कार्यो में वार्ड संख्या 06 में माधव जी के कोना से बाल्मीकि महतो मोड़ तक ढक्कन सहित नाला व सड़क (4386 लाख), मेन रोड में जमुई



उदघाटन करते डिप्टी सीएम।

मोड़ से लाल पहाड़ी मोड़ तक आरसीसी नाला निर्माण (147 करोड़), वार्ड 21 में राजेश तांती के घर से राजेश पंडित के घर तक पीसीसी सड़क व नाला (4834 लाख) तथा वार्ड 28 में एमडी पब्लिक स्कूल से कवैया थाना तक पीसीसी सड़क निर्माण (4495 लाख) शामिल हैं। वहीं, शिलान्यास योजनाओं में वार्ड 28 स्थित लखमोहन पोखर का सौंदर्यीकरण व सीढ़ी घाट निर्माण (9753 लाख) और वार्ड 16 एवं 17 में मनसिंघा पैन से जल निकासी हेतु आरसीसी नाला निर्माण (5253 लाख) प्रमुख हैं। इससे पूर्व, सूर्यगढ़ा के शारदा विद्यापीठ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं को सेवा का कड़ा संदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि कार्यकर्ताओं को अपनी जीविका की व्यवस्था स्वयं करके राजनीति करनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जो लोग राजनीति से अपनी रोटी की व्यवस्था करते हैं, उनका पतन निश्चित है। उन्होंने जोर दिया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाकर पूरी तरह जनसेवा के प्रति समर्पित करना है। इसके पश्चात, लखीसराय विधानसभा प्रधान कार्यालय में आयोजित 'जन कल्याण संवाद' के दौरान उपमुख्यमंत्री ने आम नागरिकों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को निर्देश दिया कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह, जिला महामंत्री सनोज साहू, अमरजीत प्रजापति, गौतम मंडल और जिला मीडिया प्रभारी अजय कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं स्थानीय नागरिक मौजूद थे। सभी ने इन विकास योजनाओं के लिए उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

### राज्यस्तरीय महिला फुटबल, मुजफ्फरपुर, लखीसराय और कैमूर की टीम अगले दौर में

**लखीसराय (एनएसबी)।** स्थानीय केआरके मैदान में आयोजित राज्यस्तरीय सीनियर महिला फुटबल चौंपियनशिप-2026 के पांचवें दिन रविवार को रोमांचक मुकाबले खेले गए। इन मैचों में मुजफ्फरपुर, मेजबान लखीसराय और कैमूर की टीमों ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को करारी शिकस्त देकर अगले दौर में जगह सुरक्षित की। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के कौशल और उत्साह ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दिन का पहला प्री-र्टर फाइनल मुकाबला मुजफ्फरपुर और अरवल के बीच खेला गया, जिसमें मुजफ्फरपुर ने एकतरफा खेल दिखाते हुए अरवल को 4-0 से पराजित किया। मुजफ्फरपुर की स्टार खिलाड़ी नायरा ने मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन गोल दागे। उन्होंने 24वें, 41वें और 56वें मिनट में गोल कर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की, जबकि निक्की कुमारी ने 45वें मिनट में एक गोल का योगदान दिया। शानदार हैट्रिक जैसी उपलब्धि के लिए नायरा को श्प्लेयर अफ द मैचश चुना गया। इस मैच में मुख्य अतिथि के रूप में रजनीश रंजन उपस्थित रहे। दूसरे लीग मुकाबले में मेजबान लखीसराय की टीम ने शिवहर को 4-0 से रौंदकर प्री-र्टर फाइनल का टिकट कटाया। मैच का पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद दूसरे हाफ में लखीसराय की गीतांजलि कुमारी ने मैदान पर जादू बिखेरा। गीतांजलि ने 36वें, 45वें और 53वें मिनट में लगातार तीन गोल कर टूर्नामेंट की एक और हैट्रिक अपने नाम की। वहीं, सुषमा कुमारी ने 40वें मिनट में एक गोल दागा। गीतांजलि को उनके उत्ष्ट प्रदर्शन के लिए श्प्लेयर अफ द मैचश से नवाजा गया।



सेल्फी खिंचाते टीम के खिलाड़ी।

इस मैच का उद्घाटन ड़ नवाब इकबाल अख्तर, कामेश्वर मंडल एवं दीपक कुमार ने संयुक्त रूप से किया। दिन का तीसरा मैच कैमूर और बक्सर के बीच हुआ, जो पूरी तरह से कैमूर के पक्ष में रहा। कैमूर की टीम ने बक्सर को 8-0 के विशाल अंतर से हराकर टूर्नामेंट में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। टीम की ओर से नीतू कुमारी, मनीषा कुमारी, सुनैना कुमारी, गुड़िया कुमारी, मीठी कुमारी एवं प्रियंका कुमारी ने गोल दागकर अपनी टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई। मैचों के सफल संचालन में मुख्य रेफरी, सहायक रेफरी और उद्घोषक पूर्णेन्दु शेखर, मनोज मेहता एवं सुशांत कुमार की सराहनीय भूमिका रही। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। आयोजन समिति के अध्यक्ष अभिषेक पटेल, जिला फुटबल एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक सिंह और सचिव बबलू शर्मा प्रतियोगिता को सफल बनाने में सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

# सीनियर सिटीजन को रेल टिकट में मिलने वाली छूट जल्द हो बहाल : धीरेंद्र सिंह

## सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन का 24वां वार्षिक अधिवेशन , मंत्री संजय सिंह टाईगर ने दिया सहयोग का आश्वासन, सम्मानित हुए पद्मश्री डा. भीम सिंह भवेश

**आरा (एनएसबी)।** सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन का 24वां वार्षिक अधिवेशन आरा के रेड क्रस सभागार में राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि श्रम मंत्री संजय सिंह टाइगर थे।

कार्यक्रम का उद्घाटन महापौर इंदु देवी, डिप्टी मेयर पूनम देवी, पद्मश्री डा. भीम सिंह भवेश, भाई ब्रह्मेश्वर, डा. कमल कुमारी सिंह, नागेश्वर दुबे, प्रो गांधी जी राय, राष्ट्रीय महासचिव डा. दिवाकर पांडे, अशोक कुमार मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष बीडी सिंह तथा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष लाल बहादुर शास्त्री द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

सम्मेलन में तीन राज्यों सहित बिहार के लगभग सभी प्रमुख जिलों से करीब 500 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।



पत्रिका का लोकार्पण करते अतिथिगण।


सभागार में उपस्थित सीनियर सिटीजन।

सभा को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के मंत्री संजय सिंह टाइगर ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की धरोहर हैं और उनके मार्गदर्शन से ही एक सशक्त एवं समृद्ध परिवार का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि उनकी उपस्थिति से समाज को निरंतर सीखने का अवसर मिलता है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र प्रसाद सिंह ने अपने संबोधन में भारत सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि वरिष्ठ नागरिकों को कोविड काल से पूर्व रेल टिकट में मिलने वाली छूट शीघ्र बहाल नहीं की गई तथा आयुष्मान कार्ड की आयु सीमा 70 वर्ष से घटाकर 60 वर्ष नहीं की गई, तो संगठन पूरे देश में आंदोलन करने को बाध्य होगा।

कार्यक्रम में भोजपुर जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह, पटना जिला अध्यक्ष शंभूनाथ सिंह, गया जिला अध्यक्ष दिनेश प्रसाद सिंह, मुजफरपुर से केके वर्मा, कृष्णनंदन, राष्ट्रीय सचिव प्रोफेसर अमरेंद्र कुमार, डा. रेनू मिश्रा, कंचन प्रभा सिंह, निर्मल कुमार, आदि रहे। इस अवसर पर समाज में उत्कृष्ट योगदान के लिए पद्मश्री डा. भीम सिंह भवेश को सम्मानित किया गया। संबोधित करने वालों में डा. कमल कुमारी सिंह, अशोक कुमार मिश्रा, डा. धीरेंद्र कुमार सिंह, प्रो विश्वनाथ चौधरी एवं राघव प्रसाद सिंह एवं विभा कुमारी शामिल थी। इस दरम्यान एक पत्रिका का भी लोकार्पण किया गया।

## खबरें : एक नजर में

### अखिल भारतीय यादव महासभा के कार्यकारणी की बैठक

**आरा (एनएसबी)।** श्री कृष्णा चेतना समिति सभागार में अखिल भारतीय यादव महासभा भोजपुर इकाई की कार्यकारणी की बैठक जिला अध्यक्ष यादव रामसकल सिंह भोजपुरिया की अध्यक्षता में हुई। जागरूकता अभियान चलाने के निर्णय लिया गया। जून माह में जिला सम्मेलन कराने एवं जिला में यादव छात्रावास बनवाने का प्रस्ताव कार्यकारणी द्वारा लाया गया, जिसे सर्वसम्मति से पास किया गया। बैठक में सुरेश यादव, जितेंद्र यादव, विद्याभूषण यादव, कमलेश यादव, श्रीराम यादव, लक्ष्मण यादव, मनोज यादव, शारदानंद यादव, ब्रह्मदेव यादव, रमाशंकर यादव, दीपलाल यादव, ददन यादव, मुन्ना यादव, अमरजीत यादव, सुदर्शन यादव, अरुण यादव, राजपाल यादव, महेंद्र गिरि मंडल जितेंद्र यादव, शिक्षक राजेश यादव, शिक्षक अमर यादव, अखिलेश यादव, सत्यनारायण यादव, सहित अखिल भारतीय यादव महासभा भोजपुर इकाई के कार्यकारणी के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

### स्व. जगजीवन राम की 119वीं जयंती समारोह मना

**आरा (एनएसबी)।** कांग्रेस कार्यालय शहीद भवन आरा में पूर्व उप प्रधानमंत्री स्व बाबू जगजीवन राम की 119वीं जयंती समारोह उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष डा. श्रीधर तिवारी की अध्यक्षता में मनाई गई। सुरेन्द्र कुमार रविदास और उनके साथ दर्जनों लोगों को माला और अंगवस्त्र देकर जिलाध्यक्ष श्रीधर तिवारी ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराया। श्रीधर तिवारी ने कहा कि बाबू जगजीवन राम जी एक महान स्वतंत्रता सेनानी, सामाजिक न्याय के लिए लड़ने वाले योद्धा और भारत के उप-प्रधानमंत्री बने उनका जन्म 5 अप्रैल 1908 को बिहार के भोजपुर जिले के चंदवा गांव में एक साधारण सा दलित परिवार में हुआ था। मौके पर त्रवेणी प्रसाद सिंह, अशोक राम, पन्नग कुमार त्रिपाठी, विरेन्द्र मिश्रा, अशोक यादव, अरुण कुमार सिंह, रजी अहमद, प्रमोद राय, नागेन्द्र मिश्रा, जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, साकेत तिवारी, ब्रजेश यादव, आनन्द तिवारी, मनु सिंह, शशि कांत तिवारी, सम्पत सिंह, कुमार कृष्णा सिंह अरुण कुमार दिलिप कुमार भारती लाल बाबु साह धनश्याम चौधरी आदि थे।

### माले नेताओं की टीम अग्नि पीड़ित किसानों से मिला

**आरा (एनएसबी)।** माले एवं अखिल भारतीय किसान महासभा की संयुक्त टीम बनाही, दुबवल, बनकट के बधार में आग लग जाने के कारण किसानों का जो फसल क्षति हुआ है उसका मुआवना किया गया एवं किसानों से मिलकर पीड़ित किसानों जानकारी ली। जांच टीम में केन्द्रीय कमेटी सदस्य राजू यादव, पूर्व विधायक चंद्रदीप सिंह, हरेंद्र सिंह, जय शंकर प्रसाद, बैजू कुशवाहा, विमल सिंह, जिला पार्षद दुदुल सिंह, सरोज यादव, दामोदर प्रसाद, स्थानीय नेता रामायण पासवान सहित कई उपस्थित थे।

### त्रिदंडी स्वामी की जयंती समारोह का आयोजन

**आरा (एनएसबी)।** साहित्य और आध्यात्म परिषद्, आरा के तत्वावधान में श्री नथुनी पाण्डेय एवं शशिकांत तिवारी की संयुक्त अध्यक्षता में त्रिदंडी स्वामी की जयंती का आयोजन मानस मंदिर रमना मैदान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के संयोजक रमेश सिंह 'रामप्रपन्न' रहे। मंच का संचालन सुरेन्द्र सिंह 'अंशु' ने एवं धन्यवाद ज्ञापन कविलास सिंह ने किया। विशिष्ट अतिथि गुड्डू सिंह 'बबुआन' रहे। सभा को संबोधित करते हुए रमेश सिंह 'राम-प्रपन्न' ने कहा कि श्री त्रिदंडी स्वामी महान मनीषी, समाज सुधारक, महान संत एवं महापुरुष थे। वे सदा प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। नथुनी पांडे ने कहा कि स्वामी जी सरीखा संत आज दुर्लभ है उनका जीवन ही संदेश है। डा. शीलभद्र ने कहा स्वामी जी श्री रामानुजाचार्य के अवतार थे। उन्होंने जन-जन को प्रभु से जोड़कर मानवता का उद्धार किया। वहीं शरद कुमार सिंह ने कहा की स्वामी जी सनातन धर्म के महान धरोहर धर्माचार्य थे। उपस्थित अन्य वक्ताओं में ममता मिश्रा, गोविंद तिवारी, गिरीश सिंह,नारायण सिंह, अरुण जी, राम सुरेश सिंह, सुरेश भोजपुरी, डा आरसी भूषण, ईश्वर चंद्र विश्वकर्मा, पूनम पांडे, अरुण कुमार, भानु प्रताप सिंह, भरत सिंह, कबिलाश सिंह आदि थें।

### अग्निकांड पीड़ितों को सहायता राशि एवं पलिथीन शीट्स उपलब्ध

**आरा (एनएसबी)।** संदेश अंचल में अग्निकांड से प्रभावित परिवारों को त्वरित कार्रवाई करते हुए सहायता प्रदान की गई। अगलगी की घटना के उपरांत पीड़ित परिवारों को नियमानुसार अगिकांड सहायता राशि एवं पलिथीन शीट्स उपलब्ध कराई गईं, ताकि उन्हें तत्काल राहत सुनिश्चित की जा सके। जिला प्रशासन द्वारा स्थिति पर सतत निगरानी रखी जा रही है। किसी भी आपात स्थिति में आमजन जिला आपदा संचालन केंद्र भोजपुर के दूरभाष संख्या 9472398730 पर संपर्क कर सकते हैं। उक्त नियंत्रण कक्ष सक्रिय है।

## बड़हरा अंचलाधिकारी को मिला कोईलवर का प्रभार

**कोईलवर (एनएसबी)।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के निर्देशानुसार प्रशासनिक व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इसके तहत बड़हरा के अंचलाधिकारी अंशुल प्रसुन्न को कोईलवर अंचल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। कोईलवर के सीओ के हड़ताल में रहने से अंचल का कामकाज प्रभावित हो रहा था। इस आदेश के बाद अब कोईलवर अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी की उपस्थिति सुनिश्चित हो गई है, जिससे लंबित कार्यों के निष्पादन में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है।



बताया जाता है कि पिछले कुछ समय से कोईलवर अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी के अभाव में कई राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित हो रहे थे। जमीन दाखिल-खारिज, परिमार्जन, भूमि विवाद और अन्य राजस्व मामलों के काम पिछले दिनों से नहीं हो रहे थे। अब अंशुल प्रसुन्न के प्रभार संभालने के बाद अंचल कार्यालय में कार्य पूर्व की भांति सुचारू रूप से संचालित होंगे। आम लोगों को अपने कार्यो के लिए भटकना नहीं पड़ेगा और समय पर समाधान मिलने की संभावना बढ़ेगी। लोगों का कहना है कि अंचलाधिकारी की नियमित मौजूी से पारदर्शिता और जवाबदेही दोनों सुनिश्चित होगी। उठाए जाएंगे, ताकि राजस्व संबंधी सेवाएं आम जनता तक बेहतर तरीके से पहुंचाई जा सकें।

## लेखक और संपादक के बतौर अनंत सिंह की थी देशव्यापी पहचान : डा. नीरज

**आरा (एनएसबी)।** हिंदी के सुप्रसिद्ध कथाकार, बहुचर्चित पत्रिका 'जनपथ' के यशस्वी संपादक और जनवादी लेखक संघ, भोजपुर के लंबे समय तक अध्यक्ष रहे श्री अनंत कुमार सिंह के असामयिक और आकस्मिक निधन पर संगठन के राज्य अध्यक्ष डा नीरज सिंह ने शोक व्यक्त किया है।


अनंत कुमार सिंह (फाइल फोटो)।

"अग्रज-मित्र, जनवादी लेखक संघ भोजपुर के पूर्व अध्यक्ष और बहुआयामी व्यक्तित्व सम्पन्न साहित्यकार अनंत कुमार सिंह का आज सुबह हृदयाघात से आकस्मिक एवं असामयिक निधन के समाचार से मर्माहत हूं। अनंत बाबू के साथ मेरा पांच दशक पुराना संबंध रहा है। वैचारिक, साहित्यिक और सांगठनिक मित्र होने के साथ ही वे मेरे संबंधी भी थे।

आधा दर्जन से अधिक कहानी संग्रहों, दो उपन्यासों के लेखक और चर्चित पत्रिका 'जनपथ' के संपादक के रूप में उनकी देशव्यापी पहचान बनी थी।

यद्यपि अनंत बाबू की जन्मभूमि गया जिला थी लेकिन अपनी नौकरी के सिलसिले में उन्होंने अपने जीवन के चार दशकों से ज्यादा का समय अपनी कर्मभूमि भोजपुर में व्यतीत किया था।

वे साहित्यकार होने के साथ ही प्रतिबद्ध ट्रेडयूनियनिस्ट और समाजकर्मी भी थे। मैं भाई-मित्र आदरणीय अनंत कुमार सिंह के निधन पर अपनी ओर से और जनवादी लेखक संघ, भोजपुर और बिहार के सभी सदस्यों की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और उनकी स्मृति को सलाम करता हूं।

## सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी ने अग्निकांड का लिया जायजा

**बिहियॉ (एनएसबी)।** अंतर्गत बनाही ग्राम में आग लगने से हुई फसल क्षति की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई की गई। घटनास्थल का निरीक्षण सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी भोजपुर, अंचल अधिकारी बिहिया एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी बिहिया द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

फसल क्षति का आकलन कार्य यथाशीघ्र पूर्ण किया जा रहा है। आकलन उपरांत पात्र कृषकों को जल्द से जल्द कृषि इनपुट अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। अग्निकांड की संभावनाओं को देखते हुए एहतियातन तौर पर करनामेपुर थाना एवं बहोरनपुर थाना में दो अतिरिक्त अगिशमन वाहनों की व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

इसके अतिरिक्त जिला पशुपालन पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि यदि किसी पशुपालक को चारे की समस्या उत्पन्न होती है तो उन्हें तत्काल पशु चारा उपलब्ध कराया जाए। विद्युत विभाग द्वारा कृषि फीडर को विनियमित किया गया है, ताकि विद्युत आपूर्ति को नियंत्रित कर आग लगने की संभावनाओं को रोका जा सके।

## अगलगी से 500 बीघा गेहूं की फसल राख, किसानों में मचा हाहाकार

**आरा / शाहपुर (एनएसबी)।** प्रखंड अंतर्गत बनाही, बनकट और दुबौली गांव के खेतों में शनिवार को भीषण अगलगी की घटना में करीब 500 बीघा में लगी गेहूं की तैयार फसल जलकर राख हो गई। इस घटना से प्रभावित किसानों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद जन सुराज पार्टी के वरिष्ठ नेता सरवर अली के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल प्रभावित गांवों में पहुंचा। टीम में प्रदेश प्रवक्ता दीपक जी, डा़ रमेश कुमार, डा़ पद्मा ओझा, शैलजा सिंह, डा. कुणाल, रूपेंद्र मिश्र, कौशलेंद्र सिंह, धीरेन्द्र पांडे, कमलेश सिंह और विनय मिश्र समेत कई लोग शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित किसानों से मुलाकात कर उनकी स्थिति का जायजा लिया और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। मौके पर सरवर अली और डा़ रमेश कुमार ने घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए इसे प्रशासनिक लापरवाही बताया। उन्होंने कहा कि आग लगने के काफी देर बाद भी दमकल की गाड़ियां समय पर नहीं पहुंच सकीं, जिससे नुकसान और बढ़ गया। जन सुराज पार्टी के नेताओं ने जिला प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित किसानों का शीघ्र सर्वे कराकर उन्हें जल्द से जल्द उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि वे इस आपदा से उबर सकें।


जन सुराज पार्टी के वरिष्ठ नेता सरवर अली के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल प्रभावित गांवों में

## कचरे में लगी आग खेतों में फैली, लाखों की फसल राख

**पीरो (एनएसबी)।** नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत नगर के मिल्की गांव के समीप नहर के किनारे बने कचरा डंपिंग एरिया में रविवार को अचानक आग लग गई। यहां कचरे में लगी आग देखते देखते खेतों में फैल गई और देखते देखते खेतों में लगी लाखों रुपए की गेहूं की फसल और कई जगह रखे पुआल के ढेर जल कर राख हो गए। खेतों में उठती आग की लपटों को देख किसान और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लोगों द्वारा अगिशमन विभाग को भी फोन किया गया। लेकिन काफी प्रयास के बावजूद किसानों को लाखों रुपए का नुकसान हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर पीरो नगर परिषद की सभापति किरण उपाध्याय भी मौके पर पहुंची और आगलगी से हुई क्षति का जायजा लिया। बताया जाता है कि कचरा डंप एरिया में लगा समरसेवल चोरी हो गया है। इस कारण आग बुझाने के लिए पानी की कमी हुई और आग फैलती चली गई।


कचरे में लगी आग देखते देखते खेतों में फैल गई ।

## बिहिया थाना के साहेब टोला मोहल्ले में पैसे के विवाद में दोस्त को मारी गोली

**बिहियॉ (एनएसबी)।** बिहिया थाना के साहेब टोला मोहल्ले में शनिवार की रात पैसे के विवाद में दोस्त ने अपने ही दोस्त को गोली मार दी। जख्मी युवक को गोली दाहिने पैर में जांघ पर लगी है। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए बिहिया पीएचसी ले जाया गया। सूचना मिलते ही बिहिया थानाध्यक्ष सुंदेश्वर कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गए है। पुलिस द्वारा रविवार की सुबह घटनास्थल पर एफएसएल की टीम को बुलाया गया। जख्मी बिहिया थाना के साहेब टोला मोहल्ला निवासी स्व़शिवजी साह का 25 वर्षीय पुत्र महेश कुमार है। उसके दोस्त हीरो चौधरी का दो सौ महेश कुमार के पास बकाया था। जिसे वह मांग रहा था। इसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी हुई। जिसके बाद हीरो चौधरी द्वारा उसे गोली मार दी। जख्मी महेश कुमार के द्वारा थाना क्षेत्र के साहेब टोला मोहल्ला निवासी हीरो चौधरी के खिलाफ अपने पास बकाया दो सौ रुपये को लेकर खुद को गोली मारने का आरोप लगाते हुए नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। थानाध्यक्ष सुंदेश्वर कुमार ने बताया कि दोनों दोस्त हैं और साथ खाते-पीते है।

## संक्षिप्त खबरें

### मेधावी छात्रों के सम्मान में समारोह करियर लांचर ने बढ़ाया उत्साह



**शाहपुर (एनएसबी)।** कक्षा 12वीं सत्र 2026 के मेधावी छात्रों के सम्मान में कैरियर लांचर द्वारा एक भव्य छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संस्थापक अजय कात्यायन और अतिथियों ने छात्रों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर क्षेत्र के कई प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित किया गया। जिन्होंने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न केवल अपने परिवार, बल्कि संस्थान का भी नाम रोशन किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता। बल्कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से ही लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। समारोह के दौरान सभी सफल विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, मेडल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। ताकि छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहन मिलता रहे और वे जीवन में नई उंचाइयों को हासिल कर सकें। समारोह में डायरेक्टर प्रकाश सर, शिक्षक मोसलीम, गोपाल कुमार, धर्मेंद्र कुमार, विकास कुमार, जीतू कुमार एवं सृष्टि सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### भागवत कथा श्रवण पुण्य दायक एवं लाभकारी : दयानंद शास्त्री

**चरपोखरी (एनएसबी)।** श्री तोताद्रि लक्ष्मी नारायण मंदिर सोनबरसा में श्री त्रिडंडी स्वामी जी महाराज के 38 में पुण्यस्मृति में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं भागवत कथा का आयोजन स्वामी रंगनाथाचार्य जी महाराज के मंगला अनुशासन में किया गया है। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय कथावाचक श्री राम पंचायती मंदिर संगरिया राजस्थान के पीठाधीश्वर स्वामी दयानंद शास्त्री जी महाराज ने व्यास पीठ से प्रवचन करते हुए कहां की श्रीमद् भागवत महापुराण हिंदू धर्म के प्रमुख पुराणों में से एक है और इसका श्रवण करना अत्यंत पुण्य दायक एवं लाभकारी माना गया है। इंसान को सच्चे मन से भागवत कथा सुनने से पुराने पाप नष्ट हो जाते हैं और उनको पुण्य का लाभ मिलता है इसलिए मनुष्य को भागवत कथा जरूर सुनाई जानी चाहिए। कथा में जीवन के दुखों से मुक्ति के मार्ग के अलावे जीवन के सत्य कर्म और धर्म के सिद्धांत को अपनाने की जरूरत जतायी गई। मनुष्य को दुखों से निकलने का रास्ता मिलता है एवं सीधे मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। आशय की जानकारी आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी चंदन कुमार ने दी।

### बालक की मौत से मचा कोहराम

**संदेश (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के जनईडीह गांव में रविवार की दोपहर बुखार लगने से एक बालक की मौत हो गई। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। वही मृत बालक के परिजन द्वारा गांव के ही ग्रामीण चिकित्सक पर इंजेक्शन देने के कारण उसके मौत होने का आरोप लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मृत बालक संदेश थाना क्षेत्र के जनईडीह गांव निवासी बिजेंद्र यादव का 10 वर्षीय पुत्र आयुष कुमार है।

### छात्र शक्ति के विश्वविद्यालय अध्यक्ष बने भुवन पांडेय

**आरा (एनएसबी)।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में सक्रिय छात्र संगठन छात्र शक्ति की विश्वविद्यालय इकाई के नए पदाधिकारियों की घोषणा कर दी गई है। संगठन के संरक्षक सौरभ तिवारी ने भुवन पांडेय को विश्वविद्यालय अध्यक्ष, चितौड़ बाला मौर्या को छात्रा प्रमुख तथा ब्यूटी चौबे को उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। सौरभ तिवारी ने कहा कि भुवन पांडेय एक ऊर्जावान एवं सक्रिय कार्यकर्ता हैं। सामाजिक कार्यकर्ता जितेंद्र शुक्ला ने भी बधाई देते हुए कहा कि छात्र शक्ति हमेशा से छात्र हितों के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी करती रहेगी। मौके पर निकेश पांडेय, अमित पांडेय, आशीष तिवारी, छात्र शक्ति के जिलाध्यक्ष सौरभ पांडेय, सिमी, अनीसा, साहिबा, दीपु मिश्रा, रंगनाथ पांडेय, बबलू सिंह, पंकज तिवारी, अभिषेक सिंह, सरोज राम और खुशबू कुमारी आदि थे।

### उत्पाद विभाग की टीम पर हमला कर अभियुक्तों को छुड़ा ले गए

**पीरो (एनएसबी)।** थानान्तर्गत बरांव गांव में उत्पाद विभाग द्वारा की गई छापेमारी के दौरान देशी शराब के साथ नशे की हालत में पकड़े गए अभियुक्तों को शरारती तत्व टीम पर हमला कर जबरन छुडा ले गए। घटना शनिवार की देर रात की बताई जा रही है। इस दौरान वहां रास्ते में अलग-अलग दो मोटरसाइकिल पर सवार पांच लोग गुजर रहे थे जिन्हें रोक कर जांच की गई तो उनके पास से दो लीटर महुआ निर्मित शराब बरामद किया गया। वे सभी शराब के नशे में धूत थे। पूछताछ के क्रम में एक व्यक्ति ने अपना नाम विकास कुमार बताया। तभी बरांव गांव के पास आठ-दस की संख्या में पहुंचे लोगों ने गाडी को घेर लिया और हंगामा कर तीन अभियुक्तों को जबरन छुडा लिए जबकि दो अन्य अभियुक्त हथकडी सहित भागने में सफल रहे। इस दौरान जब्त किए गए दो मोटरसाइकिल में एक को उक्त लोग लेकर चले गए। हंगामे के क्रम में विभागीय वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया।

### मेधावी छात्रों का सम्मान, तकनीकी शिक्षा पर दिया जोर

**आरा (एनएसबी)।** आरा शहर स्थित श्री महादेव ज्ञान सल्यूशन फाउंडेशन के तत्वावधान में नोखा के गुरुकुल स्कूल के प्रांगण में रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नोखा प्रखंड के बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट एवं मैट्रिक परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के हौसले को बुलंद करना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना था। समारोह को सफल बनाने में आरा के श्री महादेव ज्ञान सल्यूशन फाउंडेशन के निदेशक साकेत कुमार, कोआर्डिनेटर प्रमोद कुमार शर्मा, सेकंड निदेशक पुष्कर सर के साथ जीनियस संस्था के रजनीश मौर्य एवं इंद्रसेन कुमार की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों ने तकनीकी शिक्षा से जुड़ी बातों को गंभीरता से सुना और उस पर अपने विचार भी व्यक्त किए।

## संक्षिप्त खबरें

### 9 अप्रैल को पटना किसान संसद में बक्सर से सैकड़ों किसान भाग लेंगे

**बक्सर (एनएसबी)।** बक्सर के चौसा थर्मल से प्रभावित किसान परिवार के बेरोजगारों को रोजगार देने में धांधली के खिलाफ तथा भारत सरकार द्वारा बीज विधेयक,बिजली बिल विधेयक, कीटनाशक विधेयक और किसान विरोधी अमेरिका से हुए मुक्त व्यापार समझौता पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रभावित किसान खेतिहर मजदूर मोर्चा द्वारा बनारपुर पंचायत भवन पर आयोजित किसान चौपाल में मुख्य अतिथि भारतीय किसान यूनियन बिहार एवं झारखंड के प्रभारी दिनेश कुमार तथा बिहार राज्य दुग्ध उत्पादक संघ के अध्यक्ष अशोक प्रसाद सिंह तथा प्रभावित किसान खेतिहर मजदूर मोर्चा के बृजेश राय, नन्दलाल सिंह, अश्विनी कुमार चौबे, रामप्रवेश सिंह, शैलेश राय, शिवजी सिंह, विजय कु राय एवं मुन्ना तिवारी आदि ने चौपाल को सम्बोधित किया। चौपाल की अध्यक्षता श्री नथुनी राम ने की। 09 अप्रैल 2026 को आई एम ए हॉल पटना में आहुत किसान संसद में प्रभावित किसान खेतिहर मजदूर मोर्चा की तरफ से सैकड़ों किसान सम्मलित होगे। किसान संसद में तय होगा की चौसा थर्मल में स्थानीय लोगों को रोजगार,पौनी की समस्या, प्रदुषण आदि मामले पर कंपनी का घेराव की अधिकारिक घोषणा की जाएगी।

### फतुहा में गंगा नदी के रास्ते शराब तस्करी का भंडाफोड़, तस्कर गिरफ्तार

**फतुहा (एनएसबी)।** नदी थाना क्षेत्र के सबलपुर टेम्पो स्टैंड के पास नदी थाना पुलिस तीन टेम्पो पर लदा 650 लीटर देशी शराब बरामद किया है।इस संबंध नदी थाना के पुलिस अधिकारी अवधेश प्रसाद ने बताया कि गंगा नदी के रास्ते शराब तस्कर भारी मात्रा शराब लेकर सबलपुर के पास खपाने के लिए ले जा रहा है। पुलिस ने तत्काल सबलपुर टेम्पो स्टैंड में छापेमारी करते हुए तीन टेम्पो पर लदा 650 लीटर देशी शराब बरामद करते हुए,तीन टेम्पो और एक बाइक जब्त करते हुए।शराब तस्कर चंदन कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस चंदन से इसमें शामिल अन्य तस्करों के बारे पूछताछ कर रही है।

### भाकपा माले द्वारा निकाला गया विरोध दिवस

**फतुहा(एनएसबी)।** स्थानीय भाकपा माले के महारानीचौक स्थित कार्यालय से कार्यकताओं द्वारा रविवार को फतुहा में विरोध मार्च निकाला गया। विरोध मार्च का नेतृत्व करते हुए प्रखंड सचिव शैलेंद्र यादव ने बताया कि नालंदा के नूरसराय में भीड़ द्वारा एक महिला की सरेआम बलात्कार की कोशिश भाजपा जदयू शासन पर काला धब्बा है। विरोध मार्च के माध्यम से लोगों ने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने और आरोपितों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है। मार्च में पंकज यादव, सुदामा रविदास, रामप्रवेश रविदास, मुन्ना पंडित, बिरजा पासवान, सविता देवी, ललिता देवी, नंदू माझी सहित कई लोग शामिल हुए।

### प्राचीन मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए बैठक

**फतुहा(एनएसबी)।** स्थानीय रायपुरा स्थित नारायण उत्सव हॉल में रविवार को विपिन बिहारी उर्फ मुन्ना सिंह की अध्यक्षता में बुद्धिजीवियों की बैठक हुई। बैठक में दरियापुर स्थित प्राचीन देवी मंदिर के जीर्णोद्धार पर गहन चर्चा हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि सामूहिक प्रयास से दरियापुर स्थित प्राचीन देवी मंदिर के जीर्णोद्धार के साथ-साथ मंदिर भवन का नवनिर्माण कार्य शुरू किया जाय। बैठक के दौरान ही 22 सदस्यीय कमिटी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से संजय कुमार उर्फ संजू यादव को उपाध्यक्ष, राजकुमार सिंह और उदय यादव को कोषाध्यक्ष एवं मंटू सिंह को सचिव मनोनीत किया गया। मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के कार्यक्रम में मुजफ्फरपुर के अधिवक्ता अमित प्रकाश श्रीवास्तव सम्मानित

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में मुजफ्फरपुर के अधिवक्ता अमित प्रकाश श्रीवास्तव को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम 4 अप्रैल (शनिवार) को राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक और 5 अप्रैल (रविवार) को महादेव वर्मा सम्मान समारोह के रूप में बापू टावर, गर्दनीबाग (पटना) में आयोजित हुआ, जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने की। बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सह बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष अमित प्रकाश श्रीवास्तव, राष्ट्रीय सचिव सुबाला वर्मा समेत कई पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि कायस्थ समाज की एकजुटता और सशक्त राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए संगठन कृतसंकल्पित है। उन्होंने बताया कि बैठक में चित्रांश समाज के उत्थान से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से चित्रांश समाज के लोग बड़ी संख्या में पटना पहुंचे और कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन, बिहार प्रदेश अध्यक्ष दीपक अभिषेक, ग्लोबल अध्यक्ष (एक्स आर्म्ड फोर्सेज) मेजर जनरल अनुज माथुर, डॉ. नम्रता आनंद, अवनीश श्रीवास्तव, रजनी श्रीवास्तव, संजय सिन्हा, धनंजय प्रसाद, बलराम श्रीवास्तव, नीलेश रंजन, अभिमन्यु श्रीवास्तव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।



अधिवक्ता अमित प्रकाश श्रीवास्तव को सम्मानित करते अतिथि।

संयुक्त महिला संगठनों ने की मांग, महिला उत्पीड़न घटनाओं के लिए डीएम-एसपी को जिम्मेदार बनाए सरकार

# एनडीए के राज में सुरक्षित नहीं महिलाएं

**पटना (एनएसबी)।** महिला संगठनों की एक संयुक्त जांच टीम जिसमें अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोशिएशन, ऐपवा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज चौबे, ऐडवा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामपरी, बिहार महिला समाज की पटना जिला सचिव कृष्णा देवी व कार्यकारिणी सदस्य रिंकू कुमारी, बिहार महिला समाख्या की रत्ना, इबतिदा नेटवर्क, बिहार की अख्तरी बेगम व दलित महिला विकास मंच की प्रतिमा शामिल थीं,

**प्रतिवाद मार्च में शामिल महिलाओं ने कहा-महिला सशक्तिकरण का नारा धोखा है**

नालंदा जिला के नूरसराय थाना के अजयपुर गांव का दौरा किया था। अजय पुर में 26 मार्च की शाम सरेआम एक महिला को गुण्डों ने सामूहिक बलात्कार की कोशिश की, उसके निजी अंगों में हाथ डाला और मानवता को शर्मसार किया। गांव के ही कुछ लोगों के प्रयास से महिला को बचाया जा सका।

अत्यंत पिछड़ी जाति की महिला के पति पूना में मजदूरी करते हैं। महिला अवस्था बूढ़ी सास के साथ रहती है और उसके तीन बच्चे हैं। उसे अपना सब काम खुद करना पड़ता है। गांव लौट आए पति ने बताया कि इससे गांव के कई लोग इर्ष्या करते थे और उसकी पत्नी जब बाजार से अकेली लौट रही थी इस तरह की घटना को अंजाम दिया। यदि कोई बात होगी तो मैं फैसला करूँगा। गांव के असामाजिक तत्व कौन होते हैं?

जब टीम गांव में पहुंची तो कुछ लोग बैठे थे एक चबूतरे पर और इस घटना पर महिला संगठनों, सामाजिक । संगठनों एवं राजनीतिक पार्टियों के आने - जाने पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि इस गाँव जब यज्ञ हुआ तो कोई नहीं दिखाई पड़ा।

गांव में कई महिलाएं पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठा रहीं थीं कि उन्होंने निर्दोष लोगों को फंसा दिया है। आमतौर पर तो लोग बोलने को तैयार नहीं थे। बहुत कुरेदने पर कोई महिला के चरित्र पर सवाल उठाता तो किसी का कहना था गलत हुआ। टीम जब नूरसराय डीएसपी से मिली तो उनका कहना था कि 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिसमें 10 को जेल भेज दिया गया है। के चार्जशीट की तैयारी चल रही है। स्पीडी ट्रायल करके दोषियों को सजा दी जाएगी। केस इंचार्ज दीप्ति कुमारी से भी टीम की मुलाकात हुई। महिला संगठनों ने सरकार से मांग किया कि:- महिला को शर्मशार करने के हुजूम में शामिल सभी दोषियों को स्पीडी ट्रायल के तहत सजा दें। पीड़िता को सुरक्षा की गारंटी करें। पूरे बिहार में महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर अविलंब रोक लगनी चहिए।



प्रतिवाद मार्च में शामिल विभिन्न संगठनों से जुड़ी महिलाएं।

### बुद्ध स्मृति पार्क में प्रतिवाद सभा का आयोजन

नालंदा की घटना व पूरे बिहार में महिलाओं - बच्चियों पर बढ़ती हिंसा की घटनाओं के खिलाफ आज बुद्ध स्मृति पार्क में प्रतिवाद सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि पूरे बिहार में अपराधी, बलात्कारी बेलगाम हो गए हैं। कमजोर, अल्पसंख्यक, आदिवासियों पर हमला बढ़ा है।भीड़ बना कर कोर्ट, कचहरी, कानून बननेका चलन चल गया है। एनडीए की सरकार महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा व बेटी, बेटी पढ़ाओ का दावा करती है लेकिन हर दिन कहीं न कहीं महिला उत्पीड़न की बीभत्स घटना सामने आती है। सरकार को महिला उत्पीड़न की घटनाओं के लिए डीएम एसपी को जबाबदेह बनाना चाहिए तभी महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर रोक लगेगी।

प्रतिवाद सभा में भाकपा- माले एम एल सी सह आल इंडिया स्कीम वर्कर्स फेडरेशन की महासचिव शशि यादव, बिहार राज्य विद्यालय रसोइया संघ, ऐक्टू की राज्य महासचिव सरोज चौबे, ऐपवा की राज्य सचिव अनिता सिंहा व नगर सचिव अनुराधा सिंह, ऐडवा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामपरी देवी, राज्य अध्यक्ष बिन्दु कुमारी, सुनीता कुमारी बिहार महिला समाज की जिला सचिव कृष्णा कार्यकारिणी सदस्य रिंकू कुमारी व वीजा देवी, बिहार महिला समाख्या से रत्ना, इबतिदा नेटवर्क बिहार से अख्तरी बेगम, दलित महिला विकास से प्रतिमा, तहरीक- ए- निस्वां से अफ्सां जबीं व नसरीन बानो, तलाश पत्रिका की सम्पादक मीरा दत्त ने भाग लिया। इसके अलावा अनेक गणमान्य लोगों ने प्रतिवाद सभा में शिरकत की।

## ईरान-अमेरिका युद्ध की आड़ में रसोई गैस की कालाबाजारी

**एसपी सिंह**

**सोनपुर।** भारत सरकार से लेकर राज्य सरकार मिडिया के माध्यम रसोई गैस की ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम उपभोक्ताओं उपलब्ध कराई जा रही है। लेकिन शहर से गांव में रसोई गैस एजेंसी संचालक की मनमानी चरम पर है। जिसके कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि रसोई गैस एजेंसी संचालक कैशमेमो तो देते नहीं है, जिससे सही कीमत की उपभोक्ता को जानकारी हो। इन दिनों हजार से पन्द्रह सौ तक की वसुली की चर्चा चौक-चौराहा से लेकर सड़क पर हो रही है। इंडियन आयल और भारत गैस की कई गैस एजेंसी जगह-जगह खुली हुई है। जिलाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारी का दिशा-निर्देश के बावजूद हेरा-फेरी से बाज नहीं आ रहे है। स्थानीय प्रशासन की गैर एजेंसी संचालक के यहां छापामारी करते दिखाई देते नजर आ रहे हैं। इसके बावजूद हेरा-फेरी थमने का नाम नहीं। इस भयानक महायुद्ध में बड़े सैलेंडर से छोटे सिलेंडर में रिफिलिंग का कारोबार में कुछ कमी तो नजर आ रही है। लेकिन चोरी छिपे अधिक कीमत पर बेची जा रही है। बैजलपुर जमनी गांव समाजसेवी धर्मदेव सिंह ने बताया कि फरवरी माह में ऑनलाइन बुकिंग कराया और महिना गुजर गया। लेकिन आज तक गैस नहीं मिला। रसोई गैस भेंडर घर से पांच सौ गज दुरी पर आता है और वही कालाबाजारी में रसोई गैस बेच भाग खड़ा हो रहा । इस घटना की जानकारी इंडियन आयल कम्पनी के अधिकारी को सूचना दी गई तथा इसके बावजूद भी रसोई गैस की आपूर्ति नहीं मिली। रसोई गैस एजेंसी संचालक से लेकर भैंडर अपना मोबाइल फोन बंद रखता है। जिसके कारण उपभोक्ताओं को सही जानकारी नहीं मिल पाती है।

## सोनपुर में नगर मंडल भाजपा ने पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर का किया आयोजन

**सोनपुर (एनएसबी)।** दिन रविवार को सांसद संपर्क केंद्र शिक्षक कॉलोनी सोनपुर में नगर मण्डल भाजपा द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिवीर का आयोजन किया गया। सबसे पहले दीप प्रज्वलित एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं वन्देमातरम से प्रशिक्षण शुभारम्भ किया गया। प्रशिक्षण शिवीर मे पूर्व जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश उपाध्याय जी ने इतिहास विकास, प्रदेश भाजपा नेता अभय कुमार सिंह कार्य प्रद्धति, नरेश सिंह ने वैचारिक अधिष्ठान एवं जिला मंत्री राजीव सिंह ने सरकार की उपलब्धि पर सत्र पर प्रकाश डाला। नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बब्लु ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्वा जीवनी पर चर्चा की।

प्रदेश भाजपा नेता विनोद सिंह सम्राट ने कहा की पंडित दीनदयाल के आदर्शो पर चलकर ही यह पार्टी आगे बढ़ी है।कार्यक्रम का संचालन नगर मण्डल उपाध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन समाजसेवी एवं भाजपा नेता राजीव मुनमुन ने किया। मौके पर समाजसेवी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह टुनटुन, उपाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, राजेश सिंह सोलंकी, सतेन्द्र नारायण सिंह,महेश कुमार, ज्ञानसागर सिंह, कुमार गोपाल सिंह, अरुण कुमार सिंह, दिव्यांशु गौतम, शशिभूषण कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह श्रीमती राणाविमल सिंह, कांति देवी, सुनीता देवी, दुर्गा दास, कृष्णन्दन राम, अनन्त कुमार सिंह, सूर्याप्रकाश सिंह, वीरेन्द्र पासवान, हर्षवर्धन, जयंत कुमार सिंह, राजीव किशोर गौतम, विनोद चौधरी, राकेश




कुमार सिंह, धनंजय सिंह, कुमोद कुमार गुप्ता सहित सैकड़ो कार्यकर्त्ता शांति बनाकर इस प्रशिक्षण मे रहे।

## रक्तदान शिविर में 35 यूनिट रक्त संग्रहित



शिविर में रक्तदान करते समाजसेवी व उपस्थित अन्य।

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, मुजफ्फरपुर नगर शाखा द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का कार्यक्रम 5/4/2026 रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समाज सेवा एवं मानव कल्याण की भावना से आयोजित इस शिविर में सदस्यों एवं समाजबंधुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। शिविर के दौरान लगभग 35 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी सिद्ध होगा।

इस अवसर पर शाखा के अध्यक्ष श्याम सुंदर भरतिया ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे श्रेष्ठ दान है। यह एक ऐसा सेवा कार्य है, जिससे किसी अनजान व्यक्ति को नया जीवन मिल सकता है। समाज के प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने सभी रक्तदाताओं एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की सफलता में विश्वनाथ भरतिया, श्याम सुंदर टिबरेवाल, प्रेम प्रकाश मोदी, संदीप अग्रवाल, प्रकाश केजरीवाल, दीपक भरतिया, रितेश अग्रवाल, विजय शर्मा, श्याम सर्राफ, सौरव केडिया, राजेश जाजोदिया, अमन अग्रवाल, उज्जवल जाजोदिया, सुरेश खेतान, श्रीमती उर्मिला अग्रवाल, श्रीमती नेहा खेतान, सुनील तुलस्यान, श्रीनारायण प्रसाद, कृष्ण कुमार अग्रवाल, हरीश जिंदल, मनोज डागा, प्रमोद सांगनेरिया, सार्थक संघई, प्रकाश तुलस्यान, आदित्य बंका, श्रीमती मंजू अग्रवाल, मौसम पालरीवाल, निशांत केजरीवाल, अंकित तुलस्यान, श्रवण सर्राफ सहित अनेक सदस्यों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। शाखा द्वारा सभी रक्तदाताओं एवं सहयोगकताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य निरंतर आयोजित करने का संकल्प लिया गया।

## मुजफ्फरपुर के तैराक सत्यनारायण प्रसाद को इंग्लिश चैनल पार करने के लिए आमंत्रण

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** शहर के वरिष्ठ तैराक सह जिला तैराकी संघ के अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद को विश्व की प्रतिष्ठित ओपन वॉटर स्विमिंग चुनौती ह्यइंग्लिश चैनलह्न पार करने के लिए यूनाइटेड किंगडम स्थित चैनल स्विमिंग एंड पायलटिंग फेडरेशन (सीएस एंड पीएफ) से आधिकारिक आमंत्रण प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही उन्हें सदस्यता, स्विमिंग स्लॉट की पुष्टि तथा औपचारिक स्वीकृति भी मिल चुकी है।


वरिष्ठ तैराक सह जिला तैराकी संघ के अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद।

**चैनल स्विमिंग एंड पायलटिंग फेडरेशन (यूके) से आया औपचारिक आमंत्रण**

गौरतलब है कि इंग्लिश चैनल (डोवर, इंग्लैंड से फ्रांस तक लगभग 36 किलोमीटर) तैरना विश्व के सबसे कठिन तैराकी अभियानों में से एक माना जाता है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सत्यनारायण प्रसाद का यह अभियान 1 सितंबर 2026 से 15 अक्टूबर 2026 के बीच आवंटित स्लॉट में संपन्न होना प्रस्तावित है। सत्यनारायण प्रसाद बिहार के समर्पित तैराकों में गिने जाते हैं और उन्होंने लगातार राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय लंबी दूरी की तैराकी प्रतियोगिताओं में राज्य का प्रतिनिधित्व किया है। पिछले वर्ष उन्होंने मुर्शिदाबाद की भागीरथी नदी में आयोजित 81 किलोमीटर की अत्यंत चुनौतीपूर्ण तैराकी सफलतापूर्वक पूरी कर अपनी क्षमता का परिचय दिया था। इस अंतरराष्ट्रीय अभियान के लिए पायलट बोट, पंजीकरण शुल्क, सुरक्षा व्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय यात्रा, वीजा, आवास एवं अन्य तकनीकी व्यवस्थाओं सहित लगभग 8 लाख रुपये का खर्च अनुमानित है। इतनी बड़ी राशि जुटाना किसी खिलाड़ी के लिए व्यक्तिगत रूप से कठिन होने के कारण उन्होंने बिहार तैराकी संघ एवं जिला संघ के माध्यम से बिहार सरकार और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण को सहयोग हेतु विस्तृत ज्ञापन सौंपा है। बिहार तैराकी संघ की अध्यक्ष विभा कुमारी, सचिव अखिलेश्वर नाथ तिवारी, वरीय तकनीकी निदेशक रामबिलास पांडेय तथा मुजफ्फरपुर जिला तैराकी संघ के चेयरमैन राजेश कुमार व सचिव कुंदन राज ने विश्वास जताया कि यदि सरकार एवं समाज के विभिन्न स्तरों से अपेक्षित सहयोग मिला, तो सत्यनारायण प्रसाद इंग्लिश चैनल पार कर नया कीर्तिमान स्थापित कर सकते हैं।

### सीतामढ़ी में एलपीजी आपूर्ति सामान्य : डीएसओ

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति को सुचारू, पारदर्शी और उपभोक्ताओं के अनुकूल बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन लगातार सख्त निगरानी कर रहा है। जिलाधिकारी के निर्देश पर अनुमंडल, जिला एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारी नियमित रूप से गैस एजेंसियों और वितरक दुकानों का निरीक्षण कर रहे हैं। प्रशासन द्वारा अनियमितता, कालाबाजारी और उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है, ताकि गैस और उर्वरक की अवैध आवाजाही को रोका जा सके। जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुनील कुमार सिंहा ने बताया कि जिले में एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता है और आपूर्ति की स्थिति पूरी तरह सामान्य है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 14.2 किलो के कुल 19,281 सिलेंडर मौजूद हैं, जिनमें आईओसीएल के 10,692, बीपीसीएल के 5,490 और एचपीसीएल के 3,099 सिलेंडर शामिल हैं।

बाबू जगजीवन राम का जीवन सामाजिक न्याय, समानता और राष्ट्र सेवा का प्रेरणास्त्रोत : राजेश राम

# आज भी सामाजिक न्याय की लड़ाई को दिशा देते हैं 'बाबूजी' के विचार

**पटना (एनएसबी)।** महान स्वतंत्रता सेनानी, कुशल प्रशासक एवं सामाजिक न्याय के अग्रदूत श्रद्धेय बाबू जगजीवन राम जी की 119 वीं जयंती आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम, पटना में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने की।

कार्यक्रम की शुरूआत बाबू जगजीवन राम जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने बाबूजी के आदर्शों और उनके संघर्षमय जीवन को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि बाबू जगजीवन राम का संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा, सामाजिक न्याय और वंचित एवं कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि बाबूजी भारतीय राजनीति के ऐसे महान नेता थे जिन्होंने अपने संघर्ष और दूरदर्शी नेतृत्व के बल पर समाज के पिछड़े और दलित वर्गों को सम्मान और अधिकार दिलाने का कार्य किया।



जगजीवन राम की तस्वीर पर माल्यार्पण करते प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम।

राजेश राम ने कहा कि बाबू जगजीवन राम एक दीर्घकालीन सांसद के रूप में संसद में जनता की आवाज को मजबूती से उठाते रहे। उन्होंने रक्षा मंत्री के रूप में देश की सुरक्षा को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा उप प्रधानमंत्री के रूप में देश के विकास और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने का कार्य किया। उनका जीवन संघर्ष, समर्पण और सेवा का प्रतीक है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा।

उन्होंने कहा कि बाबूजी के विचार आज भी सामाजिक न्याय और समानता की लड़ाई में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। कांग्रेस पार्टी उनके आदर्शों और सिद्धांतों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक न्याय और अवसर पहुँचाने के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी। बाबू जगजीवन राम जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव, ब्रजेश प्रसाद मुनन, असित नाथ तिवारी, अरविन्द लाल रजक, वैद्यनाथ शर्मा, मनोज शर्मा, मंजू राम, पंकज यादव, मृणाल अनामय, अभिषेक कुमार यादव, राजेन्द्र चौधरी, डा0 अमन कुमार, विमलेश तिवारी, नदीम अंसारी, रंजीत कुमार, ममता निषाद, निशांत करपटने, नीतू सिंह निषाद, डा0 अफरोज आलम, संजय कुमार मिश्रा, जितेन्द्रनाथ पटेल, रविन्द्र सिंह चैहान,रीना कुमारी, अखिलेश कुमार पासवान, मेनका कुमारी, शशि भूषण वर्मा, रूमा सिंह सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद थे।